

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस आज



haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

सुमीत बाजार™

खूबसूरती, परंपरा और रॉयल अंदाज़,
सिल्क उत्सव में सब कुछ खास!

Pujo

Silk Utsav

धागे से शुरु होती है, हर बुनाई,
पूजो से शुरु होती है, हर खुशी!

साड़ी, लहंगा
और ड्रेस मटेरियल

सलवार सूट, सूटपीस
एवं वेस्टर्न वियर

मेन्स फेस्टिव कलेक्शन
केजुअल एवं फार्मल वियर

किड्स ब्वॉयज, गर्ल्स
एवं न्यूबोर्न बेबी कलेक्शन

होम डेकोर एवं
हैण्डलूम

लगेज, बैग्स एवं
एसेसरीज

गृह उपयोगी सामान
एक छत के नीचे

फेस्टिवल एवं कार्पोरेट
गिफ्ट्स

नवरात्रि स्पेशल महिलाओं के लिये गरबा ड्रेस चनिया चोली उपलब्ध है

सिल्क साड़ी कलेक्शन

• प्योर सिल्क प्रिंट • गढ़वाल सिल्क • हैण्डलूम सिल्क • मदुराई सिल्क • पट्टू सिल्क • सिल्क एम्ब्रायडरी • तात सिल्क • बंगाली सिल्क • धरमवरम सिल्क • टसर सिल्क
• कांजीवरम सिल्क • बैंगलोर सिल्क • भागलपुरी सिल्क • बनारसी सिल्क • खिचा सिल्क • पैठनी सिल्क • कोसा एवं डिजाइनर साड़ियों का नवीनतम कलेक्शन

छत्तीसगढ़ – रायपुर • बिलासपुर • भिलाई • दुर्ग • राजनांदगांव • डोंगरगढ़ • भाटापारा • सिमगा • बेमेतरा • कवर्धा • आरंग • महासमुंद • सराईपाली
नयापारा राजिम • कांकेर • कोंडागांव • खरोरा • बालोद • धमतरी • बागबाहरा • मध्यप्रदेश – बालाघाट • धामनोद • उड़ीसा – खरियार रोड • नुआपाड़ा

CUSTOMER CARE - 89820 44000
info@sumeetbazaar.com
WWW.SUMEETBAZAAR.COM

FOLLOW US


जीवेत शरदः शतम्
1 अक्टूबर
प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को समृद्ध एवं
सशक्त बनाने वाले मनेन्द्रगढ़ के कर्मठ विधायक
एवं प्रदेश के यशस्वी केबिनेट मंत्री
मान.
श्यामबिहारी
जायसवाल जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...
चंदन अग्रवाल
पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष-राइस मिल एसोसिएशन छत्तीसगढ़
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता
बसंत अग्रवाल
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता
विनीत : प्रदेश भाजपा संगठन के समस्त भाजपा कार्यकर्ता

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने खुलकर शॉट खेले

डाक्टरों की नियुक्ति से लेकर, 6 माह में इलाज करने वाले मरीजों के रिकार्ड की जांच

सबसे तेज वनडे
इंटरनेशनल में डबल सेंचुरी

- 117 गेंद - **शुभमन गिल** वेस्टइंडीज, गुवाहाटी, 2026
- 126 गेंद - **ईशान किशन** बांग्लादेश, चटगांव, 2022
- 128 गेंद - **ग्लेन मैक्सवेल** अफगानिस्तान, वानखेड़े, 2023
- 136 गेंद - **पथुम निसांका** अफगानिस्तान, पल्लेकेले, 2024
- 138 गेंद - **क्रिस गेल** जिम्बाब्वे, कैनबरा, 2015

शुभमन गिल की डबल सेंचुरी, टीम इंडिया का पहली बार 400+ का रन चेज

शुभ-दिन

भारत ने सीरीज में वेस्टइंडीज पर बनाई अजेय बढ़त



शुभमन

- 233* रन
- 133 गेंद
- 8 छक्के
- 26 चौके

रोहित का शतक

- 101 रन
- 6 छक्के
- 75 गेंद
- 10 चौके

सिर्फ साउथ अफ्रीका ने किया था 400+ के टारगेट को चेज

भारत से पहले वनडे क्रिकेट में 400 रन से ज्यादा का टारगेट सिर्फ साउथ अफ्रीका ने चेज किया था। साउथ अफ्रीका ने 2006 में जोहानसबर्ग में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 435 रन का टारगेट हासिल किया था।



एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में भारत ने पहली बार 400 प्लस (406) का रन चेज वनडे क्रिकेट में हासिल किया। मुकाबले को भारतीय टीम ने 8 विकेट से जीता। कप्तान शुभमन गिल ने शानदार डबल सेंचुरी जड़ी। वेस्टइंडीज के अब तक के सबसे बड़े वनडे स्कोर सात विकेट पर 405 रन के जवाब में भारत ने गिल के 133 गेंदों पर नाबाद 233 रन (26 चौके, आठ छक्के) और रोहित के 35वें शतक (75 गेंदों पर 101 रन, 10 चौके, छह छक्के) की बदौलत शानदार जीत दर्ज की। ▶▶|शेष पेज 5 पर

सबसे तेज दोहरा शतक का रिकॉर्ड

शुभमन गिल का 117 गेंदों में दोहरा शतक वनडे क्रिकेट में नया रिकॉर्ड है। इससे पहले यह रिकॉर्ड ईशान किशन के नाम था, जिन्होंने 10 दिसंबर 2022 को बांग्लादेश के खिलाफ चटगांव में 126 गेंदों में 200 रन पूरे किए थे। गिल ने इस रिकॉर्ड को नौ गेंदों के अंतर से पीछे छोड़ दिया।



वेस्टइंडीज की पारी में लगे 3 शतक

वेस्टइंडीज टीम ने भारत के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में 405/7 स्कोर बनाया। इसमें जॉन कैंपबेल (101), शाई होप (104) और आमिर जांगू (114) ने शतक लगाए। इसके साथ ही वनडे क्रिकेट के इतिहास में वेस्टइंडीज ने पहली बार 400 रन का आंकड़ा छूआ है। वेस्टइंडीज ने वनडे क्रिकेट में अपना अब तक का सर्वोच्च स्कोर दर्ज किया।

ग्रामीण इलाकों से ढो रहे मरीज

हाथ-पांव में दर्द वाले को भर्ती कर 9 दिन इलाज, आयुष्मान से दो अस्पताल आउट, 17 पर छापे

आयुष्मान योजना का मुनाफा कमाने निजी अस्पताल ग्रामीण इलाकों से अच्छे इलाज का बहाना कर मरीज ढो रहे हैं। ऐसी शिकायतें अरसे से आती रही हैं। यह भी पता चला है कि हाथ-पांव में दर्द जैसी मामूली शिकायत पर भी हफ्ते-दस दिन भर्ती कर आयुष्मान कार्ड खाली किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऐसी ही शिकायतों की पुष्टि होने पर राजधानी के मेडिलाइफ और लोट्स हास्पिटल को योजना से सस्पेंड कर दिया गया है। इसके बाद फर्जीवाड़ा को रोकने राजधानी समेत प्रदेश के 17 अस्पतालों में जांच की जा रही। जांच के दायरे में डाक्टरों की नियुक्ति और पिछले 6 माह में हितग्राहियों के इलाज का लेखा-जोखा तलाशा जा रहा है। आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में इलाज के नाम पर निजी अस्पतालों में गड़बड़ियां रुक नहीं रही है। ऐसी ही शिकायत पर राजधानी के दो बड़े अस्पतालों को योजना से बाहर कर दिया गया है। इन अस्पतालों में ग्रामीण इलाकों से एजेंट के माध्यम से मरीज लाने और मामूली शिकायतों पर गंभीर स्थिति बताकर इलाज जैसी शिकायतें सामने आ रही हैं। राजधानी रायपुर के मेडिलाइफ सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल तथा लोट्स हास्पिटल एंड एडवांस यूरोलॉजी सेंटर को इसी तरह की गड़बड़ी के कारण योजना से ▶▶|शेष पेज 5 पर

खास खबर



- **रायपुर**:- श्री रावतपुरा सरकार हास्पिटल, श्री अनंत साईं हास्पिटल, श्री महावीर हास्पिटल, श्रीनिवास हास्पिटल, एसके केयर हास्पिटल, विजन सेंटर आई हास्पिटल, वरदान हास्पिटल,
- **बस्तर**:- एससीए हास्पिटल,
- **बिलासपुर**:- अशोक प्रसुति मंदिर, केयर एन केयर मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल, मेहता चिल्ड्रन नर्सिंग होम
- **दुर्ग**:- श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, पल्स हास्पिटल
- **कोरबा**:- हरिकृष्णा केयर हास्पिटल,
- **सरगुजा**:- डीएचटी केयर हास्पिटल

विभाग द्वारा सतत निगरानी

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देशानुसार, स्वास्थ्य विभाग के



अधिकारियों द्वारा आयुष्मान योजना के अंतर्गत अस्पतालों में उपचार तथा दावों की प्रक्रिया की सतत जांच एवं निगरानी की जा रही है। इसका उद्देश्य आयुष्मान योजना के पात्र हितग्राहियों ▶▶|शेष पेज 5 पर

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹112009/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹136800/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹149330/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
ANAND Jewels Pandri, Raipur

pfrda

nps national pension system #Zaruri Hai

कल, आपका एक रूप ऐसा भी होगा,
जिसकी सुबह पूरी तरह बेफ़िक्र होगी।



जिसके पास होगा ज़्यादा वक़्त
और होगी पूरी आज़ादी

अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें

सँवारिए ऐसा कल, जहाँ आप हर पल जिएँ अपनी शर्तों पर।

NPS के साथ आज ही करें शुरू रिटायरमेंट की प्लानिंग।

कल से आंदोलन, 6 को निर्वाचन आयोग तक मार्च

'वोट चोरी' के खिलाफ 'इंडिया' चलाएगा राष्ट्रव्यापी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन ने बुधवार को 'वोट चोरी' और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़ी कथित अनियमितताओं के खिलाफ एकजुट होने का संकल्प लेते हुए 2 अक्टूबर से देशव्यापी अभियान चलाने तथा 6 अक्टूबर को निर्वाचन आयोग के मुख्यालय तक विपक्षी सांसदों का मार्च निकालने का फैसला किया। गठबंधन ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की जगह मतपत्रों से चुनाव कराने की मांग की। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को 'चोर और डाकू' बताते हुए उनके इस्तीफे की मांग की, जबकि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि इस गठबंधन के नेताओं की 'निजी प्रतिबद्धता' है कि लोकतंत्र को नष्ट करने वालों को सजा जरूर मिले। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) की इस बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और के. सी. वेणुगोपाल के अलावा 'ममता अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस' की ममता बनर्जी सहित विभिन्न विपक्षी दलों के नेता शामिल हुए। बैठक में विपक्ष के दो प्रमुख दल आम आदमी पार्टी और द्रमुक शामिल नहीं हुए। हालांकि, उनका कहना है कि वे इस गठबंधन का हिस्सा नहीं होने के बावजूद इस मामले में वैचारिक रूप से साथ हैं।



19 दलों के नेता जुटे

गठबंधन के 19 घटक दलों के नेताओं ने तीन घंटे से अधिक समय तक मंथन के बाद छह-सूत्री साझा कार्ययोजना पर सहमति जताई। आगामी दो से आठ अक्टूबर तक जिला स्तर पर 'लोकतंत्र बचाओ' मार्च निकाले जाएंगे। इसके साथ ही छह अक्टूबर को विपक्षी सांसद निर्वाचन आयोग तक मार्च करेंगे।

ज्ञानेश को आजीवन इम्युनिटी क्यों : राहुल

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को कानून के तहत मिले संरक्षण को लेकर सवाल उठाए हैं। राहुल ने बुधवार को पूछा कि ज्ञानेश कुमार को 'आजीवन इम्युनिटी' क्यों दी गई है? राहुल गांधी ने खुद ही इस सवाल का जवाब देने की कोशिश की है। राहुल ने बैठक के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सीईसी ज्ञानेश कुमार ही ऐसे एकमात्र भारतीय क्यों हैं जिन्हें आजीवन पूर्ण कानूनी सुरक्षा मिली हुई है?

राष्ट्रपति से मिलेंगे, जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

विपक्षी नेता अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में राष्ट्रपति से मुलाकात के लिए समय मांगेंगे। विपक्षी दलों की ओर से पांच बड़ी रैलियां आयोजित की जाएंगी और एक नवंबर को दिल्ली में विशाल रैली भी आयोजित होगी। विपक्षी नेताओं ने उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया कि वह एसआईआर और चुनाव संबंधी सभी लंबित मामलों का जल्द निपटारा करे।

टूट रहा 'इंडिया' गठबंधनः चौहान

भाजपा ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' बिखर रहा है। अखिलेश यादव एवं अन्य नेताओं के गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं होने के बाद उसके नेताओं ने राहुल गांधी के नेतृत्व को खारिज कर दिया है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया, इंडिया गठबंधन को अलग रखिए; यहां तक कि कांग्रेस के नेता और पार्टी सदस्य भी राहुल गांधी को अपना नेता स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। राहुल खुद, कांग्रेस कार्य समिति की बैठकों के दौरान, बार-बार गुहार लगाते हैं: मुझे अपना नेता स्वीकार करें, मुझ पर भरोसा करें'। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं को लेकर संयुक्त आंदोलन की कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के नेताओं की यहां हुई बैठक के बाद चौहान की यह टिप्पणी आई।



खबर संक्षेप

शराब घोटाले वाले नशामुक्ति नहीं कर सकते : शाह

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को जालंधर में कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब को चिट्टे (नशे) में धकेल दिया है। 2027 का चुनाव भाजपा नशामुक्त पंजाब के नाम पर लड़ेगी। मैं पंजाब के युवाओं को वादा करके जाता हूं कि भाजपा को वोट करें। हम 31 दिसंबर 2029 से पहले पंजाब को नशा मुक्त कर देंगे। उन्होंने रैली में कहा- भगवंत मान ने नशे के व्यापार को और बढ़ाया है। नशे में गुरु का अपमान करने वाला नशामुक्ति नहीं कर सकता। जो दिल्ली में शराब बेचने के घोटाले में पकड़े गए हों, वे पंजाब को नशामुक्त कैसे करेंगे?



नंदीग्राम उपचुनावः कांग्रेस प्रत्याशी जेल से रिहा

कोलकाता। नंदीग्राम उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मिलन प्रधान बुधवार को जेल से रिहा हो गए। कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को 2007 में दर्ज छह आपराधिक मामलों में उन्हें अंतरिम जमानत दी थी। हल्दिया जेल के बाहर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जेल से बाहर आने के बाद प्रधान ने कहा कि वह नंदीग्राम उपचुनाव के लिए आज से ही प्रचार शुरू करेंगे। उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'मैं आज से ही प्रचार शुरू करूंगा। अब ज्यादा समय नहीं बचा है।



विवाद के बाद चुनाव आयोग का बड़ा ऐलान

फॉर्म-6 पर बड़ा फैसला, नए वोटरों को नहीं देनी होगी अतिरिक्त जानकारी

निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पूरी कर चुके राज्यों में ऑनलाइन मतदाता नामांकन फॉर्म-6 से एसआईआर से जुड़ी अतिरिक्त घोषणा को हटा दिया है। यह फैसला आयोग की उस बैठक के कुछ दिनों बाद लिया गया जिसमें तय किया गया था कि यह शर्त केवल एसआईआर प्रक्रिया के दौरान ही लागू रहेगी। इस घोषणा के तहत नए आवेदकों को यह विवरण देना अनिवार्य होता है कि वे या उनके माता-पिता या दादा-दादी पहले के किसी गहन पुनरीक्षण के दौरान तैयार मतदाता सूचियों से जुड़े थे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यह घोषणा उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ईसीआईनेट पोर्टल पर अब भी उपलब्ध है जहां एसआईआर प्रक्रिया जारी है। जिन राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है वहां ईसीआईनेट ऐप और पोर्टल के साथ-साथ संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पोर्टल से भी अतिरिक्त घोषणा वाला हिस्सा हटा दिया गया है। अब नामांकन चाहने वाले आवेदकों को केवल 'मतदाता पंजीकरण नियम, 1960' के तहत निर्धारित वैधानिक 'फॉर्म 6' ही भरना होगा। यह कदम मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू एवं विवेक जोशी की सदस्यता वाले पूर्ण आयोग की 26 सितंबर की बैठक के बाद उठाया गया है। बैठक के बाद निर्वाचन आयोग ने कहा था कि फॉर्म-6 के साथ जोड़ी गई घोषणा एसआईआर के लिए थी और 'गैर-एसआईआर अवधि में नियमों (निर्वाचन पंजीकरण नियम, 1960) के अनुसार लागू फॉर्म का इस्तेमाल किया जाएगा।'



खास बातें

- आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया पूरी कर चुके राज्यों में फॉर्म-6 से हटाई घोषणा
- दो निर्वाचन आयुक्त के आपत्ति उठाने के बाद मामला हो गया था विवादित

ऐसे हुआ मामला विवादित

फॉर्म-6 में बदलाव से जुड़ा मुद्दा उस समय विवाद का विषय बन गया था जब यह सामने आया कि संधू और जोशी ने इसमें किए गए बदलावों पर आपत्ति जताई थी। फॉर्म-6 पात्र नागरिकों द्वारा मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला वैधानिक फॉर्म है और जोशी ने इसमें बदलाव पर यह कहते हुए आपत्ति जताई थी कि निर्वाचन पंजीकरण नियम, 1960 के तहत निर्धारित फॉर्म में नियमों में संशोधन किए बिना बदलाव नहीं किया जा सकता। संधू ने भी इस पर सहमति जताई थी। ईसीआईनेट पर ऑनलाइन फॉर्म-6 प्रक्रिया में एसआईआर से जुड़ी घोषणा जोड़े जाने के बाद संधू ने फिर आपत्ति जताई थी और इसे 'अनधिकृत/अवैध' बताते हुए इसे हटाने की मांग की थी।

आयोग के सार्वजनिक बयान

हालांकि, निर्वाचन आयोग ने अपने सार्वजनिक बयानों में कहा है कि फॉर्म-6 में कोई संशोधन नहीं किया गया था और यह घोषणा एसआईआर से संबंधित अतिरिक्त आवश्यकता थी। आयोग ने यह भी कहा कि बिहार में एसआईआर से जुड़े अपने फैसले में उच्चतम न्यायालय ने इस घोषणा को बरकरार रखा था। इस संबंध में 26 सितंबर को आयोग का फैसला आया। आयोग का यह फैसला ऐसे समय में आया है जब अंग्रेजी दैनिक 'इंडियन एक्सप्रेस' में यह खबर आई कि निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने 10 महीने की अवधि में कम से कम 14 मौकों पर फैसलों और आदेशों पर आपत्तियां दर्ज कराई थीं। उनका कहना था कि इनमें से कुछ फैसले उनकी जानकारी के बिना लिए गए थे। हालांकि, आयोग ने 26 सितंबर के अपने बयान में कहा था कि एसआईआर से जुड़े आदेशों को तीनों निर्वाचन आयुक्तों की सर्वसम्मत मंजूरी प्राप्त थी।

रिटायर्ड आईएएस की गला रेतकर निर्मम हत्या फरार नौकर पर संदेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित सूरज नगर पनघट कॉलोनी के पीछे फार्म हाउस में सेवानिवृत्त आईएएस राकेश अग्रवाल की गला रेतकर हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हत्या के बाद से घर का नौकर फरार है। लिहाजा पुलिस उसकी संदेह के आधार पर तलाश कर रही है।



घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पता चला कि फार्म हाउस की अलमारियों और कबर्ड के लॉकर खुले हुए थे। अनुमान है कि नौकर ने ही लूटपाट की नियत से राकेश अग्रवाल की हत्या की और फार्म हाउस के दरवाजे बाहर से बंद कर निकल गया। पुलिस के अनुसार 72 साल के राकेश अग्रवाल 1982 बैच के आईएएस थे। वह सूरज नगर पनघट कॉलोनी के पीछे फार्म हाउस में पत्नी के साथ रहते थे। परिवार में पत्नी के अलावा बेटा है और वह यूएस में रहता है। कुछ दिन कुछ दिन पहले राकेश अग्रवाल की कमर में तकलीफ हुई थी। उन्होंने इलाज कराया और घर लौट आए। उन्हें घर में काम करने के लिए इमानदार नौकर की तलाश थी। लिहाजा उन्होंने बागसेवनिया की एजेंसी के मदद से चार दिन पहले ही पंजाब निवासी वरुण कुमार को नौकर को रखा था।

गैस का वॉल खोलाः सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची रातीबड़ पुलिस की टीम ने एफएसएल की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। पूछताछ में पता चला कि घटना के बाद से फार्म हाउस में काम करने वाला नौकर वरुण कुमार फरार है। अग्रवाल की मृत्यु पर मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने शोक व्यक्त किया है।

सर्वेंट क्वार्टर में रहता है एक अन्य नौकर

बुधवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे राकेश अग्रवाल की पत्नी की नींद खुली और वह मॉर्निंग वॉक पर जाने के लिए तैयार हुई। उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। उन्होंने सर्वेंट क्वार्टर में रहने वाले नौकर अमर को कॉल कर बुलाया। अमर ने फार्म हाउस के दरवाजे खोले और अंदर पहुंचा। उसने अग्रवाल की पत्नी के कमरे का दरवाजा खोला। राकेश अग्रवाल भी प्रतिदिन मॉर्निंग वॉक पर जाते थे। उनकी पत्नी को लगा कि गलती से राकेश अग्रवाल दरवाजा बंद कर चले गए होंगे। उन्होंने अमर से पूछा कि साहब मॉर्निंग वॉक पर निकल गए क्या? इसके बाद वह राकेश अग्रवाल के कमरे में पहुंची थी। उनके कमरे का दरवाजा भी बाहर से बंद था। उन्होंने दरवाजा खोला तो होश उड़ गए।

आसाराम को झटका, बीमार पत्नी को देखने जमानत नहीं

जोधपुर। राजस्थान के जोधपुर में एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को गुजरात हाईकोर्ट से झटका लगा है। दरअसल, हाईकोर्ट ने आसाराम की 20 दिन की अस्थायी जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। आसाराम ने मानवीय आधार पर बीमार पत्नी को देखने के लिए राहत मांगी थी, लेकिन उन्हें यह राहत नहीं मिली है। जस्टिस गीता गोपी और जस्टिस एलएस पीरजादा की डिवीजन बेंच ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है। आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

एआई पर नैतिक लगाम लगाने पर बनी सहमति बदला गया नाम भी



व्हाइट हाउस में ट्रंप से मिले पिचई सहित टेक दिग्गज

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में दुनिया की बड़ी टेक और एआई कंपनियों के प्रमुखों के साथ बैठक की। इसमें ओपनएआई, एंथ्रोपिक, एनवीडिया, स्पेसएक्स, मेटा और गूगल जैसी कंपनियों के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। ट्रंप ने इसे अमेरिका के टेक्नोलॉजी सेक्टर के लिए एक खास बैठक बताया। इस अहम बैठक में एक्स से एलन मस्क, मेटा से मार्क जुकरबर्ग, एनवीडिया से जेन्सेन हुआंग, एंथ्रोपिक से डारियो अमोदेई, गूगल से सुंदर पिचाई और ओपनएआई के प्रेसिडेंट ग्रेग ब्रॉकमैन शामिल थे। बैठक में अमेजन के जेफ बेजोस और पालांटिर के एलेक्स कार्प भी मौजूद थे। वहीं, मीटिंग की अध्यक्षता में डोनाल्ड ट्रंप के साथ अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और हाउस स्पीकर माइक जॉनसन भी शामिल थे।

व्हाइट हाउस अकॉर्ड पर लगी मुहर

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य एआई के संभावित खतरों को देखते हुए इसकी सुरक्षा, विश्वसनीयता और जवाबदेही तय करना था। हाल के दिनों में एडवांस एआई मॉडल्स के बेकाबू होने और इंसानी नियंत्रण से बाहर जाने की बढ़ती चिंताओं को देखते हुए, सरकार और टेक लीडर्स ने यह महसूस किया कि इस तकनीक पर एक नैतिक लगाम कसना बेहद जरूरी है। इस मीटिंग में 'व्हाइट हाउस अकॉर्ड' पर मुहर लगाई गई, जिसके तहत कंपनियों ने एआई से साइबर हमलों, जैविक हथियार के खतरों और अनधिकृत हैकिंग जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए कड़े सुरक्षा घेरे बनाने और स्वतंत्र ऑडिटिंग की जिम्मेदारी खुद ली।

एआई का नाम अब 'सुपर इंटेलिजेंस'

ट्रंप प्रशासन ने एआई की शब्दावली में भी बदलाव किया है। मंगलवार को ही ट्रंप ने एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर भी हस्ताक्षर किए। इस आदेश के तहत अब सभी अमेरिकी सरकारी विभागों और एजेंसियों को 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की जगह 'एसआई' या 'सुपर इंटेलिजेंस' शब्द का इस्तेमाल करना होगा। आधिकारिक पत्राचार, वेबसाइट्स और रिपोर्ट्स में अब एआई की जगह एसआई का उपयोग किया जाएगा।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ
अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425
डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज
उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130
सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

रायपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026 | आश्विन कृष्ण पक्ष पंचमी | वर्ष : 25, अंक : 72 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



भारत का गोल्डन डे : एक दिन में 4 गोल्ड से मचा धमाल, तीरंदाजी में गोल्डन हैट्रिक

एजेंसी ▶▶ नागोया

एशियन गेम्स 2026 में बुधवार का दिन भारत के लिए बेहद खास रहा। भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक ही दिन में 4 गोल्ड मेडल अपने नाम किए। तीरंदाजी में भारत ने लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड की हैट्रिक पूरी की, जबकि शूटिंग में भी भारत ने ▶▶शेष पेज 5 पर

बॉक्सिंग-कुश्ती में मिला ब्रॉन्ज

प्रिया घंघास (महिलाओं का 60 किग्रा) और कपिल पोखरिया (पुरुषों का 90 किग्रा) को आइची के निशियो जिमनेजियम में मंगलवार को अपने-अपने बॉक्सिंग सेमीफाइनल में हार मिली और उन्हें एशियन गेम्स 2026 में ब्रॉन्ज मेडल से ही संतोष करना पड़ा।

भारत का मेडल टैली में भी बड़ा उछाल

30 सितंबर को 4 गोल्ड और 3 ब्रॉन्ज मेडल मिलने के बाद भारत की कुल पदक संख्या 60 हो गई है। भारत के खाते में अब 10 गोल्ड, 21 सिल्वर और 29 ब्रॉन्ज हैं। एशियन गेम्स के इस दिन भारत ने शूटिंग में अपने दबदबे की मजबूत तस्वीर भी पेश की।

शूटिंग में भी सोने पर निशाना

शूटिंग में नीरू ढांडा और कायनन चेनाई की भारतीय जोड़ी ने मिक्स्ड ट्रैप टीम इवेंट में गोल्ड मेडल जीतकर दिन का चौथा गोल्ड भारत की झोली में डाल दिया। दोनों ने 34 अंक हासिल किए, जो एशियन गेम्स का नया रिकॉर्ड भी रहा।



भारत के 10 गोल्ड मेडल का सफर

- **पहला गोल्ड :** 22 सितंबर को हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में श्रीलंका को हराकर भारत का खाता खोला
- **दूसरा गोल्ड :** 25 सितंबर को कमलजीत और सुरुचि सिंह की जोड़ी ने मिक्स्ड 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता
- **तीसरा गोल्ड :** 26 सितंबर को भारतीय महिला कबड्डी टीम ने ईरान को हराकर गोल्ड अपने नाम किया
- **चौथा गोल्ड :** उसी दिन भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने भी फाइनल में ईरान को मात देकर स्वर्ण पदक जीता
- **पांचवां गोल्ड :** 29 सितंबर को नीरू ढांडा ने महिला ट्रैप स्पर्धा में गोल्ड जीता. यह भारत का इस एशियन गेम्स में पहला व्यक्तिगत स्वर्ण था
- **छठा गोल्ड :** किरण पहल, पूवम्मा मचेतिरा, प्राची चौधरी और विथ्या रामराज की चौकड़ी ने 29 सितंबर को महिलाओं की 4×400 मीटर रिले में भारत को स्वर्ण दिलाया
- **सातवां गोल्ड :** 30 सितंबर को चिखिता तनिपर्थी, ज्योति सुरेखा वेन्नम और पृथिका प्रदीप की तिकड़ी ने महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा में गोल्ड जीतकर भारत का तीरंदाजी में खाता खोला
- **आठवां गोल्ड :** चिकिता तनिपार्थी और साहिल यादव ने 30 सितंबर को मिक्स्ड कंपाउंड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को आठवां गोल्ड दिलाया.
- **नौवां गोल्ड :** कायनन चेनाई और नीरू ढांडा की जोड़ी ने मिक्स्ड ट्रैप टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 30 सितंबर को भारत के खाते में नौवां स्वर्ण जोड़ा.
- **दसवां गोल्ड :** कुशल दलाल, साहिल जाधव और गणेश मणि रत्नम थिरुमुरु की तिकड़ी ने पुरुष कंपाउंड टीम स्पर्धा में गोल्ड जीतकर भारत को 10वां स्वर्ण पदक दिलाया

आसमान में लड़ाई, 180 यात्री थे सवार

एक पायलट ने दूसरे को चाकू घोंपा हाईजेक की आशंका से मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

संयुक्त अरब अमीरात के दुबई से इजराइल आ रहे एक वाणिज्यिक विमान को बुधवार को सऊदी अरब में आपात स्थिति में उतारना पड़ा, जिससे कुछ समय के लिए विमान के अपहरण की आशंका पैदा हो गई और इजराइल को अपने लड़ाकू विमान भेजने पड़े। इजराइली मीडिया ने सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह घटना विमान के दोनों पायलटों के बीच विवाद के कारण हुई। विमान में सवार सभी लोग सुरक्षित थे। विमान सऊदी अरब के तबूक में उतरा, जहां नागरिक और सैन्य हवाई अड्डा है।

'फ्लाईदुबई' के विमान ने उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद आपात स्थिति का संकेत भेजा था। यह जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध उड़ान निगरानी संबंधी आंकड़ों से मिली। दुबई से उड़ान भरने के लगभग ढाई घंटे बाद यह विमान एक ही मिनट के भीतर 33,000 फीट की ऊंचाई से तेजी से नीचे आकर 17,000 फीट पर पहुंच गया। उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'फ्लाइटराडार24' के अनुसार, इसके बाद विमान ने जॉर्डन की सीमा के पास अजीब तरीके से चक्कर लगाया और आखिर में करीब एक घंटे बाद सऊदी अरब के तबूक शहर में उतरा। घटना की जानकारी रखने ▶▶शेष पेज 5 पर

दुबई से तेल अवीव जा रहे फ्लाईदुबई विमान के इमरजेंसी सिग्नल ने दुनियाभर में हलचल मचा दी। कुछ समय के लिए विमान हाईजैक की आशंका पैदा हो गई थी। आनन-फानन में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इमरजेंसी मीटिंग की। बताया जा रहा है कि कॉकपिट में पायलटों के बीच कथित हिंसक झड़प हो गई। ऐसे में भारतीय कप्तान ने मोर्चा संभाला और सऊदी अरब के तबुक एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग कराई।

- ओमानी को-पायलट पर विमान क्रैश करने की कोशिश का आरोप
- कॉकपिट में चीखें सुनकर यात्री पहुंचे, चाकू और खून देखकर हड़कंप
- यात्री कॉकपिट में पहुंचे और कथित हमलावर को-पायलट को पकड़ने में की मदद

1 मिनट में 33000 फीट की ऊंचाई से 17000 फीट पर आया विमान



हीरो बने भारतीय पायलट स्मित

दुबई से इजरायल जा रहे फ्लाइट के कैप्टन की पहचान हो गई है। इस विमान को उड़ा रहे कैप्टन का नाम स्मित मछार है। स्मित भारत के नागरिक हैं और गुजरात के रहने वाले हैं। स्मित को उनके सह पायलट ने चाकू मारकर कर प्लेन को अपने कब्जे में लेने की कोशिश की है, लेकिन स्मित ने उसके इरादे को नाकाम कर दिया।

चीखें सुनकर कॉकपिट की ओर दौड़े यात्री

रिपोर्ट के मुताबिक, यात्रियों ने कॉकपिट में चीखें सुनी थीं। कुछ लोगों ने कॉकपिट का दरवाजा खोला तो वहां खून दिखाई दिया। एक यात्री ने बताया कि एक हमलावर के हाथ में चाकू था और उसने एक पायलट पर हमला किया था। इसके बाद कई यात्री कॉकपिट में पहुंचे और कथित हमलावर को पकड़ने में मदद की। चीखें सुनने के बाद विमान में मौजूद एक राहत पायलट को भी कॉकपिट में बुलाया गया।

विमान में मौजूद थे 180 यात्री

विमान एफजेड-1073 में 180 यात्री सवार थे। विमान ने सऊदी अरब के ऊपर उड़ान भरते समय पहले 'स्क्वाक कोड 7700' (एक अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन सिग्नल) भेजा। फिर कुछ समय के लिए 'कोड 7500' भेजा, जो अपहरण या गैर-कानूनी दखल का संकेत देता है। इसी के बाद दुनियाभर में हलचल मच गई।

संभवतः विमान गिराने की कोशिश



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को कहा कि सऊदी अरब में 'फ्लाईदुबई' उड़ान के उस पायलट को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसने दूसरे पायलट पर चाकू से हमला किया। उन्होंने ऐसा लगता है कि उसने इजराइली यात्रियों से भरे विमान को गिराने की कोशिश की। नेतन्याहू ने कहा कि उड़ान में मौजूद यात्रियों और चालक दल के सदस्यों ने हमलावर को काबू में कर लिया, जिससे एक 'बड़ी त्रासदी' टल गई। उन्होंने बुधवार को अपने बयान में कहा, ''मैं उन नायकों को सलाम करता हूं, जिन्होंने असाधारण सूझ-बूझ और साहस का परिचय दिया। संयुक्त अरब अमीरात से इजराइल जा रही वाणिज्यिक उड़ान में हुई घटना के चलते विमान को सऊदी अरब में आपात स्थिति में उतरना पड़ा।

धान शार्टेज, खरीदी में गड़बड़ी...

इस सीजन निपट गए 38 कर्मी इनमें 31 सस्पेंड, एक बर्खास्त

धान खरीदी केंद्रों में संग्रहित धान के लिए कोई भी सूखत मात्रा मान्य नहीं की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



खास खबर

छत्तीसगढ़ में इस सीजन समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अनियमितता, सूखत का बड़ा खेल फिर सामने आया है। थोक में सोसाइटियों में गड़बड़ी के मामले आए हैं। नोटिस, जांच, भौतिक सत्यापन के बाद समिति प्रबंधकों और धान खरीदी से जुड़े 38 कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है। इनमें 31 कर्मचारियों को सस्पेंड किया गया है, एक को बर्खास्त कर दिया गया। इतना ही नहीं, तीन ▶▶शेष पेज 5 पर

नियमों में 'शून्य सूखत' का प्रावधान

छत्तीसगढ़ शासन की धान खरीदी नीति के अनुसार, समितियों को शून्य सूखत आने पर 5 प्रति क्विंटल के मान से प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। यदि समय पर धान का उठाव न होने के कारण धान सूखता है, तो मिलर्स या मार्कफेड को धान सौंपते समय होने वाली कमी की भरपाई का दबाव समिति प्रबंधकों पर रहता है।

सूखत का फंडा

छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान धान खरीदी नीति के आधिकारिक नियमों के तहत धान खरीदी केंद्रों में संग्रहित धान के लिए कोई भी सूखत मात्रा मान्य नहीं की गई है। शासन के कड़े नियमों के अनुसार, धान में कमी या सूखत आने पर इसकी पूरी जिम्मेदारी समितियों और उनके प्रबंधकों की होगी। हालांकि, धान खरीदी में सूखत के कारण विशेष रूप से कितने समिति प्रबंधकों से कुल कितनी वसूली की गई है, इसका कोई जानकारी नहीं आई है।



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

नीला ड्रम हत्याकांड में मुस्कान-साहिल दोषी

मेरठ। मेरठ में हत्या के बाद शव के टुकड़े कर नीले ड्रम में ठिकाने लगाने के मामले में जिला अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया। सजा का ऐलान अगली सुनवाई पर किया जाएगा। अदालत ने सौरभ राजपूत हत्याकांड मामले में आरोपी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल को हत्या और सुबूत मिटाने का दोषी करार दिया है।

मोबाइल रिटेलर्स 'नो यूपीआई डे' से हटे

नई दिल्ली। ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन और अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्पाद वितरक महासंघ समेत अन्य संगठनों ने दो अक्टूबर को प्रस्तावित 'नो यूपीआई डे' में शामिल नहीं होने की घोषणा की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात करने के बाद संगठनों ने यह निर्णय लिया।

गेहूं का समर्थन मूल्य 25 रुपए बढ़ाया

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को रबी विपणन वर्ष 2027-28 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 25 रुपए बढ़ाकर 2,610 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया। इसके साथ ही पांच अन्य प्रमुख रबी फसलों के एमएसपी में 83 रुपये से लेकर 675 रुपए प्रति क्विंटल तक की बढ़ोतरी की गई।

अतिथि व्याख्याता बनने समान अंक वाले दो अभ्यर्थी हो तो छत्तीसगढ़िया को ही मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य की अतिथि व्याख्याता नीति में बदलाव को मंजूरी दी गई है। खास बात ये है कि मेरिट सूची में एक ही श्रेणी के दो अभ्यर्थियों के अंक समान होने की स्थिति में छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी। साथ ही, अनुभव के लिए निर्धारित अधिकतम 30 अंकों के अंतर्गत अब शासकीय ▶▶शेष पेज 5 पर

नीति में बदलाव, मंत्रिपरिषद में मिली मंजूरी, पूर्व अग्निवीर सैनिक भर्ती नियम 2026 बनाया



छत्तीसगढ़ लोक सेवा पूर्व अग्निवीर सैनिक भर्ती नियम बना

मंत्रिपरिषद द्वारा पूर्व अग्निवीर सैनिकों को राज्य की सिविल सेवाओं के तृतीय श्रेणी पदों में 10 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान पहले ही किया जा चुका है। इसके तहत पुलिस विभाग में आरक्षक, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में वनरक्षक तथा जेल विभाग में जेल प्रहरी के ▶▶शेष पेज 5 पर

25 साल में चौथी बार सबसे कम हुई बारिश

नई दिल्ली। देश में इस मानसून सीजन (जून-सितंबर) में दीर्घ अवधि औसत (एलपीए) की 87.4 प्रतिशत बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि मानसून सीजन में सामान्य बारिश 868.6 मिमी होती है, जबकि इस साल देश में 759.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कहा कि इस मानसून सीजन के दौरान देश में हुई बारिश वर्ष 2001 के बाद से चौथी सबसे कम है। एलपीए (दीर्घ अवधि औसत) किसी क्षेत्र में किसी महीने या मौसम के दौरान होने वाली बारिश का 30 से 50 वर्षों के लंबे समय के आंकड़ों के आधार पर निकाला गया औसत होता है।

आज से एलपीजी से रेलवे टिकट तक बदलाव

केवाईसी नहीं तो नहीं मिलेगी गैस सब्सिडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अक्टूबर से कई नियमों में बदलाव हो गया। इसमें एसबीआई एटीएम की नई लिमिट, एलपीजी के लिए आधार ऑथेंटिकेशन, एनपीएस और यूपीआई नियमों में बदलाव अहम हैं। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज ने असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए टैक्स ऑडिट नियमों के दायरे में आने वाले टैक्सपेयर्स की डेडलाइन भी बढ़ा दी है। टैक्स ऑडिट रिपोर्ट फाइल करने की डेडलाइन 30 सितंबर से बढ़ाकर 21 अक्टूबर कर दी गई है, जबकि इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की डेडलाइन 31 ▶▶शेष पेज 5 पर



एलपीजी पर नया नियम

1 अक्टूबर से घरेलू एलपीजी ग्राहकों को सब्सिडी के साथ तय रिटेल सेलिंग प्राइस पर रिफिल बुक करने के लिए बायोमेट्रिक आधार ऑथेंटिकेशन पूरा करना होगा। जो ग्राहक यह प्रोसेस पूरा नहीं करते, वे भी एलपीजी ले सकते हैं, लेकिन उन्हें बिना सब्सिडी के लागू मार्केट प्राइज पर एलपीजी मिलेगी (यह ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के नियमों के अधीन होगा)।

एसबीआई ने बदले रूल

भारत का सबसे बड़ा बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सैलरी पैकेज अकाउंट होल्डर्स के लिए दूसरे बैंकों के एटीएम पर मुफ्त मासिक ट्रांजैक्शन की संख्या 10 से घटाकर पांच कर देगा। इस लिमिट में फाइनेंशियल और नॉन-फाइनेंशियल, दोनों तरह के ट्रांजैक्शन शामिल होंगे।

प्रॉपर्टी खरीदने के बदले नियम

1 अक्टूबर से, नॉन-रेजिडेंट सेलर से प्रॉपर्टी खरीदने वाले रेजिडेंट व्यक्तियों और हिंदू अनडिवाइडेड फैमिलीज को लागू टीडीएस नियमों के पालन के लिए अलग टेन की जरूरत नहीं होगी और पैन से काम चलेगा।

एफडी और एनपीएस

एनपीएस 'पॉइंट ऑफ प्रेजेंस' फीस स्ट्रक्चर में भी बदलाव लागू होंगे, जिसमें प्रति प्रान एक बार का ऑनबोर्डिंग चार्ज 200 रुपए शामिल है। बल्क डिपॉजिट रेट की जानकारी देने के ▶▶शेष पेज 5 पर

चिंतन

कॉकपिट की सुरक्षा पर गंभीर सवाल

विमान की सुरक्षा की सबसे मजबूत दीवार कॉकपिट का दरवाजा माना जाता है, लेकिन जब खतरा इसी दरवाजे के भीतर से पैदा होने लगे तो पूरी सुरक्षा व्यवस्था कठघरे में खड़ी हो जाती है। फ्लाईदुबई की दुबई-तेल अवीव उड़ान में पायलटों के बीच हिंसक घटना और विमान के अचानक हजारों फीट नीचे आने की प्रारंभिक खबरों ने विमानन सुरक्षा के एक बेहद गंभीर पहलू पर बहस छेड़ दी है। यह घटनाक्रम महज दो पायलटों का आपसी विवाद मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रारंभिक रिपोर्टों के मुताबिक कॉकपिट में हिंसक टकराव हुआ, एक पायलट घायल हुआ और विमान तेजी से नीचे आया। विमान से पहले 7700 और फिर 7500 जैसे आपात संकेत प्रसारित हुए। इसके बाद विमान का मार्ग बदला गया और उसे सऊदी अरब के तबूक में उतारा गया। विमान में करीब 180 यात्री सवार बताए गए थे। वे सुरक्षित उतर गए, लेकिन घटना एक बुनियादी सवाल छोड़ गई। अगर विमान की कमान संभालने वाले पायलट ही हिंसा पर उतर आएं तो सैकड़ों यात्रियों की सुरक्षा किसके भरोसे होगी? ऐसे में कॉकपिट तक पहुंच रखने वाले लोगों के मामले में सुरक्षा मानकों की गंभीरता और बढ़नी चाहिए। पायलट की तकनीकी दक्षता जितनी जरूरी है, उतना ही जरूरी उसका जिम्मेदार और संतुलित व्यवहार भी है। इसलिए पायलटों की पृष्ठभूमि जांच को केवल नियुक्ति के समय की औपचारिकता नहीं बनाया जा सकता। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और नशे की जांच के साथ मानसिक एवं व्यवहारिक स्वास्थ्य की समय-समय पर समीक्षा भी सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा होनी चाहिए। काउंसलिंग की ऐसी व्यवस्था हो, जिसमें पायलट तनाव या व्यक्तिगत संकट की स्थिति में बिना किसी भय के मदद मांग सके। मानसिक स्वास्थ्य को संदेह का आधार बनाना गलत होगा, लेकिन गंभीर जोखिम के संकेतों को नजरअंदाज करना भी खतरनाक है। सवाल यह है कि मौजूदा व्यवस्था ऐसे संकेतों को कितनी जल्दी पहचान पाती है। घटना ने कॉकपिट सुरक्षा प्रोटोकॉल पर भी सवाल खड़े किए हैं। यदि दो पायलटों के बीच विवाद अचानक हिंसा में बदल जाए तो केबिन क्रू कितनी जल्दी हस्तक्षेप कर सकता है? विमान का नियंत्रण सुरक्षित रखने की वैकल्पिक व्यवस्था क्या है? एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचना देने और सुरक्षा एजेंसियों को सक्रिय करने की प्रक्रिया कितनी तेज है? इन सवालों के जवाब केवल नियम पुस्तिका में दर्ज होना पर्याप्त नहीं हैं। उनका नियमित अभ्यास और सिमुलेशन भी जरूरी है। 7500 कोड संभावित गैरकानूनी हस्तक्षेप या हाइजैकिंग का संकेत होता है। इसलिए आपात संचार प्रणाली की विश्वसनीयता और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता की समीक्षा भी जरूरी है। विमानन सुरक्षा में बाहरी खतरों हाइजैकिंग, आतंकवादी हमले या घुसपैठ पर लंबे समय से ध्यान दिया जाता रहा है। अब अंदरूनी खतरे को भी उतनी ही गंभीरता से देखने की जरूरत है। घटना की जांच से यह स्पष्ट होगा कि कॉकपिट में हिंसा की शुरुआत कैसे हुई और विमान के तेजी से नीचे आने की वजह क्या थी। सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए अंतिम रिपोर्ट का इंतजार करना भी उचित नहीं। इसलिए पायलटों की चयन प्रक्रिया, पृष्ठभूमि जांच, नशे की जांच, काउंसलिंग और कॉकपिट में हिंसा की स्थिति से निपटने के प्रोटोकॉल हर कड़ी को मजबूत करना होगा। कॉकपिट में अनुशासन के लिए जीरो टॉलरेंस जरूरी है। क्योंकि कॉकपिट का दरवाजा यात्रियों को खतरे से बचाने के लिए बनाया गया है, खतरे का दरवाजा बनने के लिए नहीं।

साहित्य सम्मान पर फिर रार



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

बीते दिनों देश के वरिष्ठ कवि और आलोचक अशोक वाजपेई को 'श्रीकांत वर्मा शिखर सम्मान' से सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में जन्मे सुप्रसिद्ध कवि, कथाकार, पत्रकार और राजनीतिज्ञ स्व. श्रीकांत वर्मा के नाम पर 21 लाख रुपए के इस सम्मान की जैसे ही घोषणा हुई सोशल मीडिया पर साहित्य और पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों के बीच खलबली मच गई। जैसे ही सम्मान समारोह की तारीख तय हुई कुछ लोग 21 लाख की सम्मान राशि पर तंज कसते हुए अशोक वाजपेई को मौका परस्त बताने लगे वहीं कुछ लोग श्रीकांत वर्मा के साहित्यिक कद और शख्सियत के मद्देनजर निर्णायक मंडल के फैसले को सर्वथा उपयुक्त ठहराने लगे। दरअसल इस रार के मूल में सम्मान के प्रायोजक श्रीकांत वर्मा ट्रस्ट के कर्ता-धर्ता अभिषेक वर्मा के अतीत के मामले और वर्तमान के राजनीतिक विचारधारा को लेकर है। वामपंथी और उदारवादी साहित्यकार और पत्रकार अभिषेक के आड़ में वाजपेई पर निशाना साध रहे हैं। गौरतलब है कि अभिषेक वर्मा वर्तमान में कट्टर दक्षिणपंथी संगठन और नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार में शामिल शिंदे शिवसेना के राष्ट्रीय समन्वयक हैं। इसके इतर स्व. श्रीकांत वर्मा के बेटे अभिषेक वर्मा की पहचान बिजनेसमैन और हथियार डीलर की है। अभिषेक को कालांतर में सीबीआई ने एक जर्मन डिफेंस कंपनी का नाम रक्षा मंत्रालय के ब्लैकलिस्ट से नाम हटवाने के नाम पर रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया था लेकिन बाद में वे इन सभी आरोपों से बरी हो गए।

इधर शिखर सम्मान को लेकर अशोक वाजपेई के खिलाफत में आलोचकों का सेलेक्टिव नजरिया भी सामने आया। दिल्ली के कॉन्सिट्यूशन क्लब में आयोजित इस सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध कवि अरूण कमल शामिल हुए तो बतौर वक्ता ममता कालिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल और विनोद भारद्वाज ने अपना वक्तव्य दिया। सम्मान समारोह के मंच पर उपस्थित इन कवियों, चिंतकों और लेखकों की पहचान प्रगतिशील, यथार्थवादी, दक्षिणपंथ विरोधी और नेहरूवादी की है लेकिन वाजपेई को कठघरे में खड़ा करने वाले लोग इनकी उपस्थिति पर मौन साध लिए। बहरहाल हिंदी साहित्य से जुड़े सम्मान या पुरस्कार पर विवाद कोई नयी बात नहीं है लेकिन अब यह विवाद राजनीतिक विचारधारा पर सहमति और असहमति को लेकर होने लगी है। यह कहना बेमानी नहीं होगी कि देश में जारी धार्मिक और राजनीतिक असहिष्णुता और नफरत की आग से साहित्य और पत्रकारिता जगत बुरी तरह से झुलस रहा है। इस आग को सोशल मीडिया के जरिए खूब हवा दी जा रही है जिसके चपेट में देश का शीर्षस्थ साहित्यिक पुरस्कार और सम्मान आने लगे हैं।



साहित्य से जुड़े पुरस्कारों और सम्मान पर विवादों पर गौर करें तो संस्थानों की स्वायत्तता पर दखल, धार्मिक और वैचारिक असहिष्णुता के चलते लेखकों और कवियों द्वारा सम्मान लौटाने का चलन भी सुर्खियों में रहा है। साल 2015 में साहित्यकारों और लेखकों पर हुए हमलों के विरोध में दर्जनों साहित्यकारों ने अपने साहित्य अकादमी पुरस्कार लौटा दिए। दरअसल यह वह दौर था जब साहित्य अकादमी व संस्कृति मंत्रालय के बीच पुरस्कारों के नाम बदलने और चयन प्रक्रिया में सरकारी हस्तक्षेप बढ़ने की वजह से देश के एक वैचारिक समूह में असहमति की आवाज उठने लगी जिसकी परिणति सम्मान वापसी के तौर पर देखी गई। साल 2015 में कन्नड़ के तर्कवादी लेखक एम.एम. कलबुर्गी की हत्या और उत्तरप्रदेश के दादरी में भीड़ द्वारा अखलाक की 'मॉब लींचिंग' की हत्या पर सरकार और साहित्य अकादमी की चुप्पी के चलते देश के लगभग 39 लेखकों, विचारकों और साहित्यकारों ने अपने साहित्य अकादमी पुरस्कार वापस कर दिए। सरकार पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन और धार्मिक असहिष्णुता बढ़ाने का आरोप लगाकर पुरस्कार लौटाने वाले लोगों में प्रमुख रूप से अशोक वाजपेई, नयनतारा सहगल, उदय प्रकाश, कृष्णा सोबती, मंगलेश डबराल, मुनव्वर राना, सारा जोसेफ जैसे अनेक लब्ध-प्रतिष्ठत लेखक, कवि और साहित्यकार शामिल थे। यही वह दौर था जब देश के साहित्यिक शब्दकोश में 'पुरस्कार वापसी या अवार्ड वापसी गैंग' जैसे शब्द प्रचलन में आए।

साल 2023 में संस्कृत के विद्वान जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य और प्रसिद्ध उर्दू साहित्यकार और फिल्म लेखक गुलजार को संयुक्त रूप से ज्ञानपीठ पुरस्कार देने पर साहित्यिक गलियारों में बहस छिड़ गई। लेफ्टिस्ट और उदारवादी विचारकों ने स्वामी रामभद्राचार्य को यह पुरस्कार दिए जाने पर सरकार की आलोचना करते हुए नसीहत दे डाली कि ऐसे ज्ञानपीठ जैसे सर्वोच्च पुरस्कार को राजनीतिक और धार्मिक झुकाव से दूर रखना चाहिए। दूसरी ओर कुछ लोग रामभद्राचार्य के संस्कृत भाषा और साहित्यिक योगदान के दृष्टिगत इस फैसले को उचित ठहराते नजर आए। किसी साहित्यिक सम्मान पर लेखक के आलोचना का प्रसंग छत्तीसगढ़ में भी देखने को मिला था। बीते साल सितंबर में हिन्द युग्म प्रकाशन के एक आयोजन के दौरान ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को प्रकाशक द्वारा उनकी किताब 'दीवार में एक खिड़की रहती थी ' की बतौर रॉयल्टी तीस लाख के चेक सौंपे जाने पर सोशल मीडिया पर अनेक लेखकों और साहित्यकारों को प्रलाप करते देखे गया था। आलोचक वर्ग में से अधिकांश लेखकों और पत्रकारों के ताल्लुकात सरकार विरोधी लेखन से है जो वक्त-बेवक्त विनोद कुमार शुक्ल के बगलगीर रहे हैं।

दरअसल छत्तीसगढ़ को देश में साहित्यिक पहचान दिलाने वाले आज के लेखक विनोद कुमार शुक्ल के प्रति साहित्यिक बिरादरी के एक हिस्से के यकबयक बेरूखी के पीछे का अहम कारण उनके द्वारा ज्ञानपीठ पुरस्कार स्वीकार करना भी हो सकता है जो पहले वामपंथियों के आंखों में खटकने वाले जगद्गुरु रामभद्राचार्य को दिया गया था। विनोद कुमार शुक्ल के नाम इस पुरस्कार की घोषणा होने के बाद कुछ प्रगतिशील समझे जाने वाले लेखकों ने बकायदा उनसे यह पुरस्कार लौटाने की मिन्नतें भी की थी वजह देश में जारी तथाकथित असहिष्णुता और बस्तर में माओवादियों के खिलाफ सरकार की तरफ से जारी कार्रवाई थी। आश्चर्य तो तब हुआ विनोद कुमार शुक्ल के कविता, कहानियों और किताबों के कशीदे गढ़ने वालों को उनसे शिकवा-शिकायत भी हुई कि उन्होंने नक्सलवाद पर कुछ नहीं लिखा या फलॉ -फलॉ मौके पर कुछ नहीं कहा। विनोद कुमार शुक्ल के प्रति नाइत्तेफाकी की दूसरी वजह हिन्द युग्म के कार्यक्रम में उनका छत्तीसगढ़ के तीन बार के भाजपाई मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के साथ मंच साझा करना भी हो सकता है। आलोचकों को यह बात जेहन में रखनी होगी कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के वर्तमान अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की पहचान एक राजनेता से इतर साहित्यिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने वाले पढ़ने-लिखने वाले राजनीतिज्ञ की भी है।

बिलाशक हालिया दौर में देश में वैचारिक और सामाजिक असहिष्णुता बढ़ी है लेकिन इसके लिए किसी एक पक्ष को कठघरे में खड़ा करना उचित नहीं होगा। विडंबना है कि इन मुद्दों को साहित्यकार, लेखक और मीडिया से जुड़े लोग लगातार हवा दे रहे है जबकि उनकी जवाबदेही देश में धार्मिक और सामाजिक सौहार्द कायम करने की है। साहित्य को समाज का दर्पण कहा जाता है तकनीक के बदलते दौर में भी लेखकों और साहित्यकारों के कलम की प्रासंगिकता हमेशा रहेगी। अलबत्ता किसी भी साहित्यकार या लेखक की पहचान उसके कलम से होती है लेकिन हालिया दौर में साहित्यकार, लेखक, कवि और पत्रकार धार्मिक, जातिवादी, दक्षिणपंथी और वामपंथी धुरी में बंटे दिखाई दे रहे हैं। किसी साहित्यकार अथवा लेखक का किसी विचारधारा में बंटकर लेखन करना पाठक बिरादरी के साथ अन्याय है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर स्वातंत्र्योत्तर भारत में साहित्यकारों, लेखकों और कवियों ने अपने कलम के माध्यम से देश की राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना को जागृत किया है। बहरहाल साहित्य सम्मान और पुरस्कारों पर हो रहे विवादों के मद्देनजर लेखकों, कवियों, विचारकों और साहित्यकारों से अपेक्षा है कि वे अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता को नागरिकों और पाठकों पर न थोपें। भारत की पहचान उसकी समृद्ध सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत की रही है लिहाजा साहित्य और कला से जुड़े सम्मानों पर विवाद निरर्थक है क्योंकि यह सीधे तौर पर रचनात्मकता का निरादर है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

वृद्ध दिवस पर विशेष

ऋतुपर्ण दवे



बुजुर्ग समाज की शान अनुभव-ज्ञान के भंडार

वृद्ध हमारे परिवार और समाज की गरिमा हैं, शान हैं। एक तरह से धरोहर हैं। समाज में वृद्धजनों की भूमिका केवल एक परिवार के बुजुर्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि वे समाज के नैतिक और सांस्कृतिक आधार भी हैं। उनका जीवन, अनुभव और ज्ञान समाज को सही दिशा दिखाने में महत्वपूर्ण होता है। आज जब इस दौर में समाज में अलगाव और व्यस्तताएं बढ़ रही हैं, वृद्धजनों की देखभाल और सम्मान के प्रति समाज की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। समाज, परिवार और राष्ट्र के निर्माण में वरिष्ठ नागरिकों के अमूल्य योगदान का सम्मान करना तथा उनके स्वास्थ्य, अधिकारों और गरिमापूर्ण जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस मनाया जाता है। इस नेक काम की शुरुआत पहली बार 1 अक्टूबर 1991 में हुई। हर वर्ष इसी दिन मनाने का निर्णय 14 दिसंबर 1990 को संयुक्त राष्ट्र महासभा लिया गया। हर साल 1 अक्टूबर को, हम अपने करीब के चिकित्सालयों में ऐसा कुछ देखते हैं जो वास्तव में कैलेण्डर में नहीं होता है। 70-80 वर्ष की आयु के मरीज जो अभी भी अकेले आते हैं, अपनी दवाइयों का समय खुद तय करते हैं और लक्षणों को कम करके आंकते हैं क्योंकि वे किसी को परेशान नहीं करना चाहते। यह दिन स्वस्थ वृद्धावस्था वास्तव में कैसी होती है, इस पर चर्चा करने का अवसर है, न कि केवल इसे सरसरी तौर पर रस्म अदायगी कर मनाने का। बुजुर्गों की देखभाल के बारे में हम बातें तो बहुत करते हैं लेकिन अमल में नहीं लाते। बस इसी कथनी और करनी की खाई पाटने के लिए अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस की परिकल्पना की गई। निश्चित रूप से इस दिन को समारोहपूर्वक मनाने से समाज में काफी बदलाव आया है। लोग सजग हुए हैं, खासकर वो युवा जो कल वृद्ध होंगे, एक सकारात्मक सोच और अपना भविष्य देखने के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

यह एक अच्छा संकेत है। हर वर्ष एक नए थीम के साथ इस दिन को इसलिए भी मनाया जाता है ताकि बुजुर्गों की देखरेख को लेकर नए-नए विचार और सुधार को अंजाम दिया जा सके। इस वर्ष की थीम 'दी एज ऑफ लॉन्गेविटी, रीथिंकिंग सिस्टम्स फॉर लांगर लाइव्स' यानी 'दीर्घायु का युग, दीर्घायु के लिए प्रणालियों पर पुनर्विचार' है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, अब दुनिया के आधे देशों में औसत आयु 75 वर्ष से अधिक हो गई है, जो 1950 की तुलना में 2030 तक 25 वर्ष अधिक होने का अनुमान है। एक अनुमान के अनुसार, वैश्विक स्तर पर वृद्धों की संख्या युवाओं से अधिक है और विकासशील देशों में यह संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसीलिए वृद्धों की देखरेख, उनके योगदान, ज्ञान, गरिमा और जरूरतों को स्वीकार करने और उनकी भलाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी और उसमें नए-नए संशोधनों और वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए इस दिन पूरे विश्व में गहन विचार-विमर्श होता है और नए कार्यक्रमों, सुधारों और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को शामिल किया जाता है। इसीलिए हर वर्ष एक नए थीम के साथ यह दिन मनाया जाता है। विश्व में 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्गों की संख्या वर्तमान में लगभग 1.25 अरब है, जो कुल वैश्विक आबादी का एक बड़ा हिस्सा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2020 में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या 1 अरब थी।

अब दुनिया में हर 9 में से 1 व्यक्ति की उम्र 60 साल या उससे अधिक है। 65 वर्ष से अधिक उम्र के आज दुनिया में लगभग 83 करोड़ लोग हैं। अनुमान है कि 2030 तक दुनिया में हर 6 में से 1 व्यक्ति 65 वर्ष या उससे अधिक आयु का होगा और तब इनकी संख्या लगभग 1.4 अरब होगी। 2050 तक का अनुमान है कि यह संख्या लगभग दोगुनी यानी 2.1 अरब हो जाएगी। जबकि 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों की संख्या 2030 से 2050 के बीच तीन गुना बढ़कर 42.6 करोड़ हो जाने का अनुमान है। अभी चीन दुनिया में सबसे बड़ी बुजुर्ग जनसंख्या वाला देश है, जो लगभग 193.8 मिलियन है। जबकि भारत लगभग 97.7 मिलियन बुजुर्गों के साथ दूसरे स्थान पर है, वहीं संयुक्त राज्य अमेरिका 57.1 बुजुर्गों के साथ तीसरे क्रम पर है। इस बार बुजुर्गों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, ऑस्टियोआर्थराइटिस और जोड़ों का दर्द, ऑस्टियोपोरोसिस, हृदवाहिनी रोग, संज्ञानात्मक गिरावट और मनोभ्रंश, दृष्टि और श्रवण हानि, अवसाद और सामाजिक अलगाव, स्वस्थ दीर्घायु को बढ़ावा देने में अस्पतालों की भूमिका पर आधारित थीम के साथ निश्चित रूप से वृद्धजनों की बेहतरी के लिए काफी कुछ होगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

श्वास जीवन की पहली और आखिरी क्रिया



संकलित

दर्शन

क्या आपने कभी गिना है कि एक मिनट में आप कितनी बार श्वास लेते हैं? श्वास जीवन की पहली और अंतिम क्रिया है। पूरे जीवन भर हम श्वास लेते रहते हैं, पर उस पर ध्यान नहीं देते। शरीर की लगभग 90 प्रतिशत अशुद्धियाँ श्वास से बाहर निकलती हैं, क्योंकि हम 24 घंटे श्वास लेते हैं, पर अपनी फेफड़ों की क्षमता का केवल 30 प्रतिशत ही उपयोग करते हैं। एक मिनट में हम लगभग सोलह-सत्रह बार श्वास लेते हैं। यदि आप चिंतित हैं तो यह बीस तक बढ़ सकती है, यदि आप क्रोध या अत्यधिक तनाव में हैं तो यह पच्चीस तक जा सकती है। शांत और प्रसन्न होने पर यह लगभग 10 रहती है और ध्यानावस्था में केवल दो-तीन श्वास प्रति मिनट। गहरा ध्यान श्वास की गति को अत्यंत धीमा कर देता है। मन पतंग के समान है और श्वास उसकी डोर। पतंग जितनी ऊंची उड़ानी हो, डोर उतनी लंबी चाहिए। यदि आप श्वास पर ध्यान देना सीख लें, तो किसी औषधि की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। श्वास अपार ऊर्जा प्रदान करती है और प्राणशक्ति को बढ़ाती है। ऊर्जा के चार स्रोत बताए गए हैं- भोजन, नींद, प्राणायाम (सुदर्शन क्रिया) और ध्यान में बिताए गए क्षण। इन सबका संतुलन समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। सुदर्शन क्रिया के लयबद्ध श्वास-प्रवाह से शरीर की विषाक्तता घटती है और मन में शांति बढ़ती है। शोध से यह प्रमाणित हुआ है कि सुदर्शन क्रिया रोग प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाती है।

जीवन में सब ईश्वर की दया ही है



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक अमीर सेठ के यहां एक नौकर काम करता था, अमीर सेठ अपने नौकर से तो बहुत खुश था, लेकिन जब भी कोई कटु अनुभव होता तो वह भगवान को अनाप शनाप कहता और बहुत कोसता था। एक दिन वह अमीर सेठ ककड़ी खा रहा था, संयोग से वह ककड़ी कच्ची और कड़वी थी। सेठ ने वह ककड़ी अपने नौकर को दे दी। नौकर ने उसे बड़े चाव से खाया जैसे वह बहुत स्वादिष्ट हो। अमीर सेठ ने पूछा- ककड़ी तो बहुत कड़वी थी, भला तुम ऐसे कैसे खा गये? नौकर बोला- आप मेरे मालिक है, रोज ही स्वादिष्ट भोजन देते है, अगर एक दिन कुछ बेस्वाद या कड़वा भी दे दिया तो उसे स्वीकार करने में भला क्या हर्ज है? अमीर सेठ अपनी भूल समझ गया, अगर ईश्वर ने इतनी सुख-सम्पदाएं दी है, और कभी कोई कटु अनुदान या सामान्य मुसीबत दे भी दे तो उसकी सद्भावना पर संदेह करना ठीक नहीं। असल में यदि हम समझ सकें तो जीवन में जो कुछ भी होता है, सब ईश्वर की दया ही है। ईश्वर जो करता है अच्छे के लिए ही करता है। हम केवल जीवन में अच्छे व उजले पक्ष को ही देखते हैं। हमें सुख, आराम पसंद है, पर दुख व कष्ट के क्षण आते ही हमारा मन विचलित होने लगता है। जीवन में सुख और दुख दोनों ही पल होते हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

जीवित मां-बाप व सास ससुर की सेवा की है?

कहते हैं कि कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं, बाद में अमृत पिलाने से क्या फायदा? जिन लोगों ने अपने माता-पिता, सास-ससुर और पूर्वजों की उनके जीवित रहते हुए सेवा नहीं की हो, उन्हें लोक दिखावे के लिए उनका श्राद्ध भी नहीं करना चाहिए। इससे ऐसे लोगों के पूर्वजों की आत्मा को शायद ही शांति मिले। हमारे देश में पत्थर को पूजा जाता है। नदियों की पूजा की जाती है। अपने पूर्वजों को याद करने के लिए हमारे देश में श्राद्धों का आयोजन किया जाता है। हमारे देश की महान संस्कृति हमेशा ही संदेश देती है कि हमें अपने पूर्वजों का सम्मान करना चाहिए। पूर्वजों को सम्मान करने से एक तो नैतिकता का संचार होता है, दूसरा उनके चलाए रास्तों पर चलने से कोई भी इनसान कभी नाकामयाब नहीं होता। *- संदीप चतुर्वेदी, दुर्ग*

ट्रेंड

जनगणना में भाग लें



जनगणना में भाग लेना हम सभी का राष्ट्रीय कर्तव्य है। इससे देश के भविष्य की सही तस्वीर बनाने में मदद मिलती है। मैं एक बार फिर अपने सभी देशवासियों से आग्रह करता हूँ कि वे इसके लिए ज़रूर समय निकालें।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

मेडल जीतने पर बधाई



नायब सूबेदार गुलवीर सिंह ने एशियन गेम्स पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज मेडल जीता। उन्होंने तीन इवेंट्स में तीन मेडल अपने नाम किए।गुलवीर ने लगातार अच्छा प्रदर्शन और ज़बरदस्त जज़्बा दिखाया है। एक और मेडल जीतने पर उन्हें बधाई!

- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

वोटों की चोरी



भारतीय लोकतंत्र के सामने वोटों की चोरी एक बेहद गंभीर समस्या बन गई है। हमारे नेता राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को पूरी गंभीरता से उठा रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य से, चुनाव आयोग चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और ईमानदार बनाने की दिशा में काम करने को तैयार नहीं है।

- कमलनाथ, पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश

छात्राओं की सुरक्षा



आज सभी छात्राएं अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। और सरकार क्या कर रही है? वह सलाह दे रही है। शाम के बाद घर से बाहर न निकलें। अरे सरकार! अपना काम करो। सुरक्षा का इंतज़ाम करो।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

अमेरिका में ईबी-5 ग्रीन कार्ड की फीस बढ़ेगी



अमेरिका ने देश में निवेश करने और आगे चलकर स्थायी निवास (ग्रीन कार्ड) हासिल करने की इच्छा रखने वाले प्रवासियों के लिए ईबी-5 निवेशक कार्यक्रम की फीस में भारी बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। ईबी-5 निवेशक कार्यक्रम भारतीय उद्यमियों और उनके परिवारों के लिए ग्रीन कार्ड हासिल करने के भरोसेमंद रास्तों में से एक माना जाता है। अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने मंगलवार को एक अंतिम नियम जारी किया, जिसके तहत ईबी-5 वीजा के लिए आवेदन करने की फीस दोगुने से भी अधिक बढ़ जाएगी। यह नियम 30 नवंबर से प्रभावी होगा। अमेरिका का 'ईबी-5 निवेशक कार्यक्रम' उन विदेशी निवेशकों और उनके निकटतम परिजनों को स्थायी निवास (ग्रीन कार्ड) प्राप्त करने का अवसर देता है, जो किसी अमेरिकी व्यावसायिक उद्यम में निर्धारित पूंजी निवेश करते हैं और अमेरिकी कामगारों के लिए कम से कम 10 पूर्णकालिक नौकरियां पैदा करते हैं। अकेले निवेश करने वाले आवेदकों के लिए फॉर्म आई-526 की फीस 3,675 डॉलर से बढ़कर 7,615 डॉलर हो जाएगी। स्वीकृत रीजनल सेंटर के माध्यम से निवेश करने वाले आवेदकों के लिए शुरुआती फॉर्म आई-526 फीस 3,675 डॉलर से बढ़कर 7,850 डॉलर हो जाएगी।

ऑफ बीट

एआई भाषाई असमानता को बढ़ावा दे सकता है



कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को लेकर यह चिंता लगातार बढ़ रही है कि इससे सामाजिक और आर्थिक असमानता बढ़ सकती है। हालांकि, एआई भाषाई असमानता को भी बढ़ावा दे सकता है, क्योंकि जनरेटिव एआई के पीछे काम करने वाले बड़े भाषा मॉडल में कुछ भाषाओं का प्रतिनिधित्व बहुत अधिक है, जबकि कई अल्पसंख्यक भाषाएं लगभग गायब हैं। जनरेटिव एआई बहुसंख्यक भाषाओं पर बेहतर काम करता है। इसके विपरीत, जिन भाषाओं की ऑनलाइन मौजूदगी बहुत कम है, उनके बारे में एआई मॉडल के पास पर्याप्त आंकड़े नहीं होते। इससे ऐसी भाषाओं में पूछे गए सवालों के गलत या अधूरे जवाब मिलने की संभावना बढ़ जाती है। पापुआ न्यू गिनी की हुला भाषा के करीब 10,000 भाषाभाषी हैं, जबकि तिमोर-लेस्ते में व्यापक रूप से बोली जाने वाली टेटुन भाषा के करीब 10 लाख से अधिक वक्ता हैं। दोनों भाषाओं का एआई मॉडल के प्रशिक्षण आंकड़ों में प्रतिनिधित्व बेहद कम है। शोधकर्ताओं ने पिछले एक वर्ष में एक अलग प्रवृत्ति भी देखी है। एआई स्थानीय समुदायों को अपनी जरूरत के मुताबिक डिजिटल उपकरण बनाने में सक्षम बना रहा है, जिससे वे अपनी भाषाओं और ज्ञान को संरक्षित कर सकते हैं।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

भूस्खलन से कोरापुट-रायगढ़ा रेलखंड में आवागमन बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तरवासियों को रेलयात्रा के लिए सप्ताहभर करना होगा इंतजार

सप्ताह भर पूर्व हुए भूस्खलन के बाद बंद रेल यात्रा आने वाले एक सप्ताह तक प्रभावित होने की संभावना है। इसका सबसे अधिक खामियाजा बस्तर वासियों को उठाना पड़ेगा। बीते दिनों भारी बारिश व भूस्खलन के बीच कोरापुट-रायगढ़ा रेलखंड पर रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित हो गया है।

ओडिशा के मल्लीगुड़ा और जरति के मध्य भूस्खलन तथा 60 मीटर से अधिक लंबी पटरी के नीचे की मिट्टी बह जाने के कारण बीते गुरुवार से रेल परिवहन पूरी तरह ठप है। रेलवे लाइन पर भूस्खलन से मार्ग बाधित होने के बाद रेलवे ने कई ट्रेनों का संचालन रद्द करने के साथ कुछ ट्रेनों को कोरापुट तक सीमित कर दिया गया है। रेल मार्ग को बहाल करने के लिए सुधार और मरम्मत का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। बताया जा रहा है कि क्षतिग्रस्त मार्ग को पूर्ण रूप से बहाल होने में अब भी दस दिन का समय लग सकता है। राहत कार्य के बावजूद मार्ग दुरुस्त नहीं हो पाया है। इस कारण विशाखापट्टनम, भुवनेश्वर, राउरकेला और हावड़ा से आने वाली कोई भी ट्रेन अब सप्ताह भर तक जगदलपुर ना ही आएगी और न ही जाएगी।

कोरापुट तक चलेगी हीराखण्ड व समलेश्वरी एक्सप्रेस

रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक हीराखंड और समलेश्वरी एक्सप्रेस कोरापुट तक ही चलेगी। बस्तर से रेल यात्रा करने वाले यात्री अब कोरापुट तक सड़क मार्ग से जाने के बाद आगे का सफर कर सकते है। दर्जन भर क्रेन और सैकड़ों मजदूर राहत कार्य में जुटे हुए है। मौके पर मौजूद आरपीएफ अधिकारी ने बताया कि आगामी दस दिन तक और सुधार कार्य जारी रहने की संभावना है जिसके बाद ही रेल परिवहन जगदलपुर व किरन्दुल से हो सकेगा।



40 मालगाड़ियों के पहिए भी थमे

जगदलपुर रेलवे स्टेशन से लगभग 90 किमी दूर हुए भूस्खलन के चलते लौह अयस्क लेकर जाने वाली 40 मालगाड़ियों के पहिए भी पूरी तरह थम चुके है। लौह अयस्क भरकर किरंदुल-बचेली से विशाखापटनम और रायगड़ा की तरफ जाने वाली माल गाड़ियों के पहिए भी थामे हुए हैं। राहत कार्य पूर्ण होने तक विशाखापट्टनम से किरंदुल आने वाले पैसेंजर नाइट एक्सप्रेस को पूरी तरह स्थगित कर दिया गया है। इसके अलावा जगदलपुर से हावड़ा, भुवनेश्वर तथा राउरकेला जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों को कोरापुट तक ही चलाया जा रहा है।



कांग्रेस ने विरोध में घेरा डीईओ दफ्तर, कार्रवाई की मांग

परीक्षा निरस्त कर कार्यक्रम में बच्चों को भेजने से मचा बवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में आयोजित किए गए जल, जन सेवा संकल्प यात्रा के दौरान स्कूली बच्चों की परीक्षा निरस्त कर उन्हें कार्यक्रम में भेजे जाने का मामला सामने आया है। इस मामले को कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया गया और कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। बीते मंगलवार को शहर के पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में भाजपा द्वारा सेवा संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में शासकीय आत्मानंद बलदेव प्रसाद मिश्र स्कूल के विद्यार्थियों को आयोजन में शामिल होने भेजा गया। मंगलवार को ही इन विद्यार्थियों की अंतिम तिमाही परीक्षा भी आयोजित थी, लेकिन प्राचार्य द्वारा स्कूल में होने वाली इस परीक्षा को उच्च अधिकारियों और शिक्षा विभाग के बिना किसी लिखित आदेश एवं अनुमति के निरस्त कर दिया गया। वहीं बच्चों को आयोजन में भेज दिया गया।

■ तिमाही परीक्षा छोड़कर आए थे बख्शी स्कूल के बच्चे

नहीं ली गई अनुमति

'शहर के शासकीय बक्शी स्कूल की प्राचार्य द्वारा बच्चों को कार्यक्रम में भेजने और शिक्षा संचनालय से जारी शेड्यूल की परीक्षा को निरस्त करने के लिए कोई भी विभागीय अनुमति नहीं मांगी गई। इसके अलावा परीक्षा निरस्त करने को लेकर अभिभावकों को भी जानकारी नहीं दी गई।



11 दिनों तक स्कूल में तालाबंदी के बाद ग्रामीणों ने हाईवे पर किया चक्काजाम

महासमुंद। शिक्षकों की कमी के चलते नए शैक्षणिक सत्र में प्रभावित शिक्षा व्यवस्था के सुधार के लिए लगातार मांग कर रहे पालकों और छात्रों का गुस्सा चरम पर पहुंच गया और वे सड़क पर आंदोलन के लिए मजबूर हो गए। लगातार मांग फिर चेतावनी के बावजूद अनदेखी से परेशान होकर हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र, पालक और ग्रामीण एनएच 53 पर बैठ गए। जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। तकरीबन डेढ़ घंटे बाद अधिकारियों के आश्वासन और व्यवस्था के बाद ग्रामीण बाधित किए गए हाइवे से हटने को राजी हुए। पिथौरा विकासखंड के ग्राम ढोढरकसा स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षकों की कमी के मुद्दे पर ग्रामीणों के मुताबिक विद्यालय में शिक्षकों के छह पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में महज दो शिक्षक ही पदस्थ हैं।

■ शिक्षकों की कमी के चलते ग्रामीणों में बढ़ा आक्रोश

अधिकारियों ने सुनी समस्याएं

चक्काजाम की सूचना मिलते ही जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन, एसडीएम बजरंग सिंह वर्मा और एसडीओपी अजीत ओगरे मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आंदोलनरत ग्रामीणों और विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद विद्यालय में वैकल्पिक शिक्षकीय व्यवस्था का आश्वासन दिया गया।

सियार ने सात लोगों को काटा, दहशत में लोग

महासमुंद। नगर में सियार ने अलग-अलग स्थानों पर सात लोगों को काटकर घायल कर दिया। घायलों में 3 महिलाएं और 4 पुरुष शामिल हैं। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। मिली जानकारी के मुताबिक, सियार ने सबसे पहले शिवानंद कॉलोनी में घर के बाहर बैठी एक महिला को निशाना बनाया। इसके बाद भाजपा कार्यालय के पास आयोजित एक निजी कार्यक्रम में मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। घायलों में रायपुर से एक निजी कार्यक्रम में खाना बनाने के लिए महासमुंद आए तीन लोग भी शामिल बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इलाके में करीब 5 से 6 सियार होने की आशंका जताई जा रही है। घायलों में सुशीला सिंह (64) शिवानंद कॉलोनी निवासी, प्रेमलता पटेल (27) वार्ड नं 27 निवासी, आयुषी बीटीआई रोड निवासी, आकाश पंचतरू (24) सरोना रायपुर निवासी, लवेश निषाद (24) वार्ड नं 22 निवासी, जीवराखन यादव (51) नकटा रायपुर निवासी और राजेश राजपूत (39) सरोना रायपुर निवासी शामिल हैं। सभी का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया।

साड़ी के घेरे में छिपा 3.600 किलो का गांजा पौधा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

घर की बाड़ी में नारियल पेड़ के नीचे गांजे का बड़ा पौधा उगाकर उसे साड़ी की आड़ में छिपाकर खेती करने वाले गांजा तस्कर को सरोना पुलिस को दबोचने में सफलता मिली। गांजा तस्कर की बाड़ी से जब्त पौधे का वजन 3 किलो 600 ग्राम है, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 1 लाख 80 हजार रुपए है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। सरोना पुलिस को 29 सितंबर 2026 को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम सिंगनपुर निवासी 52 वर्षीय भुनेश्वर साहू पिता स्व. रत्तीराम साहू ने अपने घर की बाड़ी में नारियल पेड़ के नीचे अवैध रूप से गांजे की खेती कर रहा है। मुखबिर ने पुलिस को यह भी बताया कि आरोपी कथित तौर पर गांजे की बिक्री के उद्देश्य से पौधे को तैयार कर रहा है। पुलिस ने इस खबर की पतासाजी किया और मामले को गंभीरता से लेते हुए सरोना थाना प्रभारी योगेंद्र वर्मा ने पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू एवं एसडीओपी हरिश पाटिल के संज्ञान में लाकर मार्गदशन माँगा। वरिष्ठ अधिकारियों से आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त करने के बाद थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने बिना समय गंवाए गांजा तस्कर के घर और बाड़ी में दबिश देने की कार्रवाई शुरू की।

■ आरोपी जेल दाखिल

नारियल पेड़ के नीचे उगाया और छिपाया

घर की बाड़ी में गांजे की खेती कर उसे छिपाने के लिए गांजा तस्कर ने अनोखा तरीका अपनाया था। नारियल पेड़ के नीचे उगाए गए गांजे के बड़े पौधे के चारों ओर साड़ी का घेरा बनाकर उसे ढक दिया गया था, ताकि किसी की नजर आसानी से उस पर न पड़े। गांजा तस्कर को उम्मीद थी कि घर की बाड़ी में छिपा यह पौधा पुलिस की नजर से बच जाएगा। सरोना पुलिस की सक्रियता का परिणाम रहा कि साड़ी की आड़ में छिपे गांजे के पौधे को बरामद करने में सफल रहे।

पति, सास, ससुर के खिलाफ धर्म परिवर्तन करने दबाव बनाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तेलीबांधा थाना में एक महिला ने अपने पति, सास तथा ससुर के खिलाफ जबरिया धर्म परिवर्तन करने दबाव बनाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला की शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक महिला ने प्रेम विवाह किया है। विवाह के कुछ समय बाद उनके ऊपर धर्म परिवर्तन करने तथा प्रार्थना सभा में जाने दबाव बनाने का महिला ने आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक तनू पटेल ने अपने पति विनित सूता, सास निवेदिता तथा ससुर अजय सूता के खिलाफ धर्म परिवर्तन करने दबाव बनाने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि उसने विनित के साथ प्रेम विवाह किया था। उनका एक बच्चा है, बच्चा होने के बाद उस पर उसके पति तथा सास-ससुर धर्म परिवर्तन करने दबाव बनाने के साथ अपने साथ जबरन प्रार्थना सभा ले जाने दबाव बनाने लगे। इनकार करने पर मारपीट कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मारपीट तथा प्रताड़ना से परेशान होकर महिला ने छत्तीसगढ़ बजरंगदल के नेताओं से संपर्क कर उन्हें घटना की जानकारी दी। छत्तीसगढ़ बजरंगदल के नेता महिला को अपने साथ थाना ले जाकर रिपोर्ट दर्ज कराने महिला की मदद की।

■ महिला की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने दर्ज की अपराध

DSVC KAMDHENU VISHWAVIDYALAYA, DURG
ANIMAL BIOTECHNOLOGY CENTRE

Advertisement No.

Notice for Hiring Young Professional

Animal Biotechnology Centre, DSVCKV, Durg intends to hire services of Young Professional - II on purely contractual basis for 01 position on consolidated emoluments of Rs. 42,000/- per month. The details regarding qualification, score card and other terms and condition for YP-II is available at University website **dsvckvdurg.ac.in**.

S-49252/1 **Director**

Government of Jharkhand
Water Resources Department
Office of the Executive Engineer
Waterways Division, Chaibasa
E-Mail Address :- eewwdchai-cer-jhr@nic.in

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**1EE/WWD/CBSA/WRD/SBD-01/2026-27,** दिनांक–25.09.2026, जिसका पी.आर. संख्या–390605 (**West Singhbhum**)26–27 **(D)** है, निविदा निर्गत करने के तिथि 25.10.2026 को 25.09.2026 पढ़ा जाये इसे इस हद तक संशोधीत की जाती है–

अन्य सभी शर्ते पूर्ववत रहेगी।

Further details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in

PR 390845 West Singhbhum(26-27)D

Executive Engineer
Waterways Division,
Chaibasa.

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला - सुकमा (छ.ग.)
Phone & Fax No.: 07864-284666, E-Mail: actwd.cgsukma@gmail.com

---:: ई-निविदा सूचना क्रमांक-07 ::---

क्रमांक/ LAND-43023/240/2026-TRIBAL SKM CONSTR SEC

सुकमा, दिनांक 24/09/2026

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रचलित एस.ओ.आर. दर 01.01.2015 से जो लागू है दर पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निम्नदर्शित कार्यों के सम्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर **Bid Submission** की अंतिम तिथि 26.10.2026 है।

क्र.	टेंडर नंबर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत राशि (लाख में)
1	199205	कन्या आश्रम चिकपाल में शौचालय ब्लॉक निर्माण कार्य	20.00
2	200209	कन्या आश्रम कुकानार में शौचालय ब्लॉक निर्माण कार्य	20.00
3	200211	कन्या आश्रम मिलमपल्ली में शौचालय ब्लॉक निर्माण कार्य	20.00
4	200212	कन्या आश्रम दुब्बाटोटा में शौचालय ब्लॉक निर्माण कार्य	20.00
5	200213	कन्या आश्रम नागलमुण्डा में शौचालय ब्लॉक निर्माण कार्य	20.00
6	200214	कन्या आश्रम चिंतलनार में शौचालय ब्लॉक निर्माण कार्य	20.00
7	200215	बालक आश्रम कोडरीपाल में शौचालय ब्लॉक निर्माण कार्य	20.00
8	200216	बालक आश्रम गंगालूर में शौचालय ब्लॉक निर्माण कार्य	20.00
9	200217	बालक आश्रम पेदाकुर्ती में शौचालय ब्लॉक निर्माण कार्य	20.00
10	200219	बालक आश्रम कोंटा में शौचालय ब्लॉक निर्माण कार्य	20.00
11	200220	बालक आश्रम पालाचलमा में शौचालय ब्लॉक निर्माण कार्य	20.00
12	200221	बालक आश्रम इंजरम में शौचालय ब्लॉक निर्माण कार्य	20.00
13	200222	बालक आश्रम सिलगेर में शौचालय ब्लॉक निर्माण कार्य	20.00
14	200223	बालक आश्रम मुनगा में शौचालय ब्लॉक निर्माण कार्य	20.00
15	200224	बालक आश्रम मानकापाल में शौचालय ब्लॉक निर्माण कार्य	20.00
16	200225	बालक आश्रम झापरा में शौचालय ब्लॉक निर्माण कार्य	20.00

ई-निविदा हेतु निर्धारित तिथि :-		
01	ई-निविदा प्रारंभ तिथि	दिनांक 25.09.2026
02	निविदा की अंतिम तिथि (ऑनलाइन बीड सबमिशन)	दिनांक 26.10.2026, समय 05:30 pm
03	निविदा हेतु चालान, अमानत राशि एवं दस्तावेज प्राप्त करने की अंतिम तिथि	दिनांक 28.10.2026, समय 05:30 pm
04	निविदा खोलने की तिथि	दिनांक 29.10.2026, समय 11:00 am से

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** तथा इस कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती हैं। प्रत्येक कार्य हेतु धरोहर राशि 20,000/- रूपये तथा प्रत्येक कार्य का निविदा शुल्क 1500/- रूपये मात्र है। अवधि 03 माह, श्रेणी "डी" या उच्च वर्ग।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास सुकमा

G-262703656/1

Chhattisgarh Rural Roads Development Agency
VIKASH BHAVAN, CIVIL LINES, RAIPUR (C.G.)

-: E-Procurement Tender Notice :-

NIT NO 1207 /TC-T/CGRRDA/2026 **Raipur Date: 30-09-2026**

Chief Engineer, CGRRDA, Raipur on behalf of Governor of Chhattisgarh invites package wise bids in electronic tendering system for MMGSVY Road Renewal/ Strengthening work sanctioned for districts of the state as per B.O.Q. from the eligible contractors / Firms registered with unified registration system (e-registration) for the works mentioned below.

Date of release of Invitation for Bids through e-procurement:

S. No.	NIT No	Work Name	Amount (Rs. in Lakh)	Districts	Rate invited
01	1207	MMGSVY Road Renewal/ Strengthening Work	Total Cost 12278.46 Lakhs (Const.Cost 11756.72 Lakhs, Maint.Cost 521.73 lakhs) (Excluding GST)	Dhamtari, Korba, Bilaspur, Gariyaband, Bastar, kanker, Mungeli, Khairagarh, Rajnandgaon, Bemetara, Kabirdham, Balod, Mohla-Manpur, Balrampur, Jashpur, Janjgri-champa, Sarangarh, Raigarh,	Percentage Rate of PMGSY SOR 06.06.2025 issued by CE, CGRRDA Raipur

Availability of Bid Documents and mode of submission: The bid document is available online and should be submitted online in https://eproc.cgstate.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

Detailed NIT and other details can be viewed on Our website https://eproc.cgstate.gov.in from 01.10.2026 from 5:30 PM & onwards. In future any related corrigendum would be seen in the notice section of this website.

Chief Engineer
Chhattisgarh Rural Road Development Agency
Civil Lines, Raipur (C.G.)
E-mail: pmgsyrc4@yahoo.co.in

S-49250/1

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वी मंजिल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई. एम. टी. मानेसर,
गुडगाँव, हरियाणा - 122050
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing
Accelerated Corporate Exit (C-PACE) IICA
Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके - 6
सार्वजनिक सूचना

(कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में)

सार्वजनिक नोटिस :ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2026-27/1418 दिनांक :- 22/09/2026

संदर्भ:

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (14) कम्पनियों का नाम **छत्तीसगढ़** राज्य से हटाने के मामले में:

S.no	Work Item	CIN	Company Hindi Name
1	AC5664544	U45500CT2018PTC008853	श्रवणराम मल्टी टेक प्राइवेट लिमिटेड
2	AC5610776	U01611CT2023PTC014584	अष्टभुजी फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
3	AC5560277	U43900CT2024PTC016612	एपीआई नेक्स्टजेन प्राइवेट लिमिटेड
4	AC5587520	U62011CT2025PTC017752	अल्गोरिया टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
5	AC5556474	U74999CT2016PTC007232	जेआरडी नोवेल सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड
6	AC5319696	U18109CT2022PTC013741	डस्किन प्राइवेट लिमिटेड
7	AC5659191	U85300CT2022PTC012632	मेराकीज़ मार्केटिंग सोल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
8	AC5608378	U46209CT2023PTC014530	हरिलैंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड
9	AC5560934	U22209CT2023PTC015150	कटारिया इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड
10	AC5592698	U74999CT2022PTC013699	स्नैपस्टर्स गेटस्नैपर्स प्राइवेट लिमिटेड
11	AC5560092	U45300CT2023PTC015189	बाबरा मोटर्स एंड ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड
12	AC5608556	U24230CT2022PTC013683	इंडीहब्र्स फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड
13	AC5613054	U74999CT2022PTC013202	क्वाडक्यूब्स टेक्नोलॉजी स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड
14	AC5443106	U85301CT2025PTC018354	एनके एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड

(2) इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है। (3) तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है। (4) यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

इरकन तिर्की
उप-पंजीयक
CBC-07123/11/0611/2627 त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

GOVERNMENT OF MAHARASHTRA
PUBLIC WORKS (NORTH) DIVISION NASHIK

E-TENDER NOTICE NO 18 FOR 2026-27 [ONLINE]

Online E Tenders in "B-2" form for the works included in detail tender notice are invited by Executive Engineer, P.W.(North) Division, Nashik Untwadi road Nashik. Tal. and Dist. Nashik Phone No **0253-2576249** for and on behalf of Governor of Maharashtra State from Capable of .W.Deptt. Registered/ Unregistered Contractor or International Contractor whose sub company/ branch in India and also complete terms and conditions mention in tender documents.

Right of Rejection of E-Tender/ Cancellation of E-Tenders reserved by the Executive Engineer, P.W. (North) Division Nashik, Conditional Tender will not be accepted.

E_Tender Notice in-cluding Total **02** (Two) work cost below Rs. **50,00** (Fifty) Crore. Details of mentioned E Tender Notice available on below websites

1) https://mahatenders.gov.in

Tender Document Sale Start and End Date Time	**01/10/2026** From **11:00** Hrs	to	**15/10/2026** Up to **17:00** Hrs
Pre Bid Meeting	Pre bid as on **07/10/2026** office of the Chief Engineer, P.W. Region. Nashik at **12.00** pm.		
Hard Copy Submission	After Bid Submission on E-Portal (After Bid Lock) one set of Bid Document (Technical and Financial Bid) Hard Copy submitted in the office of the Executive Engineer, P.W. (North) Division, Nashik for the above Work as on **16/10/2026** at **17.00** hrs. (Not Mandatory)		
Date, Time and Venue of Opening of Technical and Financial Bid (Envelope No.**1** and **2**)	On **16/10/2026** Time **17:05** hours (If Possible) for above work in The Office of the Superintending Engineer, P. W. Circle, Nashik		

Note :-

1. E-Tender Fee [non refundable] and Earnest Money will be accepted online only.
2. All eligible/ interested Contractors are required to be enrolled on portal https://mahatenders.gov.in before down loading tender documents and participate in e-tendering
3. Post Qualification Criteria is applicable for all works.
4. Correspondence to the contractor regarding the said work tender shall be addressed to the address mentioned in his registration letter and this office shall not be responsible for any postal delay.
5. The Above format is taken from Govt. G.R. of G.A.D. No.- मावज-2018/ प्र. क्र. 348/34 Dt.-20/12/2018 Para No.-4.6.2 in page No.-10 of 25.
6. 1. www.mahapwd.gov.in
   2. https://mahatenders.gov.in
   (Any changes to this Tender Notice, informed on the above website)

sd/-
Executive Engineer
P.W. (North) Division, Nashik

आरओसी-2026-27/क्र.-5/C3041

नहर में बह रही महिला की राहगीरों ने बचाई जान

धमतरी। मुख्य नहर में बह रही महिला को राहगीर किसी तरह निकालने में सफल हुए। समय रहते मदद मिल जाने से उसकी जान बच गई। मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों हुई भारी बारिश के कारण रूद्री बरॉज से मुख्य नहर में 2000 से 2500 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। इससे मुख्य नहर में पानी का बहाव काफी तेज है। मंगलवार की दोपहर एक पिकअप हरफतराई मुख्य नहर के पास गुजर रही थी। इसी दौरान पिकअप सवारों ने नहर के तेज बहाव में एक वृद्ध महिला को बहते देखा। पहले वे किसी का शव समझ रहे थे, लेकिन पानी में बह रहे वृद्धा द्वारा हाथ-पैर मारते देख पिकअप सवार 4 से 5 लोग उसे बचाने के प्रयास शुरु कर दिए। मजबूत डोर की मदद से वृद्ध महिला को किसी तरह किनारे तक लाया गया। आसपास के लोगों ने भी सहयोग किया।

बुजुर्गों में होने वाली अधिकांश समस्याओं को दूर करने के लिए उनकी डाइट न्यूट्रिशस और बैलेंस्ड होना बहुत जरूरी है। बुजुर्गों की डाइट कैसी होनी चाहिए, यहां डिटेल में बता रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस
1 अक्टूबर, विशेष

न्यूट्रिशस-बैलेंस्ड हो बुजुर्गों की डाइट

डाइट सजेशन
सवी जैन, डाइटीशियन



साठ की उम्र के बाद शरीर में कई तरह के बदलाव आते हैं। ऐसे में उम्र से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं को रोकने के लिए स्वस्थ आहार लेते रहना महत्वपूर्ण हो जाता है। इस उम्र में डाइजेशन सिस्टम धीमा हो जाता है, शारीरिक गतिविधियां कम होती हैं और हड्डियां तथा मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। ऐसे में सही और संतुलित आहार बुजुर्गों को ऊर्जावान बनाए रखने, बीमारियों से बचाने और जीवन की गुणवत्ता सुधारने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

मसल्स के लिए प्रोटीन: उम्र बढ़ने के साथ मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। इसलिए दालें, बींस, अंकुरित अनाज, सोयाबीन, दूध, दही, पनीर के रूप में पर्याप्त प्रोटीन डाइट में जरूर शामिल करें। नॉन-वेजिटेरियन हैं तो उबला अंडा या ग्रिल्ड मछली खा सकते हैं। मांसपेशियों के निर्माण, अच्छी सेहत और संतुलित पोषण के लिए मीट, सफेद मांस वाली मछली, अंडे का सफेद भाग और बींस डाइट में शामिल करें।



बोंस के लिए कैल्शियम-विटामिन डी: हड्डियों को मजबूत रखने और फ्रैक्चर के जोखिम को कम करने के लिए कैल्शियम युक्त भोजन करें। कम फैट वाले डेयरी उत्पाद जैसे टोंड दूध और पत्तेदार सब्जियों का सेवन करें, क्योंकि इनमें कैल्शियम काफी मात्रा में होता है। डाइट में कम वसा वाला दूध, दही, छाछ, पनीर और रागी खाएं। थोड़ी देर सुबह की धूप में बैठें।

पाचन के लिए फाइबर: बुजुर्गों में कब्ज की समस्या आम होती है, जिससे फाइबर युक्त खाना राहत देता है। इसके लिए डाइट में ओट्स, दलिया, छिलके वाली दालें, सेब, पपीता, अमरूद और हरी सब्जियां शामिल करें। उच्च फाइबर वाले फूड्स, पोषण से भरपूर होते हैं उनके सेवन से कब्ज में राहत मिल सकती है।

इम्यूनिटी के लिए विटामिन सी: रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए ताजे फल और सब्जियां जैसे संतरे, आंवला, नीबू, पालक, ब्रोकली और टमाटर डाइट में शामिल करें।

याददाश्त के लिए: बढ़ती उम्र के साथ याददाश्त में कमी आना एक आम समस्या होती है, जिसे अकसर डिमेंशिया के रूप में जाना जाता है। इसे पूरी तरह रोकना संभव नहीं होता, लेकिन सही खानपान अपनाकर इसके प्रभाव और गति को कम जरूर किया जा सकता है। डिमेंशिया के प्रभाव और गति को कम करने के लिए रोजाना के भोजन में ताजे फल, हरी पत्तेदार सब्जियां और साबुत अनाज शामिल करें। ये दिमाग को आवश्यक एंटी-ऑक्सीडेंट्स प्रदान करते हैं।

डेली डाइट चार्ट: बुजुर्गों का डेली डाइट चार्ट कुछ ऐसा होना चाहिए। सुबह सबसे पहले 1 गिलास गुनगुना पानी, 4-5 भीगे बादाम और अखरोट। नाश्ते में ओट्स/दलिया/बेसन का चीला/पोहा/इडली और 1 कप टोंड दूध या चाय।

दोपहर के खाने में 1-2 रोटी (मल्टीग्रेन), 1 कटोरी चावल, दाल, हरी सब्जी, 1 कटोरी दही/सलाद। शाम के नाश्ते में 1 कप मखाना/भुना चना/सूप/कोई 1 मौसमी फल, मट्ठा या हर्बल-टी। रात के खाने में 1-2 रोटी, पतली दाल या लौकी/तोरई की सब्जी रात 8 बजे तक खा लें। सोने से पहले 1 छोटा गिलास हल्दी वाला गुनगुना दूध। इनके अलावा कुछ अन्य बातों पर भी ध्यान देना चाहिए।

- जिन बुजुर्गों को दांतों की समस्या है या चबाने में कठिनाई होती है, उन्हें अच्छी तरह पका खाना, मैश करके दलिया/सूप के रूप में खाना चाहिए।
- ब्लड प्रेशर और डायबिटीज को कंट्रोल में रखने के लिए सीमित मात्रा में नमक और चीनी का प्रयोग करना चाहिए।
- सैचुरेटेड फैट को कम करें और तले हुए भोजन, हाई फैट वाले डेयरी और मांस को कम करें। इसके बजाय एवोकैडो, मछली और वनस्पति तेलों जैसे अनसैचुरेटेड फैट वाले फूड्स का सेवन करें।
- उम्र के साथ प्यास कम लगती है, जिससे डिहाइड्रेशन हो सकता है। इससे बचने के लिए दिनभर में 7-8 गिलास पानी या नारियल पानी, छाछ, सूप लेना चाहिए। पानी से दिमाग को हेल्दी रखने, शरीर का तापमान मेंटेन करने में मदद मिलती है। *

प्रस्तुति: ललिता गोयल

वृद्धावस्था में गिरने की आशंका बहुत बढ़ जाती है। किसी बीमारी या कमजोरी से ज्यादा सही तरीके से न चलने के कारण वृद्ध अधिक गिरते हैं। ऐसे में गिरने से बचाव के लिए डॉक्टर या फिजियोथेरेपिस्ट से चलने-फिरने का सही तरीका सीखना जरूरी है। इस बारे में सभी वृद्धजनों के लिए बहुत उपयोगी सलाह दे रहे हैं।

सीख लें चलने का सही तरीका
वृद्धावस्था में गिरने से होगा बचाव

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. मोहसिन वली
सीनियर फिजिशियन, सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली



अकसर लोग बढ़ती उम्र में गिरने को सामान्य घटना मान लेते हैं। लेकिन वैज्ञानिक मानते हैं कि बुजुर्गावस्था में गिरना स्वाभाविक नहीं है, इसे समय रहते पहचाना और रोका जा सकता है। बुजुर्ग कमजोरी या अधिक उम्र के बजाय शारीरिक-असंतुलन, स्थिरता, चलने-फिरने की सही तकनीक और गिरने से बचाव में की जाने वाली असावधानियों की वजह से ज्यादा गिरते हैं। जो बुजुर्ग एक विशेष तरीके से चलते हैं, वे न केवल बहुत कम गिरते हैं और कम चोटिल होते हैं और अधिक समय तक स्वतंत्र (बिना दूसरों पर निर्भर हुए) जीवन जी पाते हैं। इसलिए बुजुर्गों के लिए सही ढंग से चलना सीखना, गिरने से बचाव का सबसे प्रभावी उपायों में से एक है।



बड़ी समस्या है ओल्ड एज में गिरना: विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार गिरना दुनिया भर में अनजाने में होने वाली चोटों और उनसे होने वाली मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। हर साल करीब 6 लाख 84 हजार लोगों की मौत गिरने की वजह से होती हैं। 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में गिरने से होने वाली मौतों की दर सबसे ज्यादा है। करीब 3 करोड़ 73 लाख गिरने की घटनाएं, ऐसी शारीरिक क्षमता में गिरावट की शुरुआत होती हैं, जिससे इंसान अकसर उबर नहीं पाता। ऐसे लोग एक बार बिस्तर पकड़ लेते हैं तो दुबारा अपने बल पर पूरी तरह खड़े नहीं हो पाते हैं।

क्या हैं कारण: शोध बताते हैं कि 65 साल की उम्र के बाद कदम की चौड़ाई में भिन्नता स्वाभाविक रूप से बढ़ने लगती है, क्योंकि पैरों के तलवों से मिलने वाला संवेदी फीडबैक, आंखों की दृष्टि और भीतरी कान का संतुलन-तंत्र (वेस्टीबुलर सिस्टम), ये तीनों उम्र के साथ धीरे-धीरे कमजोर पड़ते हैं। दिमाग को शरीर की स्थिति और जमीन की सतह की जानकारी सही समय पर नहीं मिल पाती, जिससे पैर रखने में मामूली चूक होने लगती है। गिरने का खतरा सिर्फ कमजोरी या उम्र से नहीं, बल्कि चलने के पैटर्न में आई सूक्ष्म अनियमितताओं से भी जुड़ा होता है। गिरना अकसर चलने के तरीके में आई एक बहुत छोटी और लगभग अदृश्य गड़बड़ी से शुरू होता है। पैर थोड़ा कम उठना, कदम का थोड़ा असमान होना या शरीर का संतुलन एक पल के लिए डगमगाना- ये सब मिलकर उस स्थिति को जन्म देते हैं, जब शरीर संभल नहीं पाता।

क्या होता है असर: गिरने की घटना बुजुर्गों के जीवन पर गहरा प्रभाव डाल सकती है। आत्मविश्वास कम होने और दोबारा गिरने का डर विकसित होने का खतरा बढ़ जाता है। वे चलना-फिरना, घर से बाहर निकलना या सामान्य गतिविधियां करना कम कर देते हैं। जिससे उनकी मांसपेशियां और कमजोर होने लगती हैं, शारीरिक सक्रियता और स्वतंत्रता दोनों प्रभावित होती है, गिरने का खतरा और बढ़ जाता है।

किन्हें है ज्यादा रिस्क: कुछ लोगों में गिरने का खतरा अपेक्षाकृत अधिक होता है। इन्हें चलने की सही तकनीक सीखने के साथ-साथ नियमित तौर पर चिकित्सकीय जांच भी करानी चाहिए।

- 65 वर्ष से अधिक आयु के लोग।
- जिनकी दृष्टि कमजोर हो।
- जिन्हें गठिया या ऑस्टियोपोरोसिस हो।
- पैरों की संवेदना कम हो गई हो।
- पार्किंसन या स्ट्रोक की समस्या रही हो।
- जिन्हें बार-बार चक्कर आते हों।
- जो ऐसी दवाएं लेते हों जिनसे नींद या चक्कर आ सकते हों।

तब डॉक्टर से करें कंसल्ट: अगर किसी बुजुर्ग को बार-बार चक्कर आते हों, चलते समय पैर कांपते हों, संतुलन लगातार बिगड़ता हो या बिना कारण बार-बार गिर रहे हों, तो इसे केवल बढ़ती उम्र का असर मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह पार्किंसन रोग, स्ट्रोक, तंत्रिका संबंधी समस्या, विटामिन बी-12 की कमी, लो ब्लड प्रेशर या अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का संकेत भी हो सकता है। ऐसी स्थिति में चिकित्सक या फिजियोथेरेपिस्ट से परामर्श लेना आवश्यक है।

कैसे करें बचाव: गिरने से बचाव के लिए चलने की सही तकनीक अपनाना, सही चाल विकसित करना जरूरी है। चलने की कुछ आदतों में छोटे-छोटे बदलाव करके संतुलन और आत्मविश्वास दोनों को बेहतर बनाया जा सकता है। लंबे समय तक सुरक्षित, सक्रिय और आत्मनिर्भर जीवन जिया जा सकता है।



हमेशा सामने देखें: अधिकांश बुजुर्ग चलते समय अपने पैरों या जमीन की ओर देखते रहते हैं। उन्हें लगता है कि नीचे देखने से वे गड्ढों या बाधाओं को आसानी से देख पाएंगे और गिरने से बच जाएंगे। लेकिन वास्तव में यह आदत संतुलन को कमजोर कर सकती है।

क्या करें: चलते समय सिर झुकाने के बजाय सामने देखने की आदत डालें। इससे ठोकर लगने और दूरी का गलत अनुमान लगाने की संभावना कम हो सकती है।

नियंत्रित कदमों से चलें: कुछ लोग चलते समय पैर जोर से जमीन पर पटकते हैं। यह केवल आवाज ही नहीं पैदा करता, बल्कि घुटनों, टखनों और कूल्हों पर अतिरिक्त दबाव भी डालता है। भारी कदमों से चलने पर शरीर का संतुलन बिगड़ सकता है और अचानक प्रतिक्रिया देने की क्षमता भी कम हो जाती है। जबकि कदम हल्के, मुलायम और नियंत्रित हों, तो शरीर सहज रूप से आगे बढ़ता है और पैर के जोड़ों पर कम दबाव पड़ता है।

क्या करें: धीरे-धीरे चलें। धीरे, आराम से और बिना पैरों को पटकते हुए चलने से संतुलन और चलने की स्थिरता दोनों बेहतर होती हैं।

सही पैटर्न को करें फॉलो: कई बुजुर्ग चलते समय पूरे पैर को एक साथ जमीन पर रखते हैं या पैरों को घसीटते हुए चलते हैं। इससे चाल अस्थिर हो जाती है और ठोकर लगने का खतरा बढ़ जाता है।

क्या करें: बुजुर्गों को फिजियोथेरेपिस्ट से सीखकर एड़ी से पंजे तक चलने की सही तकनीक अपनानी चाहिए। यानी पहले एड़ी जमीन को छुए, फिर पूरा तलवा धीरे-धीरे आगे बढ़े और अंत में पंजे के सहारे शरीर को आगे धकेला जाए। इससे पिंडली, टखने और कूल्हे की महत्वपूर्ण मांसपेशियां सक्रिय होती हैं, जो संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

खड़े होने के बाद तुरंत न चलें: कई बुजुर्ग कुर्सी, बिस्तर या सोफे से उठने के तुरंत बाद गिर जाते हैं। अचानक खड़े होने पर कुछ लोगों का रक्तचाप कुछ क्षणों के लिए कम हो जाता है। इससे चक्कर, धुंधलापन या अस्थिरता महसूस हो सकती है।

क्या करें: जब भी बैठी या लेटी हुई अवस्था से उठें, तो पहले आराम से खड़े हों और लगभग दो सेकेंड तक वहीं रुकें। जब शरीर सामान्य महसूस होने लगे, तभी चलना शुरू करें। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

बरतें ये भी सावधानियां



- हड्डियों-मांसपेशियों की मजबूती और संतुलन बढ़ाने के लिए रोज 20-30 मिनट टहलें।
- फिसलन वाली चप्पल या ढीले जूते न पहनें।
- पौष्टिक और संतुलित आहार का सेवन करें। आहार में प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन-डी को पर्याप्त मात्रा में शामिल करें।
- डॉक्टर की सलाह के अनुसार विटामिन-डी और कैल्शियम सप्लीमेंट लें।
- पैरों की संवेदनशीलता का ध्यान रखें। सुन्नपन, डायबिटीज से जुड़ी न्यूरोपैथी की समस्या या तलवों की कमजोर संवेदना को नजरअंदाज न करें, ये सीधे चाल को प्रभावित करते हैं।
- आंख और कान की जांच कराएं। दृष्टि और भीतरी कान का संतुलन-तंत्र ठीक रखने से पैर रखने की सटीकता बेहतर होती है।
- दवाओं की समीक्षा करवाएं। कुछ दवाएं (जैसे नींद की गोलियां, ट्रैंक्विलाइजर) संतुलन और सतर्कता को प्रभावित करके चाल बिगाड़ सकती हैं।
- घर को सुरक्षित बनाएं। बाथरूम में ग्रैब बार (पकड़ने की रॉड) लगवाएं। फिसलन वाले फर्श पर एंटी-स्लिप मैट रखें।

ऐसे पूरी करें विटामिन बी-12 की कमी

सजेशन
विधि गोयल



विटामिन-बी12 एक ऐसा पोषक तत्व है, जिसकी मात्रा अगर शरीर में कम हो जाए, तो एक नहीं कई परेशानियां शुरू हो सकती हैं। इसकी कमी के कारण नर्व डैमेज होना, एनीमिया, थकान, कमजोरी, हाथ-पैरों में सुन्नपन या झनझनाहट, चक्कर आने और मुंह में छाले जैसे लक्षण नजर आते हैं। डाइटिशियन सवी जैन बताती हैं, विटामिन बी-12 की कमी से बोन डेंसिटी भी कम होती है, जिससे हड्डियां नाजुक हो जाती हैं और ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा बढ़ जाता है। विटामिन बी-12 रेड ब्लड सेल्स बनाने से लेकर डीएनए बनाने तक के लिए जरूरी होता है। इसकी उचित मात्रा से स्किन, बालों और आंखों को भी फायदा मिलता है।

डेयरी प्रोडक्ट्स: आहार में नियमित रूप से दूध, पनीर और दही का सेवन शरीर में विटामिन बी-12 की कमी को पूरा करता है। इससे शरीर में एनर्जी का स्तर बना रहता है और बढ़ने वाली थकान कम होने लगती है। रोज एक गिलास दूध या एक कटोरी दही, पनीर और छाछ का सेवन करने से शरीर में दिनभर की 46 फीसदी विटामिन बी-12 की कमी को पूरा किया जा सकता है।

फोर्टिफाइड फूड: बाजार में मिलने वाले ऐसे ओट्स, कॉर्न फ्लेक्स या सोया मिल्क लें, जिनमें बी-12 मिलाया गया हो।



अंडे: उबले अंडे का पीला हिस्सा विटामिन बी-12 से भरपूर होता है। इसका सेवन करने से शरीर को विटामिन बी-12 और प्रोटीन की प्राप्ति होती है। दिनभर में 2 अंडों का सेवन करने से दिन भर की 39 फीसदी विटामिन बी-12 की कमी पूरी हो जाती है। इससे विटामिन-डी भी मिलता है।

मछली और सी फूड: सैल्मन, ट्राउट और टूना जैसी मछलियां शरीर में विटामिन बी-12 की कमी को पूरा करने में मदद करती है। इसके अलावा क्लैम, केकड़े, शेलफिश भी बी-12 का बेहतरीन स्रोत हैं। मछली का सेवन करने से जहां शरीर को फैटी एसिड की प्राप्ति होती है, तो वहीं प्रोटीन की भी कमी को पूरा किया जा सकता है। कलेजी में सबसे ज्यादा बी-12 पाया जाता है। चिकन और रेड मीट भी बी-12 के अच्छे सोर्स होते हैं।

न्यूट्रिशनल यीस्ट: यह एक तरह का पावडर होता है, जिसका स्वाद चीज जैसा होता है। इसे सब्जी या सूप में डालकर खाया जा सकता है।

नट्स-सीड्स: विभिन्न प्रकार के ड्राय फ्रूट्स में भी विटामिन बी12 प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। बादाम, काजू, किशमिश, अखरोट और मूंगफली में भी विटामिन बी-12 पाया जाता है। *



मेरी उम्र 46 वर्ष है। मैं जब भी कुछ ठंडा खाता-पीता हूं तो तुरंत छींकें आने लगती हैं। प्लीज इस समस्या का समाधान बताएं।

-संजीत, रायपुर

हालांकि आजकल मौसम बदल रहा है, इसलिए इस तरह समस्याएं काफी लोगों में दिख रही हैं। बदलते मौसम में वायरल इंफेक्शन की समस्या बढ़ रही हैं। इससे बचाव के लिए सबसे बेहतर तरीका है कि इस समय ज्यादा ठंडा या फ्रिज में रखी चीज ना खाएं। अगर समस्या हो रही है तो आपको सुबह-शाम नमक वाले पानी का गरारा करना चाहिए। फिलहाल इस तरह बचाव से राहत मिल सकती है।

मेरी उम्र 54 वर्ष है। दो साल पहले मैंने अपने घुटने का ऑपरेशन करवाया था। पिछले कुछ समय से फिर से दर्द होना शुरू हो गया है। कृपया उचित समाधान बताएं।

-मूलचंद, बिलासपुर

सबसे पहले इस बात पर गौर करें कि आपके घुटने में कोई चोट तो नहीं लगी, क्योंकि सर्जरी के बाद चोट लगने पर इस तरह दर्द शुरू हो सकता है। अगर ऐसा नहीं है तो जरूर आपको एक बार उसी सर्जन से संपर्क करना चाहिए, जिन्होंने आपकी सर्जरी की है। क्योंकि उन्हें आपकी केस हिस्ट्री पूरी मालूम है और वी दर्द का कारण जानकर ट्रीटमेंट करेंगे। फिलहाल सीढ़ियां अधिक चढ़ना उतरना, रनिंग न करें और ज्यादा वजन न उठाएं।

मेरी उम्र 35 वर्ष है। मेरी सिटिंग जॉब है। पिछले कुछ महीनों से अक्सर मेरी कमर और गर्दन में अकड़न बनी रहती है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।

-विपिन, रोहतक

डॉक्टर्स सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

जब कोल्ड डिश खाने पर लगातार आने लगें छींकें



आप अपनी समस्या का कारण खुद ही बता रहे हैं, क्योंकि आपकी लंबी सीटिंग जॉब है और इस वजह से यह समस्या आ रही है। मौजूदा समय में लंबी सिटिंग करने वालों में इस तरह की समस्या ज्यादा देखी जा रही है। इसका सबसे बेहतर तरीका यह होगा कि आप सुबह और शाम नियमित रूप में सर्वाइकल और कमर की एक्सरसाइज करें। इसके साथ ही ऑफिस में बीच-बीच में चहलकदमी करते रहें। एक बार आप कैल्शियम, बी-12 और विटामिन-डी की जांच जरूर करवा लें। ऑफिस में बैठने वालों को इसकी कमी हो सकती है, जिस वजह से भी दर्द शुरू होता है।

मेरी उम्र 29 वर्ष है। मेरे चेहरे और माथे पर झाइयां हो गई हैं। मार्केट में मिलने वाले कई सारे प्रोडक्ट्स यूज करने के बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ। कृपया इसका सॉल्यूशन बताएं।

-प्रकाश, भोपाल

मार्केट में मिलने वाले तरह-तरह के प्रोडक्ट के इस्तेमाल से भी इस तरह की समस्याएं आती हैं। सबसे पहले आप बाजार में मिलने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल बंद करें और कुछ समय के लिए साबुन का इस्तेमाल भी नहीं करें। आपको एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। वह फिजिकल जांच कर इसका ट्रीटमेंट बताएंगे। बगैर डॉक्टर से संपर्क किए कोई दवा या प्रोडक्ट का इस्तेमाल बिल्कुल ना करें।

मेरी उम्र 60 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरे मुंह में छाले हो रहे हैं। दवाइयां लेने पर कुछ समय ठीक रहता है, फिर वापस से छाले निकल आते हैं। प्लीज मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।

-किशोर, महासमुंद

सामान्य तौर पर मुंह में छाले होने का संबंध पेट की गड़बड़ी से होता है। अगर आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है तो मुंह में छाले हो जाते हैं लेकिन अगर ऐसा नहीं है तो जरूर आपको एक बार ईएनटी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। वह जांच कर इसका कारण बताएंगे और जरूरत पड़ने पर इसका ट्रीटमेंट शुरू करेंगे। बगैर डॉक्टर से संपर्क के कोई भी दवा आप न लें। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

जैकेट के शेष

शुभमन गिल की ....

जिसमें सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 255 रन जोड़े। भारत ने 43.3 ओवर में दो विकेट पर 406 रन बनाकर 39 गेंद शेष रहते जीत हासिल की। इस तरह रनों के लिहाज से भारत ने अपने सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा किया। दक्षिण अफ्रीका ने 2006 में जोहानिसबर्ग में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 435 रन के लक्ष्य का पीछा किया था। इस तरह भारत वनडे में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने के मामले में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। इससे पहले वेस्टइंडीज ने जॉन कैंपबेल (101), शाई होप (104) और आमिर जांगू (114) के शतकों की बदौलत यह स्कोर खड़ा किया था।

सहवाग और रोहित की खास सूची में भी : शुभमन गिल की इस उपलब्धि ने उन्हें भारतीय क्रिकेट के उन चुनिंदा बल्लेबाजों की सूची में पहुंचा दिया है, जिन्होंने वनडे में 200 या उससे ज्यादा रन की पारी खेली है। वीरेंद्र सहवाग ने 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 219 रन बनाए थे, जबकि रोहित शर्मा ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 208 रन की पारी खेली थी। गिल अब इस सूची में एक से ज्यादा दोहरे शतक लगाने वाले रोहित के साथ खड़े हैं। **गिल की तूफानी पारी ने बदला रिकॉर्ड बुक का पन्ना :** वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 405/7 का विशाल स्कोर बनाया था। जवाब में भारत की ओर से गिल ने पारी को आक्रामक अंदाज में आगे बढ़ाया और दोहरा शतक जड़कर न सिर्फ भारत के लक्ष्य को आसान बनाया, बल्कि वनडे क्रिकेट के रिकॉर्ड बुक में भी अपना नाम सबसे ऊपर दर्ज करा दिया। गिल की 117 गेंदों में 200 रन की पारी अब वनडे इतिहास का सबसे तेज दोहरा शतक है। यह उनके वनडे करियर का दूसरा दोहरा शतक और कप्तान के रूप में एक बेहद खास उपलब्धि है।

हाथ-पांव में दर्द ....

निलंबित कर दिया गया है। वहीं शंकरा हास्पिटल को जांच दायरे में रखा गया है। इसके अलावा आयुष्मान की गड़बड़ी की भारी शिकायतों पर एक बार फिर स्टेट नोडल एजेंसी की टीम सक्रिय हुई है। राज्य स्तर पर कंसलटेंट डाक्टरों, आयुष्मान योजना से जुड़े लोगों की टीम बनाकर बुधवार को राज्यभर में करीब 100 निजी हास्पिटलों पर छापेमारी कर विभिन्न बिंदुओं की जांच की जा रही है।

ओडिशा के मरीजों पर फोकस : जांच टीम का फोकस शहर के बजाए ग्रामीण इलाकों में भर्ती मरीजों पर टिकी हुई है। यहां छत्तीसगढ़ के अलावा ओडिशा के मरीजों का भी बड़ी संख्या में इलाज होता है। उनकी संख्या ने अस्पतालों को जांच के दायरे में लाया है इसके अलावा करीब 6 माह पहले योजना अंतर्गत एमबीबीएस डाक्टरों की एंट्री को भी जांच का बिंदु बनाया गया है कि उनकी एंट्री कहीं फर्जी तरीके से तो नहीं की गई है। जांच के लिए योजनाअंतर्गत करीब 6 महीने में हुए इलाज के बारे में जानकारी खंगाली जा रही है।

विभाग द्वारा ....

को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं नियमानुसार स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना तथा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को और मजबूत करना है।

ईरानी नाव से मुंबई में घुसपैठ कर रहे 5 पाकिस्तानी 'आतंकी' गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



अरब सागर में भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात एटीएस ने नशे की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। संयुक्त अभियान में एक संदिग्ध ईरानी नाव को रोककर करीब 526 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया गया है। बरामद ड्रग्स में हेरोइन और मेथामफेटामाइन शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस खेप की कीमत 3,000 करोड़ रुपये से ज्यादा आंकी गई है। यह कार्रवाई 25 सितंबर 2026 को की गई। खुफिया जानकारी मिलने के बाद भारतीय तटरक्षक बल ने समुद्र और हवा के जरिए निगरानी शुरू की थी। संदिग्ध नाव की लगातार ट्रैकिंग की गई और इसके बाद तटरक्षक बल ने उसका पीछा किया।

कश्मीर में मुठभेड़, लश्कर कमांडर हाशिम मूसा ढेर, जंगल में छिपा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर के बडगाम में सुरक्षाबलों ने मंगलवार देर रात लश्कर-ए-तैयबा के एक टॉप कमांडर हाशिम मूसा को मार गिराया। मुठभेड़ यूसमर्ग के कोराग इलाके में हुई। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ को यहां आतंकियों की मौजूदगी का इनपुट मिला था, जिसके बाद जॉइंट सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तलाशी के दौरान आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी थी। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक मारे गए आतंकी की पहचान मूसा के तौर पर हुई है। अलग-अलग रिपोर्टों में उसका नाम सुलेमान शाह उर्फ मूसा, फौजी मूसा और मोहम्मद आसिफ उर्फ हाशिम मूसा बताया गया है। इंडियन आर्मी ने इस एनकाउंटर को ऑपरेशन कोराग नाम दिया। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।



दिल्ली दंगा- उमर, शरजील की अपील खारिज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े मामले में आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका खारिज कर दी। जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह और जस्टिस दिनेश भट्ट की बेंच ने कड़कड़डूमा कोर्ट के 4 जुलाई के आदेश के खिलाफ दोनों की अपील खारिज कर दी। ट्रायल कोर्ट ने उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित कार्यालय जिला विपणन अधिकारी, कांकेर
कलेक्ट्रेट परिसर प्रथम तल कक्ष क्र. 20, कांकेर (छ.ग.)
G-Mail- dmokanker0@gmail.com E-Mail- mf_dmo_kanker@nic.in

क्रमांक/विपणन/1043 /2026 **:: निविदा ::** कांकेर, दिनांक 30.09.2026

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में विपणन संघ के धान संग्रहण केन्द्रो मे सूखा धान भूसा एवं एक भरती प्लास्टिक बोरी कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा सूचना।

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित जिला कांकेर द्वारा समर्थन मूल्य पर धान भंडारण हेतु विपणन संघ के धान संग्रहण केन्द्रों/ ईकाईयों मे सूखा धान भूसा एवं एक भरती प्लास्टिक बोरी कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा सूचना जेम पोर्टल की वेबसाईट में जाकर इच्छुक निविदाकारों के द्वारा भरा जा सकता है। निविदा क्रमांक/ **Bid Number-GEM/2026/B/8101864** निविदा दिनांक 30.09.2026 से 21.10.2026 समय 12:30 बजे तक ऑनलाईन भरी जा सकती है। बी.जी./डी.डी की मूलप्रति निविदा की अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व जिला विपणन कार्यालय कांकेर में जमा करना अनिवार्य है।

निविदा प्रारूप तथा शर्तों का अवलोकन जेम पोर्टल की वेबसाईट **WWW.GEM.GOV.IN** पर निविदाकर्ता के अध्ययन हेतु गाईडलाईन के रूप में उपलब्ध है।

जिला विपणन अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

पेज एक के शेष

भारत का गोल्डन डे : एक दिन में...

स्वर्ण पदक पर निशाना साधा। कंपाउंड आर्चरी में भारतीय खिलाड़ियों का जलवा देखने को मिला। ज्योति सुरेखा वेन्नम, पृथिका प्रदीप और तनिपार्थी चिखिता की महिला टीम ने फाइनल में चीन को 238-234 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। भारतीय टीम ने इस प्रदर्शन के साथ विश्व रिकॉर्ड स्कोर की बराबरी भी की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों को बधाई दी और तीनों स्वर्ण पदक जीतने वाली कंपाउंड तीरंदाजी टीम की सटीकता, निरंतरता और टीमवर्क की खास तौर पर सराहना की ।

एक पायलट ने दूसरे को...

वाले एक क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि विमान के कॉकपिट में संभवतः पायलटों के बीच झगड़ा हुआ था। अधिकारी ने कहा कि यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका कि झगड़े की वजह क्या थी। एक अन्य अधिकारी ने पुष्टि की कि इजराइल ने अपने लड़ाकू विमान रवाना कर दिए थे, क्योंकि उसे विमान के अपहरण की आशंका थी। विमान में उसके कई नागरिक सवार थे। दोनों अधिकारियों ने नाम जाहिर न करने की शर्त पर जानकारी दी। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हाल के दिनों में बिना कोई विशेष विवरण दिए सुरक्षा संबंधी बढ़े हुए खतरों को लेकर चेतावनी दी है। नेतन्याहू के कार्यालय ने बाद में कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और इजराइल यात्रियों को स्वदेश वापस लाने का इंतजाम कर रहा है। व्यक्तिगत कारणों से विमान को आपात स्थिति में उतारने की घटनाएं दुर्लभ हैं, लेकिन ऐसा पहले भी हुआ है। वर्ष 2022 में जिनेवा से पेरिस जा रही एयर फ्रांस की उड़ान के दौरान कॉकपिट में आपस में मारपीट करने के बाद दो पायलटों को निलंबित कर दिया गया था। हालांकि, उस विमान को अपना मार्ग बदलने की जरूरत नहीं पड़ी थी और वह निर्धारित गंतव्य पर ही उतरा था। विमान में सवार यात्रियों ने इजराइल के 'चैनल 12' को फोन पर बताया कि उन्होंने विमान के अगले हिस्से की ओर से यात्रियों को चिल्लाते हुए सुना। इन यात्रियों ने पायलटों के बीच हुई कहासुनी की आवाजें सुनी थीं। यात्रियों के अनुसार, सऊदी अरब में उतरने से पहले विमान अचानक काफी नीचे की ओर झुक गया था। उन्होंने यह भी बताया कि सभी यात्री विमान के अंदर ही हैं और उनके आसपास सऊदी सुरक्षा बलों की भारी मौजूदगी है। 'फ्लाईदुबई' ने बाद में पुष्टि की कि इस्राइल के मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे 'बेन गुरियन' जा रही उसकी उड़ान 'एफजेड 1073' में एक तकनीकी/आपात घटना हुई, जिसके बाद बुधवार को इसे सऊदी अरब के तबूक शहर में सुरक्षित उतारा गया। विमानन कंपनी ने कहा, हमारी टीम संबंधित प्राधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। जैसे ही इस बारे में और पुख्ता जानकारी मिलेगी, आगे का ब्योरा साझा किया जाएगा। उड़ान की निगरानी करने वाली वेबसाइट से मिली जानकारी के अनुसार, यह विमान 'बोइंग 737 मैक्स 8' मॉडल का था। फ्लाईदुबई, अमीरात एयरलाइंस की कम लागत वाली सहयोगी विमानन कंपनी है। इजराइल और संयुक्त अरब अमीरात के 2020 में संबंध सामान्य होने के बाद से दोनों देशों के बीच वाणिज्यिक उड़ानें संचालित होती रही हैं। किफायती सेवाएं देने वाली इस विमानन कंपनी के बेड़े में पूरी तरह से 'बोइंग 737' श्रृंखला के ही विमान शामिल हैं। दो इंजन और एकल-गलियारे (विमान के भीतर बीच में चलने का केवल एक रास्ता) वाले इस विमान का इस्तेमाल दुनिया भर की विमानन कंपनियों द्वारा व्यापक रूप से किया जाता है।

इस सीजन निपट गए...

कर्मचारियों के खिलाफ पुलिस में मामला भी दर्ज करा दिया गया है। यहां यह बताना लाजिमी है कि धान के सूखत का खेल बरसों से चल रहा है। कई ऐसी सोसाइटियां हैं, जहां लिमिट से ज्यादा सूखा बताकर अफरातफरी की जाती है। बहरहाल जांच के बाद प्रदेश के 12 जिलों दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, सक्ती, जगदलपुर, रायपुर, गरियाबंद, महासमुंद और बलौदाबाजार-भाटापारा में अभी कार्रवाई की गई है। खाद्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, धान खरीदी कार्य के निरीक्षण और पर्यवेक्षण में स्कंध में कमी, स्कंध ज्यादा और अव्यवस्थित स्टेकिंग, नीति विपरीत कार्य-निर्देशों का उल्लंघन, अमानक धान खरीदी, धान खरीदी में अनियमितता, अवकाश के दिन धान खरीदी सहित फर्जी खरीदी, अनियमितता, टोकन अनियमितता, बिना आवक पर्ची, अवैध वसूली, अव्यवस्था और बारदाना वितरण में अनियमितता मामलों पर कार्रवाई की गई है।

कोर्ट के संज्ञान में मामला : धान के सूखने और उसकी वसूली को लेकर छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ लगातार विरोध करता रहा है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने भी एक महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा था कि यदि धान की ढुलाई और उठाव में देरी सरकारी एजेंसियों जैसे मार्कफेड या मिलर्स की गलती से हुई है, तो समितियों या प्रबंधकों से इसकी वसूली करना अनुचित है और इसके लिए केंद्र व राज्य को एक स्पष्ट नीति बनानी चाहिए।

अतिथि व्याख्याता बनने समान अंक ...

महाविद्यालय के साथ राजकीय विश्वविद्यालय में एक शैक्षणिक सत्र में न्यूनतम 5 माह अध्यापन कार्य पूरा करने पर 5 अंक दिए जाने का प्रावधान किया गया है। पूर्व नीति में राजकीय विश्वविद्यालय में किए गए अध्यापन अनुभव का यह लाभ स्पष्ट रूप से उपलब्ध नहीं था। मंत्रिपरिषद में लिए गए निर्णय के अनुसार यह कहा गया है कि शासकीय महाविद्यालयों के साथ राजकीय विश्वविद्यालयों के विस्थापित अतिथि व्याख्याताओं के कार्यानुभव का उपयोग करते हुए उन्हें रिक्त पदों पर पुनर्नियोजन का अवसर दिया जाए तथा मानदेय निर्धारण में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने के लिए कालखण्ड आधारित व्यवस्था के स्थान पर कार्य-दिवस आधारित मानदेय व्यवस्था लागू की जाए। अतिथि व्याख्याताओं एवं अन्य अतिथि शैक्षणिक अमले के कार्य-दायित्व, कार्य-अवधि एवं आकस्मिक अवकाश संबंधी प्रावधानों को भी स्पष्ट किया गया है। हनुमान अंश टैक्स फ्रीः मंत्रिपरिषद की बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा 10 सितम्बर, 2026 को फिल्म 'हनुमान अंश' को टैक्स फ्री किए जाने की घोषणा के परिपालन में फिल्म के प्रदर्शन पर प्रवेश के लिए देय राज्य माल और सेवा कर के समतुल्य धनराशि की प्रतिपूर्ति सिनेमाघरों को किए जाने वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा जारी आदेश का समर्थन किया गया।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा पूर्व अग्निवीर ...

पदों पर पूर्व अग्निवीरों को आरक्षण का लाभ मिलेगा। अब इस आरक्षण को लागू करने के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा पूर्व अग्निवीर सैनिक भर्ती नियम, 2026 बनाया गया है, जिसका मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन किया गया है। इन नियमों में नियुक्ति एवं सेवा शर्तें, भर्ती के मापदंड, आरक्षण और चयन प्रक्रिया निर्धारित की गई है।

केवाईसी नहीं तो नहीं मिलेगी...

अक्टूबर से बढ़ाकर 21 नवंबर कर दी गई है। एक महत्वपूर्ण है नया यूपीआई एमडीआर फ्रेमवर्क, जो 2000 रुपए से ऊपर के खास मर्चेंट ट्रांजैक्शन पर लागू होगा। अच्छी बात यह है कि ग्राहकों से कोई एमडीआर नहीं कटेगा और व्यक्ति-से-व्यक्ति यूपीआई ट्रांजैक्शन बिल्कुल मुफ्त रहेंगे। हालांकि यह 15 अक्टूबर से लागू होगा। **टिकट चेकिंग के बदले नियम :** सेंट्रल रेलवे 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक एक खास 'टिकट चेकिंग अभियान' चलाने जा रहा है। इस अभियान का सबसे बड़ा नियम है 'वन टिकट, वन ओरिजिनल आईडी'। रेलवे के अधिकारियों ने साफ कहा है कि अब सफर के दौरान सिर्फ टिकट होना ही काफी नहीं है, बल्कि आपके पास अपना ओरिजिनल पहचान पत्र भी होना चाहिए।

एफडी और...

आरबीआई के नियमों के तहत, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को कामकाजी दिनों में सुबह 10 बजे तक अपनी वेबसाइट पर लागू दरें प्रकाशित करनी होंगी।

:: आम सूचना ::
(हेरिटेज हॉस्पिटल के संबंध में)

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार हेरिटेज हॉस्पिटल छ.ग. पता शांति सरोवर के पीछे सिटी ऑफ ड्रीम्स के सामने, कचना, रायपुर छ.ग. में 01 जनवरी 2018 से 31 दिसम्बर 2018 तक के ईलाज हेतु भर्ती मरीजो के रिकार्ड नॉन मेडिकल लीगल केसेस (Non MLC) बेडहेड टिकिट एवं अन्य संपूर्ण रिकार्ड को नियमानुसार दिनांक 15.10.2026 को दिन गुरूवार को नष्ट किया जाना है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था निकाय, शासकीय अर्धशासकीय कार्यालय व उक्त दस्तावेजों से संबंधित मरीजो को यदि उक्त चिकित्सकीय दस्तावेजों की आवश्यकता हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 (पंद्रह) दिवस के भीतर हेरिटेज हॉस्पिटल प्रशासनिक कार्यालय शांति सरोवर के पीछे सिटी ऑफ ड्रीम्स के सामने, कचना, रायपुर छ.ग., मो.नं 8717870920 में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर नियमानुसार लिखित आवेदन प्रस्तुत कर दस्तावेज प्राप्त कर लेवे अन्यथा बाद म्याद उक्त नष्ट किये गये दस्तावेजों के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई जवाबदारी, जवाबदेही हॉस्पिटल प्रबंधन की नही होगी एवं उक्त संबंध में किसी प्रकार की कोई दावा आपत्ति स्वीकार्य नही होगी।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 30/09/2026

भवदीय
मोहम्मद अजीज हुसैन अधिवक्ता
पता - आकृति फोटो स्टुडियो बिल्डिंग, प्रथम तल, पिंटू चौक, बाजार चौक, भनपुरी, रायपुर छ.ग.
मो. नंबर - 9300205215

कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक /2245/स्थापना/ज.पं./2026-27 छुरिया, दिनांक 29/09/2026

रूचि की अभिव्यक्ति

राज्य शासन की विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत संचालित स्व सहायता समूहों, शिल्पियों, बुनकारों, दस्तकारों, कुम्भकारों अथवा अन्य पारंपरिक एवं कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों का समुचित मूल्य सुनिश्चित करने हेतु इनके व्यवसायिक ढंग से मार्केटिंग किये जाने हेतु जिला राजनांदगांव अंतर्गत विकासखण्ड मुख्यालय छुरिया में आधुनिक शो रूम की तरह ही एक सी-मार्ट की स्थापना की गयी है। सी-मार्ट के प्रथम तल में निर्मित यार्ड में दुकान संचालन, सी-मार्ट परिसर में निर्मित छोटा दुकान में दुकान का संचालन, पंचायत कैफे दुकान क्र. 02 का संचालन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत पंजीकृत स्व- सहायता समूह द्वारा बिहान रसोई का संचालन किया जावेगा।

इस हेतु, इच्छुक महिला स्व- सहायता समूह/संस्थाओं/फर्म से मोहरबंद प्रपत्र में रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदा से संबंधित सामान्य नियम एवं शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज कार्यालयीन अवधि में कार्यालय जनपद पंचायत छुरिया के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन व प्रदाय करने की तिथि	निविदा प्रारंभ की तिथि 01.10.2026 निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 15.10.2026 समय दोपहर 01:00 बजे तक तथा निविदा खोले जाने की। तिथि 15.10.2026 समय दोपहर 03:00 बजे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत छुरिया

सोने की नीलामी की सूचना
बजाज फाइनेंस लिमिटेड ("BFL");
पंजीकृत कार्यालय: चौथी मंजिल, बजाज फिनसर्व हाउस, ऑफ पुणे-अहमदनगर रोड, विमान नगर, पुणे - 411014

BAJAJ FINANCE

ऋणियों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित ऋणियों ने बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद लोन का भुगतान या आवश्यक मार्जिन जमा नहीं किया है। इस कारण, ऋणियों द्वारा लोन के विरुद्ध सुरक्षा के रूप में गिरवी रखे गए सोने की नीलामी "जैसा है, जहाँ है" के आधार पर निम्नलिखित शर्तों के अनुसार की जाएगी: 1. क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (सोने का विवरण एवं सकल वजन) की सम्पूर्ण जानकारी देखें, 2. बोलीदाताओं के लिए सभी नियम एवं शर्तें निम्न लिंक पर उपलब्ध हैं: All about our Terms and Conditions - Bajaj Finance Limited 3. सभी बोलीदाताओं को नीलामी से पूर्व ₹25,000/- की अग्रिम जमा राशि (EMD) ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है; 4. नीलामी स्थल पर प्रातः 10 बजे वैध पहचान एवं पते के प्रमाण के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। नीलामी की तिथि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करना उपरोक्त नियमों एवं शर्तों की स्वीकृति माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए wecare@bajajfinserv.in पर संपर्क करें।

(12-11-26) **अम्बिकापुर - अंबेडकर चौक:** PLI4EGL91430632, 41439623, 93035891, 42904071, 97276082. **अम्बिकापुर - बह्मा रोड:** PRP8EGL90827901, 90814617, 95136867, 95523778, 96239319, 96775398, 96787327, 96939044, 97178618. **भिलाई - जी.ई. रोड:** PBX2GOL18464025, 20124113, 30408568, 40538213, 91145643, 91291679, 92115588, 93009621, 42640830, 43122627, 43092449, 94850245, 95359507, 95291274, 95375261, 44111311, 96690102, 96751969, 45435006. B **भिलाई - कृष्णा थिएटर रोड:** PMM8GOL42091699, 94348092, 94891445, 96811211. **भिलाई - पावर हाउस चौक:** PLI3EGL93911035, 94853253, 95319690, 97540857. (13-11-26) **भिलाई - सिरसा गेट चौक:** PMM9GOL16828720, 90882566, 94650892, 94855819, 94861092, 95088685, 95972290, 96442220. **भिलाई - स्मृति नगर:** PLL2GOL40733199, 92775142, 42501448, 94597453, 95972848, 96240901. **बिलासपुर - अग्रसेन चौक:** PGJ8GOL40523552, 90803675, 91079071, 91262793, 91271245, 91424462, 91422858, 91799649, 91861066, 91823907, 92695893, 92723687, 92662351, 92932298, 93181574, 42031571, 42069729, 42367185, 93892136, 94352376, 94619043, 43076141, 43298133, 95355492, 95569317, 96004458, 96028312, 96284798, 44329166, 96692487, 96721930, 94891445, 96811211. **भिलाई - पावर हाउस चौक:** PLI3EGL93911035, 94853253, 95319690, 97540857. (13-11-26) **भिलाई - सिरसा गेट चौक:** PMM9GOL16828720, 90882566, 94650892, 94855819, 94861092, 95088685, 95972290, 96442220. **भिलाई - स्मृति नगर:** PLL2GOL40733199, 92775142, 42501448, 94597453, 95972848, 96240901. **बिलासपुर - अग्रसेन चौक:** PGJ8GOL40523552, 90803675, 91079071, 91262793, 91271245, 91424462, 91422858, 91799649, 91861066, 91823907, 92695893, 92723687, 92662351, 92932298, 93181574, 42031571, 42069729, 42367185, 93892136, 94352376, 94619043, 43076141, 43298133, 95355492, 95569317, 96004458, 96028312, 96284798, 44329166, 96692487, 96721930, 94891445, 96811211.

कंपनी एप्पल-पे ने एक्सिस बैंक के साथ मिलकर भारत में शुरू की सेवा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल ने एक्सिस बैंक के साथ मिलकर एप्पल-पे सेवा शुरू कर भारतीय भुगतान बाजार में प्रवेश किया है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एप्पल के उपयोगकर्ता आईफोन, आईपैड और एप्पल वॉच के जरिये इस सेवा का इस्तेमाल कर सकेंगे। मैक के लिए भी इसका समर्थन जल्द उपलब्ध होगा।

एप्पल-पे और एप्पल वॉलेट की उपाध्यक्ष जेनिफर बेली ने कहा, ''भारत एक गतिशील आबादी वाला देश है जो डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल करती है और लगातार नकदी रहित भविष्य को अपना रही है। साथ ही सुरक्षा तथा गोपनीयता के उच्च मानकों की अपेक्षा करती है। हमें आज भारत में उपयोगकर्ताओं के लिए एप्पल-पे लाने को लेकर बहुत उत्साह है।

एप्पल के उपयोगकर्ता इस सेवा का इस्तेमाल कर सकेंगे, मैक के लिए भी इसका समर्थन जल्द उपलब्ध होगा

पिन डालने या ओटीपी की जरूरत नहीं होगी

कंपनी ने कहा कि एप्पल उपकरणों के उपयोगकर्ता दुकानों, ऐप तथा वेबसाइट पर भुगतान कर सकेंगे। इसके लिए भुगतान के समय पिन डालने या ओटीपी का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं होगी। बयान में कहा गया, ''एक्सिस बैंक द्वारा जारी वीजा और मास्टरकार्ड क्रेडिट कार्ड वाले ग्राहक अपने कार्ड एप्पल पे में जोड़ सकते हैं और भारत में हजारों दुकानों तथा ऑनलाइन कारोबारियों के यहां, साथ ही कहीं भी जहां एनएफसी लेनदेन स्वीकार किए जाते हैं, उनका इस्तेमाल कर सकते हैं।''



एप्पल पे फिलहाल 90 से अधिक देशों में उपलब्ध : एप्पल ने कहा कि उसने भारत में अपने कारोबारी नेटवर्क पर एप्पल पे उपलब्ध कराने के लिए कैशफ्री, जसपे, एमस्वाइप, पेटीएम, पेयू, पाइन लैब्स, रेजरपे, वर्ल्डलाइन और अन्य भुगतान सेवा प्रदाताओं (पीएसपी) के साथ मिलकर काम किया है। समय के साथ और अधिक कारोबारी तथा ऐप इससे जुड़ेंगे। एप्पल पे फिलहाल 90 से अधिक देशों और क्षेत्रों में उपलब्ध है तथा दुनियाभर में 11,000 से अधिक बैंक और नेटवर्क साझेदारों के साथ काम करती है।

डेबिट या क्रेडिट कार्ड ऐप से जोड़ सकते हैं : *एप्पल पे उपयोगकर्ता भुगतान करने के लिए अपने डेबिट या क्रेडिट कार्ड को ऐप में जोड़ सकते हैं। जब ग्राहक एप्पल पे के साथ कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, तो कार्ड का वास्तविक नंबर न तो उपकरण में और न ही एप्पल के सर्वर पर रखा जाता है और न ही एप्पल इसे कारोबारी के साथ साझा करता है। कंपनी लेनदेन का विवरण अपने पास नहीं रखती इसके बजाय, एक विशिष्ट 'डिवाइस अकाउंट नंबर' दिया जाता है, जिसे एनक्रिप्ट करके सिक्योर एलिमेंट में सुरक्षित रूप से रखा जाता है। यह उद्योग मानकों के अनुरूप प्रमाणित चिप है, जिसे उपकरण में भुगतान संबंधी जानकारी सुरक्षित रखने के लिए तैयार किया गया है। एप्पल लेनदेन का विवरण भी अपने पास नहीं रखती है।*

एप्पल पे की अन्य बैंकों के साथ बाचतीत जारी: *मामले से जुड़े घटनाक्रम पर नजर रखने वाले एक सूत्र ने कहा, ''एप्पल पे की अन्य बैंकों के साथ भी बातचीत जारी है। इनमें से कुछ बैंक इस साल के अंत तक इसके साथ जुड़ सकते हैं।'' सेवा शुरू होने के साथ ही एप्पल पे को भारत में लाखों कारोबारियों के यहां स्वीकार किया जाएगा। इनमें एप्पल स्टोर के अलावा ब्लिंकिट, चायोस, कॉमेट, क्रोमा, इंटरफ्लोरा, इक्सिगो, ले15 पैटिसरी, रिलायंस ब्रांड्स, टाटा 1एमजी, जोमैटो और अन्य शामिल हैं।*

आईफोन चोरी पर तुरंत पता लगाया जा सकता है

यदि किसी उपयोगकर्ता का आईफोन खो जाता है या चोरी हो जाता है, तो वह 'फाइंड माई' ऐप का इस्तेमाल कर उस उपकरण का तुरंत पता लगा सकता है, उसे लॉक कर सकता है या उससे भुगतान की सुविधा निलंबित कर सकता है। एप्पल ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के साथ भी बातचीत की है, लेकिन अभी तक इस पर कोई निष्कर्ष नहीं निकला है

नए सीएएफई -3 मानक एक अप्रैल 2027 से होंगे लागू

नए सीएएफई मानक जारी, पांच साल में ईंधन दक्षता 16.7 फीसदी सुधारने का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने यात्री वाहन विनिर्माताओं के लिए सीएएफई-3 के कड़े ईंधन दक्षता मानक अधिसूचित किए हैं, जिनका लक्ष्य पांच साल में वाहनों की औसत ईंधन खपत में 16.7 प्रतिशत सुधार करना है। इसके लिए वाहन कंपनियों को इलेक्ट्रिक वाहन, हाइब्रिड, वैकल्पिक ईंधन और ईंधन बचाने वाली प्रौद्योगिकियों के जरिये लक्ष्य हासिल करने के अधिक विकल्प भी दिए गए हैं।

बिजली मंत्रालय की तरफ से अधिसूचित नए 'कॉरपोरेट औसत ईंधन अर्थव्यवस्था' (सीएएफई-3) मानक एक अप्रैल, 2027 से लागू होंगे और 31 मार्च, 2032 तक प्रभावी रहेंगे। इसके तहत औसत ईंधन खपत का मानक 2027-28 में 3.996 लीटर प्रति 100 किलोमीटर से घटकर 2031-32 में 3.327 लीटर प्रति 100 किलोमीटर हो जाएगा।

हल्के वाहनों के लिए नरम लक्ष्य

नए ईंधन दक्षता मानक मौजूदा सीएएफई व्यवस्था की जगह लेंगे। इनमें वाहनों के औसत वजन को भी अधिक महत्व दिया गया है। संदर्भ वाहन का वजन मौजूदा 1,082 किलोग्राम से बढ़ाकर 1,229 किलोग्राम कर दिया गया है। इससे हल्के वाहनों के लिए अपेक्षाकृत नरम लक्ष्य और भारी वाहनों के लिए अधिक ईंधन दक्षता सुधार की जरूरत होगी।

बेहतर प्रदर्शन करने वाली कंपनी क्रेडिट अर्जित करेगी: लक्ष्य से बेहतर प्रदर्शन करने वाली कंपनियां अनुपालन क्रेडिट अर्जित कर सकेंगी, जबकि लक्ष्य से पीछे रहने पर डेबिट जमा होगा।

अधिसूचित मानक 31 मार्च 2032 तक प्रभावी रहेंगे

औसत ईंधन खपत का मानक घटकर 3.327 लीटर प्रति 100 किमी होगा

वाहनों के औसत वजन को बढ़ाकर 1,229 किलोग्राम कर दिया गया

इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों को अधिक भार दिया जाएगा

नए मानकों के तहत इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों को कंपनी के औसत ईंधन दक्षता लक्ष्य की गणना में उनकी वास्तविक संख्या से अधिक भार दिया जाएगा। इसके तहत बैटरी इलेक्ट्रिक और रेंज एक्सटेंडेड इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 3.0, प्लग-इन हाइब्रिड और फ्लेक्स-फ्यूल एथनॉल आधारित मजबूत हाइब्रिड वाहनों के लिए 2.5, मजबूत हाइब्रिड वाहनों के लिए 1.6 और फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के लिए 1.1 का गुणक तय किया गया है।



उद्देश्य जीवाश्म ईंधन की खपत कम करना

इसका उद्देश्य भारत में जीवाश्म ईंधन की खपत कम करने के साथ इलेक्ट्रिक, हाइब्रिड, एथनॉल और अन्य स्वच्छ वाहन प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना है। एक हजार से कम पात्र वाहनों का सालाना उत्पादन या आयात करने वाली कंपनियां किसी विशिष्ट औसत ईंधन दक्षता लक्ष्य को पूरा करने से मुक्त रहेंगी। हालांकि, उन्हें ईंधन खपत से जुड़े आंकड़ों की जानकारी देनी होगी।

नई प्रौद्योगिकी शामिल होगी

इनमें स्टार्ट-स्टॉप प्रणाली, टायर प्रेशर निगरानी, रीजनरेटिव ब्रेकिंग, अधिक दक्षता वाले अल्टरनेटर, माइक्रो-हाइब्रिड प्रणाली और एलईडी लाइटिंग जैसी प्रौद्योगिकी शामिल हैं। वैकल्पिक ईंधन से चलने वाले वाहनों को भी सीएएफई-3 के तहत कार्बन निरपेक्षता घटक के जरिये अनुपालन में अतिरिक्त लाभ मिलेगा।

आठ प्रतिशत का कार्बन निरपेक्षता घटक लागू होगा

इसके तहत ई20 या इससे अधिक एथनॉल-मिश्रित पेट्रोल से चलने वाले वाहनों के टेलपाइप सीओ2 उत्सर्जन पर आठ प्रतिशत का कार्बन निरपेक्षता घटक लागू होगा। फ्लेक्स-फ्यूल एथनॉल वाहनों के लिए यह घटक 22.3 प्रतिशत होगा। सीएनजी वाहनों के मामले में पांच प्रतिशत या अधिसूचित सीबीजी मिश्रण के प्रतिशत, जो भी अधिक हो, का कार्बन तटस्थता घटक लागू होगा।

नए नियम अनुपालन की पहली अवधि तीन वर्ष की होगी : नए नियमों के अनुपालन की पहली अवधि वित्त वर्ष 2027-28 से तीन साल की होगी, जबकि दूसरीअवधि 2030-31 से दो साल की होगी। किसी भी अवधि के अंत में निपटान नहीं किए गए क्रेडिट समाप्त हो जाएंगे। अप्रैल, 2027 से वाहन कंपनियों को संशोधित भारतीय ड्राइविंग चक्र (एमआईडीसी) और विश्व स्तर पर सामंजस्यपूर्ण हल्के वाहनों की परीक्षण प्रक्रिया (डब्ल्यूएलटीपी) दोनों के तहत वाहनों के प्रदर्शन की जानकारी देनी होगी।

आरमी इंफोटेक का शेयर 21 फीसदी टूटकर सूचीबद्ध

नई दिल्ली। आरमी इन्फोटेक लिमिटेड के शेयर ने बुधवार को बाजार में कमजोर शुरुआत की और सूचीबद्ध होने के बाद अपने 375 रुपये के निर्गम मूल्य से 21 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। कंपनी का शेयर बीएसई पर 368.85 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 1.64 प्रतिशत कम है। कारोबार के दौरान शेयर 21.30 प्रतिशत टूटकर 295.10 रुपये पर आ गया।

एड्रोइट इंडस्ट्रीज के शेयर की बाजार में मजबूत लिस्टिंग : नई दिल्ली। एड्रोइट इंडस्ट्रीज के शेयर ने बुधवार को बाजार में मजबूत शुरुआत की और 134 रुपये के निर्गम मूल्य से 86.5 प्रतिशत उछलकर सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 250 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 86.56 प्रतिशत अधिक है। एनएसई पर यह निर्गम मूल्य से 75.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 235 रुपये पर खुला।

OFFICE OF THE SUPERINETENDING ENGINEER PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR CIRCLE BILASPUR, CHHATTISGARH

AMENDMENT NOTICE

Amendment are made in N.I.T. No.320 dated 24.09.2026

Existing Description	To be read
PAC amount - 19.99	PAC amount - 16.94

Other conditions will remain same.

पूर्व जी. नं. - 262703554

G-262703631/4

Superintending Engineer
PWD, Bilaspur Circle
Bilaspur (CG)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/CHAIBASA/09/2026-27

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	पश्चिमी सिंहभूम जिला के चक्रधरपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत इटोर में ग्राम घाघरघाट में गोबरी नदी पर पुल निर्माण।	32991600.00	660000.00	10000.00	18 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 07.10.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 07.10.2026 से दिनांक 27.10.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –. 29.10.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7209247617 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा खोलने की तिथि से 5 दिनों के अन्दर निविदादाता अपनी आपत्ति / दावा दर्ज कराये अन्यथा अवधि बीतने के पश्चात् कोई भी आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगा।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक के जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
12. किसी भी समय बिना सूचना के निविदा रद्द एवं किसी भी प्रकार का संशोधन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा एवं इस पर किसी प्रकार का दावा एवं आपत्ति मान्य नहीं होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,पश्चिमी सिहंभूम, चाईबासा

PR 390831 West Singhbhum(26-27).D

ट्राई ने बदला स्पैम कॉल पर लगाम लगाने नियम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्पैम कॉल और परेशान करने वाले कमर्शियल कॉल्स पर लगाम लगाने के लिए ट्राई ने नए नियम जारी किए हैं। अब अगर किसी टेलीकॉम कंपनी का एआई या मशीन लर्निंग बेस्ड सिस्टम किसी नंबर से आने वाली कॉल को 'संदेहास्पद कॉल' के तौर पर फ्लैग करता है, तो कार्रवाई के लिए ग्राहक की शिकायत का इंतजार नहीं करना होगा। ट्राई ने टेलीकॉम कमर्शियल कम्यूनिकेशन कस्टमर प्रिफरेंस (थर्ड अमेंडमेंट) रेगुलेशन , 2026 जारी किए हैं। एआई से स्पैम कॉल पकड़ी गई तो क्या होगा? नए नियमों के तहत जिस टेलीकॉम कंपनी को कोई कॉल संदिग्ध स्पैम के तौर पर मिलेगी, उसे दो घंटे के अंदर उस कॉल की जानकारी उस ऑपरेटर के साथ शेयर करनी होगी, जिसके नेटवर्क से कॉल शुरू हुई थी।



टेलीकॉम कंपनियों को करनी होगी कार्रवाई

इसके बाद ओरिजनेटिंग एक्सेस प्रोवाडर यानी ओएपी को एक बिजनेस डे के अंदर उस नंबर से जुड़े सेंडर का केवाईसी आइडेंटिफायर पता करना होगा। इसके बाद दूसरे टेलीकॉम ऑपरेटर्स भी अपने सिस्टम में जांच करेंगे कि पिछले 10 दिनों में उसी संदिग्ध सेंडर से जुड़े दूसरे कनेक्शन तो नहीं मिले हैं। अगर पिछले 10 दिनों में सेंडर के पांच या उससे ज्यादा सीएलआई यानी कालिंग लाइन आईडेंटिफिकेशन नंबर संदिग्ध पाए जाते हैं, तो संबंधित टेलीकॉम कंपनियों को उसके खिलाफ कार्रवाई करनी होगी।

ट्रूकॉलर जैसे ऐप्स पर भी नया नियम

ट्राई के नए नियमों के मुताबिक, कॉल मैनेजमेंट ऐप्स या ऐसी सर्विसेज को अथॉरिटी के तय नंबर सीरीज, जैसे 160 से शुरू होने वाले नंबरों से आने वाली कॉल को खुद से टैग, ब्लॉक या फिल्टर करने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, यूजर्स अपने डिवाइस पर अपनी जरूरत के मुताबिक किसी भी कॉल को खुद ब्लॉक या फिल्टर कर सकेंगे।

दोबारा गलती पर एक साल के लिए निलंबन : अगर दोबारा उल्लंघन होता है, तो सेंडर के सभी टेलीकॉम रिसोर्स, जैसे सिम, पीआरआई और सिप ट्रंक आदि को एक साल तक डिस्कनेक्ट किया जा सकता है। इस अवधि में सेंडर को ब्लैकलिस्ट भी किया जाएगा और नया टेलीकॉम रिसोर्स नहीं दिया जाएगा। गंभीर मामलों में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के पास शिकायत भी की जा सकती है।

पहली गलती पर 15 दिन तक आउटगोइंग बंद : अगर एआई सिस्टम के जरिए पहली बार उल्लंघन पकड़ा जाता है, तो सेंडर के सभी टेलीकॉम रिसोर्स की आउटगोइंग सर्विस 15 दिनों के लिए बंद की जा सकती है। इसमें वे कनेक्शन भी शामिल होंगे, जिनका इस्तेमाल उस स्पैम कम्युनिकेशन के लिए नहीं हुआ था।

प्रमोशनल कॉल बंद करने के लिए नया तरीका : *जो ग्राहक सभी कैटेगरी की टेलीमार्केटिंग कॉल्स को ब्लॉक करना चाहते हैं, उन्हें 1909 पर ब्लाक प्रोमो लिखकर एसएमएस करना होगा। इससे प्रमोशनल कमर्शियल कम्युनिकेशन ब्लॉक होंगे, लेकिन ट्रांजैक्शन, सर्विस और सरकारी कम्युनिकेशन प्रभावित नहीं होंगे।*

फुली ब्लॉक 15 दिनों के अंदर : *ट्राई के मुताबिक, पहले से फुली प्लॉक कैटेगरी में दर्ज प्रेफरेंस को नोटिफिकेशन के 15 दिनों के अंदर ब्लॉक प्रोमो कैटेगरी में माइग्रेट किया जाएगा। नए नियमों को स्टेज में लागू किया जाएगा, जिसकी प्रक्रिया नोटिफिकेशन के बाद 30 से 90 दिनों के बीच पूरी की जाएगी।*

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

टीचर

Wanted- Required teachers for Physics, Chemistry, Biology, Commerce, History, Sociology, Political-Science and Economics. Candidate must be PG with B.Ed English Medium. Principal, Glorious School, Krishna Nagar Near Santoshi Nagar, Raipur. 8226078877, 7987357145.(आरो-213)

आवश्यकता है- प्रकाश पब्लिक स्कूल में MSC., BED.,(मैथ्स), प्राइमरी मे डीएड टीचर व आया महिला की आवश्यकता है। संपर्क विथ बायोडाटा। पता:- सेक्टर-11, जोन-1, खुर्सीपार भिलाई - 9399147944.(आरो-4175)

सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- रायपुर स्थित प्रतिष्ठित कार्यालय एवं बंगलो के लिए 12 घंटे की ड्यूटी हेतु अनुभवी, अनुशासित एवं जिम्मेदार सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है। अनुभवः न्यूनतम 5 वर्ष शैक्षणिक योग्यताः 10वीं -12वीं पास वेतनः योग्यता एवं अनुभव अनुसार आकर्षक वेतन कार्य स्थलः सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्क करें:- 9109125252, 9109972720.(आरो-085)

हरिभूमि क्लासीफाईड

घरेलु नौकर

आवश्यकता है- रायपुर (सिविल लाइन्स) स्थित एक प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की तत्काल आवश्यकता है। अनुभवः कम से कम 5 वर्ष शिक्षा न्यूनतम 10वीं पास वेतन 20,000 प्रतिमाह तक सुविधाएं:- रहने की व्यवस्था है स्थान सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्क करें:- 9109972720, 9109125252.(आरो-084)

सेल्समैन

आवश्यकता है- रायपुर में गैस सिलेंडर मार्केटिंग हेतु सेल्समैन की आवश्यकता है। मार्केट में जाकर नए ग्राहक बनाने एवं बिक्री बढ़ाने का कार्य करना होगा। उम्मीदवार रायपुर का स्थानीय निवासी होना चाहिए। स्वयं की बाइक अनिवार्य, वेतन- योग्यता, अनुभव अनुसार फिक्स+ आकर्षक इंसेंटिव, इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें:- 9183313130, 9179829993. (आरो-765)

सफाई कर्मचारी

आवश्यकता है- सफाई कर्मचारी चाहिए पुराना पुल, पुलगांव नाका दुर्ग स्थित साईं मंदिर में साफ सफाई के लिए मेहनती, ईमानदार, सेवाभावी महिला/पुरुष कर्मचारी की आवश्यकता है। वेतन 6000-7000 रुपए तक मिलेगा। संपर्क– 6267041319. (आरो-341)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

ड्रायवर/गार्ड

आवश्यकता है- भाटागांव, रायपुर मे ड्राइवर, गार्ड और अन्य काम हेतु 10वीं 25/30 वर्षीय युवक की। रहने / पकाने / खाने हेतु सुविधा। वेतन योग्यतानुसार। शराब के आदी क्षमा करें। संपर्क: 7415213236, 7974100341.(आरो-A)

डिलिवरी कार्य

आवश्यकता है- कोरियर बाइकर डिलिवरी हेतु पढे लिखे जिम्मेदार युवक चाहिए। श्रीमारुती कोरियर, कार्नर हाऊस, कालीमाता मंदिर के आगे, रिंगरोड 1, कुशालपुर रायपुर, काल-वाटशप 9399676408. (आरो-305)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसर कॉल / मेसेज 7999847673 समय 12 से 5 तक (आरो - 342)

सेल्सेकर्मी

आवश्यकता है- सेल्स डोर टू डोर के लिए सेल्सकर्मी मेल और फीमेल की आवश्यकता वेतन + कमीशन + टीएडीए संपर्क मिलेः डुको आर्ट शादीजा कंपाउंड LIG-64, बैंक ऑफ इंडिया के सामने अवन्ति विहार रायपुर 98272-45678. (आरो-948)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

मेडिकल शॉप कार्य

आवश्यकता है- होलसेल मेडिकल शॉप में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता हैं। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करे- अनंता हेल्थकेयर , मोबाइल - 975283999, 8120199000. (आरो-303)

ड्रायवर

आवश्यकता है- घर में कार चलाने हेतु ड्रायवर की आवश्यकता है, वेतन ड्रायवर 16000 संपर्क:- न्यु शांति नगर, रायपुर (छ.ग.) मों:- 7646843870.(आरो-217)

आवश्यकता है- रायपुर शहर में गैस सिलेंडर डिलवरी हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइवर को Bolero महेंद्रा पिकअप चलाने का अनुभव हो तथा हेवी व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस (Heavy Vehicle License) अनिवार्य है। रायपुर का स्थानीय निवासी होना। वेतन- 18,000/- प्रतिमाह सम्पर्क:- 9183313130, 9179829993.(आरो-785)

नर्सिंग स्टाफ

आवश्यकता है- नर्सिंग स्टाफ, OT नर्स/ब्रदर की जरूरत। Salary- अनुभव के आधार में, CV के साथ सम्पर्क करे- अग्रवाल प्लास्टिक सर्जरी सेन्टर, 301, लालगंगा बिजनेस पार्क पचपेड़ी नाका, रायपुर। Mob. 9575042809. (10am से 7pm Mon to Sat.)(आरो-41967)

हरिभूमि क्लासीफाईड

घरेलु कार्य

आवश्यकता है- न्यू राजेंद्रनगर रायपुर घर के काम हेतु महिला की आवश्यकता,काम का समय सुबह 8 से 12, वेतन 6000/- संपर्क 8120289207, 9300201654.(आरो-A)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- गोल बाजार में थोक रेडीमेड कपड़ा दुकान में काम करने हेतु लड़के की अनुभवी/ बगैर अनुभवी वेतन योग्यतानुसार बायोडाटा सहित मिले। महेश फैब्रिक अलका रेस्टोरेंट के सामने दुकान नं 8 जैन ज्योति काम्प्लेक्स, चिकनी मंदिर के पास गोल बाजार रायपुर (छ. ग.) मो. - 9752022866, 7415842111.(आरो-347)

होटलकर्मी

आवश्यकता है- होटल कार्य (महिला/ पुरुष) दिन /रात , पोस्ट - सफाई कर्मचारी, स्वीपर,बाई , वेटर, मैनेजर . आकर्षक वेतन रहना खाना फ्री, संपर्क -होटल अपना केशरी लॉज, पावर हाऊस ,भिलाई, मो.- 98932-15251, 89669-81590.(आरो-340)

Property प्रापर्टी

प्लॉट बेचना है - बिलासपुर सकरी मेन रोड से दो कदम दूर पूर्ण विकसित कॉलोनी में सीसी रोड नाली, पानी, बिजली, सर्व सुविधायुक्त सहित नॉर्थ फेसिंग प्लॉट 100×50= 5000 वर्गफुट बेचना है सम्पर्क करें- 7898855268. (आरो-41750)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद "तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड Space Available for Ad. 6263818152

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

CLASSIFIED RATE CARD 01 अप्रैल 2025 से लागू हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

EDITION	Appointment	Service/Business	Property Rent & Sale	Display
Raipur City	500	620	550	175/- Sq cm
Bhilai + Durg Edition	440	560	520	150/- Sq cm
Bilaspur City	440	500	520	140/- Sq cm
Raipur All Edition	720	820	800	240/- Sq cm
Bilaspur All Edition	610	780	690	195/- Sq cm
All CG	1000	1150	1120	310/- Sq cm
All CG + MP	1280	1750	1600	330/- Sq cm
All Edition	1700	2100	2000	380/- Sq cm

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Price per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING LOOKS. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Display

GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

EDITION	RATE	
Raipur City	3000	2+1
Bhilai + Durg Edition	2800	5+3
Raipur Edition	4400	10+10
Bilaspur City	2500	15+18
Bilaspur Edition	3800	
All CG	5500	

MATRIMONIAL CG+MP

(Runing Matter)	(Size 5x1 Box)
500 /- 1 Sunday	800 /- 1 Sunday
900 /- 2 Sunday	1200 /- 2 Sunday
1200/- 3 Sunday	1500/- 3 Sunday

HEALTH CARE

Raipur City	55000	85000	1,10,000
Bilai + Durg Edition	50000	80000	1,00000
Bilaspur City	40000	70000	1,00000
Raipur All Edition	70000	1,20,000	1,60,000
Bilaspur All Edition	55000	1,00000	1,20,000
All CG	1,10,000	1,80,000	2,30,000

10X1 FOR SIZE

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 09083218330

44 साल बाद स्वर्ण पदक जीतने के करीब पहुंची महिला हॉकी टीम



कोरिया को हराकर फाइनल में बनाई जगह, अब सामना चीन से

एजेंसी ▶▶| काकामिगाहारा

शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों में 44 साल बाद स्वर्ण पदक जीतने के करीब पहुंच गई, जिसने बुधवार को दक्षिण कोरिया को 2-0 से हराकर 8 साल बाद फाइनल में जगह बनाई।

भारत के लिए इशिका ने 44वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया जबकि चार मिनट बाद कप्तान सलीमा टेटे ने गोल दागा। एशियाई खेलों में भारतीय महिला हॉकी टीम ने सिर्फ एक बार दिल्ली में 1982 में स्वर्ण पदक जीता था जब पहली बार महिला हॉकी को इन खेलों में शामिल किया गया। पिछली बार भारत ने कांस्य जीता और 2018 में रजत पदक जीता था। भारत का सामना अब मौजूदा चैंपियन चीन से होगा।

ग्रुप चरण में अजेय रही भारतीय टीम

ग्रुप चरण में सारे मैच जीतकर अजेय रही भारतीय टीम को कोरिया के डिफेंडरों ने बांधे रखा और मैच में बारह पेनल्टी कॉर्नर में से सिर्फ एक पर गोल हो सका। भारत ने पहले दो क्वार्टर में आठ पेनल्टी कॉर्नर बनाए लेकिन गोल नहीं हो सका। भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर दूसरे ही मिनट में मिला लेकिन दीपिका की फ्लिक को कोरियाई गोलकीपर सियोयिओन ली ने कुशलता से बचाया। दो मिनट बाद भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर नवनीत कौर को कामयाबी नहीं मिली। कोरियाई गोलकीपर ने 13वें मिनट में फिर बचाव किया जब दूर से मिले पास पर रुतुजा पिसाल का डिफ्लैक्शन सफल नहीं रहा। दूसरे क्वार्टर में भारत को तीन और पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। दूसरे हाफ में भी भारत ने लगातार हमले बोले जबकि कोरिया का डिफेंस मजबूत रहा।

आज सेमीफाइनल : पाकिस्तान से भिड़ेगा भारत



गत चैंपियन भारत गुरुवार को यहां एशियाई खेलों के पुरुष हॉकी सेमीफाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के साथ अंतरराष्ट्रीय हॉकी की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विताओं में से एक को फिर जीवंत करेगा तो टीम की नजरें 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने पर भी टिकी होंगी। एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम सीधे लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेगी और भारत इस मौके को गंवाना नहीं चाहेगा। दूसरे सेमीफाइनल में मलेशिया का सामना दक्षिण कोरिया से होगा।

कुश्ती : सुनील ने लगातार जीता दूसरा कांस्य



सुनील कुमार दो एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले भारत के पहले ग्रीको रोमन पहलवान बन गए, जिन्होंने बुधवार को पुरुषों के 87 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता जबकि निशा दहिया प्रतियोगिता के पहले ही दिन हारकर बाहर हो गई। सुनील ने फिलीपीन के रॉबर्टस कालम जॉनस्टन को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराकर कांस्य पदक जीता। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी का दाहिना हाथ बांधकर उन्हें पटखनी देते हुए 4-0 से बढत बना ली। रक्षात्मक खेल रहे जॉनस्टन को 'पार टेरे' पोजिशन से जमीन पर गिराते हुए सुनील ने स्कोरिंग मूव बनाते हुए पहले ही पीरियड में मुकाबला जीत लिया।



टेनिस : नागल ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

नागोया। टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने बुधवार को पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली जबकि दक्षिणेश्वर सुरेश तीसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। सातवीं वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 249वें स्थान पर काबिज नागल ने उज्बेकिस्तान के सर्गेई फोमिन को सीधे सेट में 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। नागल ने फोमिन के खिलाफ मुकाबले में शुरू से नियंत्रण बनाए रखा और सीधे सेटों में जीत दर्ज की। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त चीन के यीबिंग वू से होगा, जो विश्व रैंकिंग में 111वें स्थान पर हैं। नागल और वू इससे पहले 2024 शंघाई मास्टर्स में एक बार आमने-सामने हुए थे, जहां भारतीय खिलाड़ी को चीनी खिलाड़ी के खिलाफ 3-6, 3-6 से हार मिली थी। दूसरी ओर दक्षिणेश्वर को तीसरे दौर में चीनी ताइपे के छठी वरीयता प्राप्त चुन शिन सेंग के हाथों 3-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा।

मुक्केबाजी : गोल्ड से एक जीत दूर लवलीना

निशियो। मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने बुधवार को एशियाई खेलों में महिलाओं के 75 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में जगह पक्की की, लेकिन प्रिया घंघास और कपिल पोखरिया को सेमीफाइनल में हारने के कारण कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पिछले एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता लवलीना ने 75 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की मुक्केबाज नतालिया बोगदानोवा पर 3-2 के विभाजित फैसले से जीत हासिल की। बोगदानोवा 70 किलोग्राम में मौजूदा विश्व चैंपियन हैं। इससे लवलीना लगातार दो बार एशियाई खेलों के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बन गई हैं।

प्रिया और कपिल को कांस्य

प्रिया हालांकि महिलाओं के 60 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में चीन की पूर्व विश्व चैंपियन यांग चेंग्यू से हार गई और इस तरह से उन्हें कांस्य पदक मिला। एशियाई खेलों में पदार्पण कर रही 20 वर्षीय प्रिया को अपने कहीं अधिक अनुभवी चीनी प्रतिद्वंद्वी से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य भारतीय मुक्केबाज कपिल भी पुरुषों के 90 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के मौजूदा विश्व चैंपियन तुराबेक खबीबुल्लाएव से 1-4 के समान अंतर से हार गए और उन्हें भी कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।



पदक तालिका

स्थान	देश	स्वर्ण	रजत	कांस्य	कुल
1	चीन	150	66	59	275
2	जापान	50	76	73	199
3	द. कोरिया	24	30	48	102
4	उज्बेकिस्तान	16	19	19	54
5	थाईलैंड	12	10	12	34
6	ईरान	11	16	12	39
7	बहरीन	11	05	5	21
8	भारत	10	21	29	60
9	कजाखस्तान	09	16	31	56
10	उत्तर कोरिया	07	06	7	20



स्क्वाश : पुरुष और महिला टीम ने किए पदक पक्के

नागोया। भारतीय पुरुष और महिला टीम ने बुधवार को क्रमशः कुवैत और सिंगापुर को हराकर एशियाई खेलों की स्क्वाश प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई और अपने लिए पदक पक्के किए। भारतीय महिला टीम गुरुवार को सेमीफाइनल में हांगकांग से भिड़ेगी जबकि पुरुष टीम का सामना मलेशिया से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त और गत चैंपियन भारतीय पुरुष टीम ने क्वार्टर फाइनल में कुवैत पर 2-0 से जीत हासिल की। वीर चोटरानी ने पहले एकल मुकाबले में बदर अलमोगरेबी के खिलाफ काफी पसीना बहाया लेकिन आखिर में वह 34 मिनट तक चले मैच में 12-10, 8-11, 11-0, 11-5 से जीत हासिल करने में सफल रहे।

भारत की ऐतिहासिक जीत, सीरीज पर किया कब्जा

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

कप्तान शुभमन गिल की डबल सेंचुरी के दम पर भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बारसापरा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले को 8 विकेट से अपने नाम किया। बुधवार को खेले गए इस मैच में दमदार जीत के साथ टीम इंडिया ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्टइंडीज ने निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 405 रन बनाए। कैंपबेल 68 गेंदों में 5 छक्कों और 9 चौकों के साथ 101 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद कप्तान शाई होप ने आमिर जंगू के साथ 131 गेंदो में 182 रन जोड़कर टीम को 300 के पार पहुंचा दिया। होप 94 गेंदों में 104 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी में 3 छक्के और 8 चौके शामिल रहे, जबकि आमिर 77 गेंदों में 3 छक्कों और 13 चौकों के साथ 114 रन बनाकर आउट हुए। इनके अलावा, रोस्टन चेज ने 29 रन की नाबाद पारी खेली। भारत के लिए गूरनूर बरार, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट हासिल किए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 1 विकेट अपने नाम किया।



रोहित ने पूरे किए 12 हजार रन पूरे

रोहित शर्मा ने वनडे क्रिकेट में 12000 रन पूरे कर लिए हैं। बुधवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। रोहित शर्मा अब वनडे में 12 हजार रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले भारत के लिए यह मुकाम सिर्फ सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने हासिल किया था। मैच से पहले रोहित के खाते में 11,927 रन थे। उन्होंने इस पारी में 73 रन जोड़कर यह माइलस्टोन पार कर लिया।

भारत ने 43.3 ओवरों में जीता मुकाबला

इसके जवाब में भारत ने 43.3 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। रोहित शर्मा ने कप्तान शुभमन गिल के साथ पहले विकेट के लिए 158 गेंदों में 255 रन की साझेदारी की। रोहित 75 गेंदों में 6 छक्कों और 10 चौकों के साथ 101 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद गिल ने विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 35 गेंदों में 65 रन जुटाकर टीम को 300 के पार पहुंचा दिया। गिल ने ऋतुराज गायकवाड़ के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 68 गेदों में 86 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को आसान जीत दिलाई। गिल 133 गेंदों में 223 रन बनाकर नाबाद रहे। इस दौरान 8 छक्के और 26 चौके लगाए। ऋतुराज गायकवाड़ 37 गेंदों में 2 चौकों के साथ 31 रन बनाकर नाबाद रहे। मेहमान टीम की तरफ से जेडेन सील्स और शमार जोसेफ ने एक-एक सफलताएं हासिल कीं।

बैतार कप्तान दोहरा शतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बने शुभमन

गिल कप्तान के तौर पर वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले सिर्फ तीसरे बल्लेबाज बने।(उनसे पहले क्रिस गेल (215 बनाम जिम्बाब्वे, 2015) और वीरेंद्र सहवाग (219 बनाम वेस्टइंडीज, 2015) ही कप्तानी करते हुए दोहरा शतक लगा चुके थे। गिल एक से अधिक दोहरा शतक लगाने वाले सिर्फ दूसरे खिलाड़ी बने। उनसे पहले रोहित शर्मा ऐसा कारनामा कर चुके हैं। बता दें कि रोहित ने वनडे में सर्वाधिक 3 दोहरे शतक लगाए हैं।

स्कोर बोर्ड

वेस्टइंडीज पारी	रन	गेंद	4	6
कैंपबेल का धीर बो बरार	101	68	9	5
कार्टी का धीर बो प्रसिद्ध	9	10	2	0
होप का नबी बो कुलदीप	104	94	8	3
जागू का गायकवाड़ बो जड़ेजा	114	77	13	3
रदरफोर्ड का जायसवाल बो बरार	0	1	0	0
रोस्टन चेस नाबाद	29	25	4	0
पॉल का कोहली बो कुलदीप	3	8	0	0
जोसेफ का रोहित बो जडेजा	8	10	1	0
शामार जोसेफ नाबाद	14	8	1	1
अतिरिक्त : 23 रन, योग : 50 ओवर में 405/7 रन				
गेंदबाजी : प्रसिद्ध 5-0-45-1, नबी 8.5-0-84-0, बरार 10-0-96-2, धीर 6.1-0-38-0, जडेजा 10-0-75-2, कुलदीप 10-0-65-2				
भारत	रन	गेंद	4	6
रोहित शर्मा पवाबाधा बो सील्स	101	75	10	6
शुभमन गिल नाबाद	233	133	26	8
कोहली का रदरफोर्ड बो शमार	29	19	3	1
रुतुराज गायकवाड़ नाबाद	31	37	2	0
अतिरिक्त : 22, कुल : 43.3 ओवर में 406/2 रन				
गेंदबाजी : जेडन सील्स 8-0-78-1, अल्जारी जोसफ 8-0-89-0, शमार जोसफ 6-0-52-1, कैमो पॉल 3-0-49-0, रोस्टन चेज 8.3-0-63-0, विटेल लीएस 10-0-73-0				

कुलदीप के वनडे में 200 विकेट पूरे कुंबले और वॉर्न से निकले आगे

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

भारत और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में कुलदीप यादव ने वनडे में अपने 200 विकेट पूरे कर लिए। उन्होंने कीमो पॉल को विराट कोहली के हाथों कैच कराकर यह उपलब्धि हासिल की। कुलदीप ने सिर्फ 123 वनडे में 200 वनडे विकेट पूरे कर लिए हैं। वह वनडे में भारत के लिए सबसे कम मैच में 200 विकेट लेने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। वह मोहम्मद शमी से पीछे हैं, जिन्होंने सिर्फ 104 वनडे मैच में ही अपने 200 विकेट पूरे कर लिए थे। कुलदीप ने इस मैच में अपने 200 विकेट पूरे करने के साथ ही अनिल कुंबले और शेन वॉर्न जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है। वह सबसे कम गेंदों में 200 वनडे विकेट लेने के स्पिन गेंदबाजों में शकलैन मुश्ताक और राशिद खान के बाद तीसरे नंबर पर हैं।



कम वनडे में भारत के लिए 200 विकेट

मैच	खिलाड़ी
104	मोहम्मद शमी
123	कुलदीप यादव
133	अजीत अगरकर
144	जहीर खान
147	अनिल कुंबले/ जवागल श्रीनाथ



ऑस्ट्रेलियाई टीम 176 रन पर ढेर इंडिया-ए विमेंस की पकड़ मजबूत

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

इंडिया-ए विमेंस ने ऑस्ट्रेलिया-ए विमेंस के खिलाफ जारी अनाधिकारिक टेस्ट मुकाबले में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में जारी इस मुकाबले के दूसरे दिन की समाप्ति तक भारतीय टीम के पास 322 रन की मजबूत बढ़त है। चार दिवसीय मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी इंडिया-ए विमेंस ने अपनी पहली पारी में 364 रन बनाए। शुभा सतीश और प्रिया पुनिया की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी की। शुभा 59 रन बनाकर पवेलियन लौटीं, जबकि प्रिया ने 46 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में सिर्फ 176 रन पर सिमट गई। कप्तान रेचल ट्रेनामन ने ताहलिया विल्सन के साथ पहले विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। ताहलिया 44 रन, जबकि विल्सन 35 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। इसके बाद टीम नियमित अंतराल पर अपने विकेट गंवाती रही। इस बीच निकोल फाल्टम 24 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की तरफ से वैष्णवी शर्मा ने 52 रन देकर सर्वाधिक 6 शिकार किए, जबकि सुची उपाध्याय और निकी प्रसाद ने 2-2 विकेट चटकाए। भारतीय टीम के पास पहली पारी के आधार पर 188 रन की अहम बढ़त थी। इसके बाद मेजबान टीम ने दूसरे दिन की समाप्ति तक अपनी दूसरी पारी में 134/2 रन बना लिए।

एमसीसी ने आयोजित की अंपायरों के लिए कार्यशाला

नई दिल्ली। मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) की ओर से क्रिकेट के नियमों में किए गए नए बदलावों को एक अक्टूबर से लागू किया जाएगा, जिसके मद्देनजर एमसीसी ने दिल्ली में अंपायरों और क्रिकेट अधिकारियों के लिए विशेष कार्यशाला आयोजित की, जिसमें नए नियमों में किए गए बदलावों की जानकारी देने के साथ उनके सवालों का जवाब भी दिया गया। इस मौके पर हिन्दी में 'लॉज ऑफ क्रिकेट' ऐप भी लॉन्च किया गया। एमसीसी के क्रिकेट प्रमुख फ्रेजर स्टीवर्ट ने कहा कि संस्था का उद्देश्य क्रिकेट के नियमों को दुनिया भर के खिलाड़ियों, अधिकारियों और प्रशंसकों के लिए अधिक सरल, स्पष्ट और सुलभ बनाना है।

शुभमन की बादशाहत बरकरार, चौथे नंबर पर रोहित शर्मा

कोहली को मिला इनाम, वनडे रैंकिंग में पहुंचे दूसरे नंबर पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले में शतकीय पारी खेलने का इनाम विराट कोहली को आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में मिला है।

बल्लेबाजों की रैंकिंग में कोहली ने एक पायदान की छलांग लगाई है और वह अब दूसरे नंबर पर आ गए हैं। कोहली से आगे वनडे रैंकिंग में अब सिर्फ शुभमन गिल हैं, जो पहले एकदिवसीय मुकाबले में शतकीय पारी खेलकर अपनी बादशाहत को बरकरार रखने में सफल रहे हैं। विराट के एक पायदान ऊपर चढ़ने से न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल को नुकसान पहुंचा है। वह बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में अब तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। हालांकि, रोहित शर्मा की पोजीशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है और वह चौथे नंबर पर बने हुए हैं।



मेंडिस ने हासिल की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग

श्रीलंका के बल्लेबाज कुशल मेंडिस वनडे क्रिकेट में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे हैं। उन्होंने तीन पायदान की छलांग लगाते हुए सातवां स्थान हासिल कर लिया है। मेंडिस को इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई 121 रनों की शानदार पारी का इनाम मिला है। हैरी ब्रूक टॉप 10 बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल होने से महज एक पायदान दूर हैं। वह ताजा रैंकिंग में 11वें नंबर पर आ गए हैं। आयरलैंड के बल्लेबाज हैरी टेक्टर 10वें नंबर पर बने हुए हैं।

बावुमा ने लगाई 10 पायदान की छलांग

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में शतकीय पारी खेलने वाले टेंबा बावुमा ने 10 पायदान ऊपर की छलांग लगाई हैं और वह अब बल्लेबाजों की रैंकिंग में 32वें नंबर पर आ गए हैं। मैथ्यू ब्रीट्जके ने 19 पायदान की छलांग लगाई है और वह अब 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं। डेविड मिलर 142 रनों की शानदार पारी खेलने के साथ ही 41वें नंबर पर आ गए हैं।

गोल्फ : दूसरे स्थान पर प्रणवी

नागोया। प्रणवी उर्स चार अंडर 66 स्कोर करके एशियाई खेलों की गोल्फ स्पर्धा में बुधवार को व्यक्तिगत श्रेणी में दूसरे स्थान पर है जबकि भारतीय महिला टीम संयुक्त छठे स्थान पर है। टीम स्पर्धा में दो सर्वश्रेष्ठ स्कोर को शामिल करते हुए भारत ने तीन अंडर का टीम स्कोर बनाया और संयुक्त रूप से छठे स्थान पर रहा। सिंगापुर आठ अंडर के स्कोर के साथ कोरिया, चीन और चीनी ताइपे से चार शॉट आगे था, जो चार अंडर के स्कोर पर बराबरी पर थे। पुरुष वर्ग में सप्तक तलवार चार अंडर 66 के स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। वह शीर्ष पर काबिज जापान के काजुकी हिगा और चीन के वांग वेइ सुआन से एक शॉट पीछे हैं। दूसरी बार एशियाई खेलों में भाग ले रही प्रणवी दूसरे स्थान पर हैं और शीर्ष पर काबिज सिंगापुर की शेनोन टैन से तीन शॉट पीछे है। एशियाई खेल 2023 की रजत पदक विजेता अदिति अशोक और दीक्षा डागर एक ओवर 71 के स्कोर के साथ संयुक्त 18वें स्थान पर हैं। पुरुषों में युवराज संधू और वीर अहलावत संयुक्त 23वें स्थान पर हैं।

देश का 6 लोगों वाला गांव, 300 साल पुराने घर में रहता है पूरा परिवार

नई दिल्ली। भारत में गांवों का बहुत खास महत्व है। गांव सिर्फ खेती-किसानी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये देश की संस्कृति, परंपराओं और लोक जीवन को भी अपने साथ लेकर चलते हैं। देश की बड़ी आबादी आज भी गांवों में रहती है और खेती, पशुपालन, डेयरी, हस्तशिल्प और छोटे कारोबार से लाखों लोगों की रोजी-रोटी जुड़ी है। गांवों से हमें अनाज, फल, सब्जियां और कई दूसरी जरूरी चीजें मिलती हैं। गांवों की अपनी एक अलग पहचान भी होती है। कहीं, लोकगीत और लोक कला पीढ़ियों से चली आ रही हैं, तो कहीं आज भी सदियों पुराने घर और परंपराएं देखने को मिलती हैं। यही वजह है कि भारत की असली विविधता को समझने के लिए गांवों को समझना भी जरूरी है। लेकिन, क्या आपने कभी ऐसे गांव के बारे में सुना है, जहां न बाजार की चहल-पहल है, न घरों की लंबी कतार और न ही लोगों की भीड़? एक ऐसा गांव, जहां सिर्फ एक घर में पूरा गांव बसा हुआ है और वहां केवल 6 लोग रहते हैं।

6 लोगों का पूरा गांव

काकती गांव में करीब 100 साल पुराने मिट्टी के घर में एक ही परिवार की कई पीढ़ियां रहती आ रही हैं। यहां दो भाई अपने परिवार से जुड़े हैं। छोटे भाई कलजंग टाकपा लामा परिवार की परंपरा के अनुसार बौद्ध भिक्षु यानी लामा बन चुके हैं और फिलहाल काजा स्थित एक बौद्ध गोंपा में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं, बड़े भाई छेरिंग नामगयल अपनी पत्नी रिंगजिन यूडन के साथ गांव में ही रहते हैं। छेरिंग के बड़े बेटे सोनम छोपेल भी लामा हैं और इस समय कांगड़ा और मंडी जिले की सीमा के पास स्थित चौंतड़ा बौद्ध मंदिर में शिक्षा ले रहे हैं। उनका दूसरा बेटा नवांग ज्ञालसन विशेष बच्चा है, जबकि तीसरा बेटा नवांग कुंगा टैक्सी चलाने का काम करते हैं।



300 साल पुराना है मिट्टी और पत्थरों का घर

काकती गांव की सबसे बड़ी पहचान उसका करीब 300 साल पुराना पारंपरिक मड हाउस है। मिट्टी और पत्थरों से बना यह घर सिर्फ परिवार के रहने की जगह नहीं है, बल्कि उनके पूर्वजों की विरासत भी है। हिमालयी इलाकों में इस तरह के घरों का निर्माण स्थानीय मौसम को ध्यान में रखकर किया जाता था। घर की मोटी मिट्टी की दीवारें अंदर के तापमान को संतुलित रखने में मदद करती हैं। गर्मियों में ये दीवारें बाहर की गर्मी को घर के अंदर आने से रोकती हैं और अंदर ठंडक बनाए रखने में मदद करती हैं, जबकि सर्दियों में घर की गर्माहट को लंबे समय तक अंदर बनाए रखती हैं।

2025 में पहुंचा 4जी इंटरनेट

काकती गांव तक सुविधाएं धीरे-धीरे पहुंचीं। साल 2008 में गांव सड़क से जुड़ा, जिसके बाद यहां आने-जाने में काफी आसानी हुई। इसके बाद 2011 में घरों में बिजली का कनेक्शन भी पहुंच गया। लंबे समय तक बाकी दुनिया से सीमित संपर्क में रहने वाले इस गांव में नवंबर 2025 में बीएसएनएल ने 4जी मोबाइल नेटवर्क भी शुरू कर दिया। गांव में मोबाइल टावर लगने के बाद जिंदगी काफी आसान हुई है। अब वहां के लोग मोबाइल के जरिए अपने परिवार और रिश्तेदारों से आसानी से संपर्क में रह सकते हैं और देश-दुनिया की खबरों से भी जुड़े रहते हैं।

रोचक खबरें

दुनिया का अनोखा गांव, जहां होते हैं सभी लोग अंधे

मेक्सिको सिटी। दुनिया में कई ऐसी जगहें हैं, जिनसे जुड़ी कहानियां सुनकर पहली नजर में यकीन करना मुश्किल हो जाता है। दक्षिणी मेक्सिको के ओक्साका राज्य में स्थित टिल्टेपेक गांव भी लंबे समय तक ऐसी ही रहस्यमयी जगह माना जाता रहा। यहां लोगों के बीच पीढ़ियों से यह धारणा चली आ रही थी कि एक खास पेड़ को देखने से इंसान की आंखों की रोशनी चली जाती है।



टिल्टेपेक में रहने वाले लोग जापोटेक समुदाय से जुड़े हैं। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, बाविनि या लावजेला नाम के एक पेड़ को बेहद खतरनाक माना जाता था। कहा जाता था कि जो व्यक्ति इस पेड़ को देख लेता है, उसकी आंखों की रोशनी हमेशा के लिए खत्म हो सकती है। अंधेपन के कई मामलों के चलते यह कहानी धीरे-धीरे गांव की पहचान बन गई। रहस्यमयी पेड़ और आंखों की रोशनी जाने की बात पीढ़ी-दर-पीढ़ी सुनाई जाती रही। समय के साथ जब डॉक्टरों और वैज्ञानिकों ने इस समस्या को समझने की कोशिश की, तो तस्वीर बिल्कुल अलग निकली। जांच में सामने आया कि अंधेपन के मामलों का संबंध किसी रहस्यमयी पेड़ या अलौकिक शक्ति से नहीं, बल्कि एक परजीवी संक्रमण से था। इस बीमारी को ओन्कोसेर्सियासिस या आम भाषा में रिवर ब्लाइंडनेस कहा जाता है। यह बीमारी ओन्कोसेर्का वोल्वलस नाम के परजीवी से जुड़ी है, जिसे संक्रमित काली मक्खियां एक व्यक्ति से दूसरे तक पहुंचा सकती हैं। जब संक्रमित काली मक्खी किसी इंसान को काटती है, तो परजीवी शरीर में पहुंच सकता है। समय के साथ संक्रमण आंखों और त्वचा को प्रभावित कर सकता है। गंभीर स्थिति में आंखों को स्थायी नुकसान पहुंचने से व्यक्ति की दृष्टि भी जा सकती है। काली मक्खियां आमतौर पर तेज बहने वाले पानी वाले इलाकों में पनपती हैं।

इस गांव में त्योहार पर इंसानों की तरह सजाए जाते हैं गधे

जयपुर। भारत में त्योहारों से जुड़ी कई ऐसी परंपराएं हैं, जिनके बारे में जानकर लोग हैरान रह जाते हैं। ऐसी ही एक अनोखी परंपरा राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के मांडल कस्बे में देखने को मिलती है। यहां दीपावली के अगले दिन यानी गोवर्धन पूजा के मौके पर गधों को खास तरीके से सजाया जाता है और उनके सम्मान में अनोखा उत्सव मनाया जाता है।



इस दिन गधे आम दिनों से बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आते हैं। उन्हें रंग-बिरंगे कपड़ों, फूलों और सजावटी सामान से सजाया जाता है। कई बार उनका श्रृंगार इस तरह किया जाता है कि वे किसी दुल्हन की तरह सजे हुए दिखाई देते हैं। गोवर्धन पूजा के दिन मांडल में इस परंपरा को लेकर लोगों में खास उत्साह देखने को मिलता है। परिवार अपने गधों को नहलाकर तैयार करते हैं और फिर उनके शरीर पर रंग-बिरंगे कपड़े और सजावटी सामान लगाए जाते हैं। गधों को सजाने के बाद उन्हें देखने के लिए आसपास के लोग भी पहुंचते हैं। बच्चों के लिए तो यह नजारा खास आकर्षण का केंद्र बन जाता है। रंग-बिरंगी सजावट के बीच सजे हुए गधों को देखकर हर किसी का ध्यान उनकी ओर चला जाता है। स्थानीय परंपरा में गधों को मेहनत और रोजमर्रा के काम से जोड़कर देखा जाता रहा है। ग्रामीण जीवन में ये जानवर लंबे समय से सामान ढोने और कई तरह के कामों में लोगों की मदद करते आए हैं।

400 साल पुराना वो मकबरा, जिसमें आज तक नहीं बनी कोई कब्र

हैदराबाद। हैदराबाद के खैरताबाद में करीब 400 साल पुराना एक अनोखा मकबरा आज भी लोगों के लिए रहस्य बना हुआ है। कुतुब शाही दौर में उस्ताद अखुंद मुल्ला अब्दुल मलिक के लिए बनवाए गए इस मकबरे में आज तक कोई कब्र नहीं बनी। बताया जाता है कि हज के सफर के दौरान मक्का में ही उनका इंतकाल हो गया, जिसके बाद उनका शव हैदराबाद नहीं लाया जा सका। निज़ामों और कुतुब शाही दौर की ऐतिहासिक इमारतों से सजे हैदराबाद शहर में कई ऐसे राज़ दफ़न हैं, जो आज भी लोगों को हैरान कर देते हैं। ऐसा ही एक अनोखा और अनसुना इतिहास शहर के व्यस्त इलाके ख़ैरताबाद में छुपा हुआ है। यहां क़रीब 400 साल पुराना एक ऐसा मक़बरा मौजूद है, जिसके अंदर आज तक कोई क़ब्र नहीं बनी, यह पूरी तरह ख़ाली है। कुतुब शाही वास्तुकला की मिसाल पेश करने वाला यह मक़बरा 17वीं सदी का है, इसका निर्माण गोलकुंडा के छठे सुल्तान मुहम्मद कुतुब शाह के दौर में कराया गया था। एतिहासिक दस्तावेज के मुताबिक, सुल्तान की बेटी राजकुमारी ख़ैरुन्निसा बेगम जिन्हें प्यार से मां साहेबा भी कहा जाता था उनके धार्मिक शिक्षक और उस्ताद अखुंद मुल्ला अब्दुल मलिक थे। राजकुमारी अपने उस्ताद का बेहद सम्मान करती थी, उन्हीं के सम्मान में ख़ैरताबाद की मशहूर मस्जिद बनवाई गई थी और उसी परिसर में यह मक़बरा तैयार किया गया था।



क्या दूसरे ग्रह पर भी कोई रहता है? 63 प्रकाश वर्ष दूर से आई रहस्यमयी रेडियो गूंज, वैज्ञानिक भी हैरान!

वॉशिंगटन। क्या किसी दूसरे ग्रह पर भी कोई रहता है? सदियों से यह सवाल लोगों के मन में आता रहता है। लेकिन अब कुछ ऐसा हुआ है, जिसने वैज्ञानिकों को भी हैरान कर दिया है। ब्रह्मांड की गहराइयों से एक ऐसी गूंज सुनाई दी है, जिसने विज्ञान की दुनिया में तहलका मचा दिया है। अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने पहली बार हमारे सौर मंडल से मीलों दूर, किसी दूसरे ग्रह से सीधे रेडियो तरंगें पकड़ी हैं। इस खोज ने न सिर्फ वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है, बल्कि अंतरिक्ष के रहस्यों से पर्दा उठाने का एक नया रास्ता भी खोल दिया है।

रेडियो टेलीस्कोप से पकड़ा गया सिग्नल

वैज्ञानिकों ने साउथ अफ्रीका में मौजूद मीरकैट रेडियो टेलीस्कोप की सहायता से बीटा पिक्टोरिस बी से आने वाले सिग्नल को पकड़ा। इस दौरान उन्हें बार बार आने वाले रेडियो बर्स्ट के साथ लगातार मौजूद रेडियो सिग्नल मिला। ये सिग्नल लगभग 0.85 से 3.5 गीगाहर्ट्ज की फ्रीक्वेंसी पर दर्ज की गईं। रिसर्चर्स के अनुसार, यह सिग्नल किसी सामान्य रेडियो शोर जैसा नहीं था। इसकी खास प्रकृति ने वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद की कि इसका संबंध ग्रह के चुंबकीय क्षेत्र से हो सकता है।



कितना मजबूत है ग्रह का मैग्नेटिक एरिया?

रेडियो सिग्नल की फ्रीक्वेंसी इस ग्रह के चुंबकीय क्षेत्र की ताकत का अंदाजा लगाने में काफी अहम है। वैज्ञानिकों के अनुसार, सबसे ज्यादा फ्रीक्वेंसी वाले सिग्नल के आधार पर बीटा पिक्टोरिस बी का चुंबकीय क्षेत्र कम से कम 1.25 किलो गॉस यानी लगभग 1,250 गॉस हो सकता है। किसी ग्रह का चुंबकीय क्षेत्र उसके अंदर चल रही प्रक्रियाओं से जुड़ा होता है। यह उसके वातावरण को तारे से आने वाले रेडिएशन और आवेशित कणों से मिलने वाली ऊर्जा के साथ किस तरह प्रतिक्रिया करनी है, इसमें भी भूमिका निभाता है।

क्यों खास है यह खोज?

वैज्ञानिक पहले भी हमारे सौर मंडल के ग्रहों और कुछ बहुत ही ठंडे तारों से जुड़ा रेडियो सिग्नल देख चुके हैं। लेकिन, एक्सोप्लैनेट के मामले में सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि यह पक्का कैसे किया जाए कि रेडियो सिग्नल ग्रह से ही आ रहा है, उसके तारे से नहीं। इस नए रिसर्च में वैज्ञानिकों ने रेडियो एमिएशन को बीटा पिक्टोरिस बी से सीधे जोडने में सफलता पाई है। यही कारण है कि इस खोज को खास माना जा रहा है। अब वैज्ञानिक दूसरे सौर मंडलों में मौजूद ग्रहों के चुंबकीय क्षेत्र का पता लगाने के लिए भी रेडियो औरोरा का इस्तेमाल कर सकते हैं।

ग्रह पर बन रही है औरोरा जैसी घटना

वैज्ञानिक इसे इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन मेसर इंस्टेबिलिटी यानी ईसीएमआई नाम की एक प्रक्रिया बता रहे हैं। जब अंतरिक्ष के एनर्जेटिक इलेक्ट्रॉन्स किसी ग्रह के मैग्नेटिक फील्ड से टकराते हैं, तो ऐसी शक्तिशाली रेडियो तरंगे पैदा होती हैं। खास बात यह है कि इन सिग्नल्स की फ्रिक्वेंसी के आधार पर वैज्ञानिकों ने यह भी पता लगा लिया है कि इस दूर के ग्रह का मैग्नेटिक फील्ड कम से कम 1,250 गॉस का है। हमारे सौर मंडल में भी ऐसी प्रक्रिया देखने को मिलती है। धरती समेत कई ग्रहों पर चुंबकीय क्षेत्र और आवेशित कणों के कारण से औरोरा जैसी रोशनी दिखाई देती है। इसी वजह से वैज्ञानिक **Beta Pictoris b** से मिले रेडियो सिग्नल को भी एक तरह की औरोरा प्रक्रिया से जोड रहे हैं।



25 साल से सिंचाई के लिए पानी का इंतजार कर रहे

एक साथ पूरा गांव बेचने निकले किसान कहा- जो खरीदना चाहे, आगे आए

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के सोलापुर में एक गांव के किसानों ने पूरा का पूरा गांव बिकाऊ घोषित कर दिया है। किसानों ने बाकायदा पोस्टर भी लगाया है, जिसमें उन लोगों ने लिखा, 'गांव बिकाऊ है'। गांव के किसान लंबे समय से फसलों की सिंचाई के लिए पानी का इंतजार कर रहे हैं। जब उनके इंतजार का सब्र टूट गया तो उन लोगों ने विरोध स्वरूप गांव को बिकाऊ ही घोषित कर दिया है। किसानों के विरोध की गूंज जब प्रशासन तक पहुंची तो राज्य के मंत्री को आगे आना पड़ा।



किसानों ने पूरा गांव बिकाऊ घोषित कर दिया है। साथ ही ग्रामीणों ने गांव बिकाऊ का पोस्टर भी लगाया है

सिंचाई के लिए पानी के संकट से जूझ रहे किसान

गांव बिकाऊ वाला पोस्टर सोलापुर जिले के तुलसी गांव में लगा है। इस गांव के किसान सिंचाई के लिए पानी की समस्या से काफी समय से परेशान हैं। कई बार प्रशासन के सामने किसानों ने मांग भी रखी, पर अब तक उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा। पानी अब तक नहीं मिल सका है। बड़ी बात है कि तुलसी गांव सीना-माढ़ा लिफ्ट सिंचाई योजना से सिर्फ 9 किलोमीटर दूर है। यह परियोजना 2000 में शुरू हुई थी, लेकिन इसे इसका तुलसी गांव को कोई फ़ायदा नहीं मिलता। सिंचाई के लिए पानी के संकट से जूझ रहे किसानों का कहना है कि दूसरे गांव ज़्यादा पानी वाली नकदी फ़सलें उगाते हैं, जबकि तुलसी अनिश्चित बारिश का इंतजार करता है।

मानसून जाने के बाद बंजर हो सकती है जमीन

जिले के रिकॉर्ड के मुताबिक, माढ़ा के कई गांवों में पिछले 45 दिनों से बारिश नहीं हुई है। तुलसी के जलाशयों में बहुत कम या बिल्कुल पानी नहीं है। कुएं और परकोलेशन झीलें सूख गई हैं। तुलसी गांव के सरपंच का कहना है कि जुलाई से ही टैंकर मिल रहे हैं। मॉनसून के जाने के बाद लगभग 2,700 हेक्टेयर खेती की ज़मीन बंजर हो सकती है। पानी के संकट से जूझ रहे किसानों का सब्र का बांध टूट गया तो उन लोगों ने गणेश चतुर्थी पर अनिश्चितकालीन उपवास किया। उन्होंने तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें आत्मदाह की चेतावनी दी गई और चुनाव का बहिष्कार करने की धमकी दी गई। बाद में जब महाराष्ट्र के जल संसाधन मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने उनसे बात की तो वे विरोध प्रदर्शन से पीछे हटे। सोलापुर जिले के कलेक्टर एस. कार्तिकेयन ने कहा कि सिंचाई विभाग ने तुलसी का हाइड्रोलॉजिकल सर्वे किया है। इसके नतीजों के आधार पर, हम नहर नेटवर्क के लिए राज्य सरकार को एक प्रस्ताव भेजेंगे।

यहां इंसानों से ज्यादा हिरणों की होती है खातिरदारी

जोधपुर। थार के रेगिस्तान में बसे बाड़मेर के कातरला गांव की पहचान सिर्फ रेत और गर्मी से नहीं, बल्कि हिरणों के साथ इंसानों के अनोखे रिश्ते से भी है। साल 2020 में गांव के युवाओं ने अमृता देवी वन्यजीव संस्थान की शुरुआत की। यहां शिकार, आवारा कुत्तों के हमले, बीमारी या सड़क हादसों में घायल वन्यजीवों को लाकर उपचार दिया जाता है। 125 से ज्यादा हिरण यहां इंसानों के इतने करीब हैं कि उनके हाथ से चना-बाजरा तक खा लेते हैं। यहां हिरणों के अलावा खरगोश, नीलगाय, मोर, कबूतर और कछुओं का भी उपचार किया जाता है। यह जगह वन्यजीव संरक्षण की अनोखी मिसाल बन रही है।



थार की तपती रेत, दूर तक फैला मरुस्थल और उसके बीच दौड़ते हिरण यह दृश्य राजस्थान के रेगिस्तान की पहचान है। लेकिन, बाड़मेर के कातरला गांव में हिरणों से रिश्ता सिर्फ उन्हें दूर से देखने तक सीमित नहीं है। यहां हिरणों को वन्यजीव से बढ़कर परिवार का हिस्सा माना जाता है।

रेस्क्यू सेंटर में 125 से ज्यादा हिरण

अमृता देवी वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर के सेवादार रामजीवन बताते हैं कि इस यहां हिरण के पास बैठकर उनकी आंखों में आंखे डालकर आप मुस्कुरा सकते हैं। दुलार को तैयार 125 से अधिक हिरण भी इंसान को देखकर डरते नहीं हैं, बल्कि उनके पास आते हैं। यदि आप हिरण को चना-बाजरा देंगे तो आपके हाथ से खाएंगे और फिर उछलकर कमर तक आकर खड़े भी हो जाएंगे। दरअसल, साल 2020 में कातरला के युवाओं ने मिलकर अमृता देवी वन्यजीव संस्थान शुरू की थी।

युगांडा के एक किंगडम में उत्तराधिकारी को लेकर कलह

पत्रकार बनने जा रहा इस देश में राजा 21 साल से कर रहा टीवी पर एंकरिंग

कम्पाला। एक देश में एक पत्रकार राजा बनने जा रहा है। कल तक जो शख्स न्यूज चैनल पर बैठकर एंकरिंग करता था, अब वह देश की शाही गद्दी पर बैठेगा। हम बात कर रहे हैं अफ्रीकी देश युगांडा की। टूरो नाम के युगांडा के एक किंगडम में उत्तराधिकार के कलह के बाद यह पत्रकार, प्रिंस एडवर्ड रुकिडी किजानांगोमा न्याबोंगो राजा बन गए हैं। एक खास बात है कि जिस राजा की गद्दी वह संभालने जा रहे हैं वह कभी दुनिया के सबसे युवा शासक थे। उन्होंने 3 साल की उम्र में ही गद्दी संभाली थी और अब 34 साल में उनकी मौत के बाद इस किंगडम को नया राजा मिला है। आपको बता दें कि युगांडा एक गणतंत्र है, जहां राष्ट्रपति का चुनाव होता है। लेकिन, यहां कई पारंपरिक राजशाही को भी मान्यता दी गई है, जिनके शासक सांस्कृतिक नेताओं की भूमिका निभाते हैं। प्रिंस एडवर्ड रुकिडी किजानांगोमा न्याबोंगो द्वितीय को टूरो की राजगद्दी मिली है और उन्होंने यहां एक जुलूस का नेतृत्व किया है।



नागौर के इस गांव में करते हैं महिला की पूजा 300 साल पुरानी खेजड़ी बनी आस्था का केंद्र

जयपुर। राजस्थान के नागौर जिले का मांझवास गांव अपनी अनूठी आस्था और नशामुक्ति के लिए प्रसिद्ध है। यहां किसी देवी-देवता की नहीं, बल्कि फूलां बाई नामक महिला की लोकदेवता के रूप में पूजा होती है। गांव में 300 साल पुरानी खेजड़ी का पेड़ श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है। इस गांव की सबसे बड़ी खासियत यह है कि आजादी के बाद से यहां आज तक शराब का कोई ठेका नहीं खुला। गांव वाले हर साल पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्ति का संकल्प लेते हैं। मंदिर का 91 फीट ऊंचा गुम्बद और इसका अद्भुत स्थापत्य भी लोगों को आकर्षित करता है। मांझवास का फूलां बाई मंदिर अपनी धार्मिक आस्था के साथ अनोखी स्थापत्य कला के लिए भी आकर्षण का केंद्र है। मंदिर का मुख्य गुम्बद जमीन से करीब 91 फीट ऊंचा बताया जाता है।

हरिभूमि माह सितम्बर 2026 का मासिक बिल

दिन	दर	राशि
30 दिन	5.00	150.00
	कुल	150.00

हरिभूमि के सुधि पाठक सितम्बर 2026 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।
व्यवस्थापक

मोटापे का ईलाज
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

ओम हॉस्पिटल
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
• हर्निया • चर्बी की गांठ
• पाइल्स • फिस्टुला
• पेट से संबंधित समस्त सर्जरी
• लेजर द्वारा बवासीर का ईलाज
• दूरबीन से होने वाली समस्त सर्जरी
महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.) 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.) 9302734809
सरायपाली (छ.ग.) 8370008558
जगदलपुर (छ.ग.) 8435908123
#Rajesh

अंतिम 48 घंटे
SAVE UN-LIMITED
UP TO 50 % LESS
सूटिंग्स, शर्टिंग्स, साड़ियाँ, मैचिंग्स, ड्रेस मटेरियल्स, सलवार सूट्स, बेड शीट्स, टॉवेल, नेपकीन
SUNDAY OPEN
महेन्द्र कम्पनी मोदी सन्स
मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 4049406/7/8

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH ACCREDITED
पेट एवं लीवर रोग विभाग
• दर्दरहित इण्डोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, इण्डोस्कोपिक-सोनोग्राफी एवं ई.आर.सी.पी. का एडवांस सेंटर
• गैस, कब्जियत, पेट दर्द, उल्टी, ज्वाइंडिस (पीलिया), एनीमिया
• लीवर एवं एल्कोहल जनित रोगों हेतु ICU सुविधा (प्लास्मा फेरेसिस सुविधा के साथ)
• पैनक्रियाटायटिस एवं इन्फ्लामेट्री बोवेल डिसीज का उच्च स्तरीय उपचार
• पैनक्रियास, लीवर, पेट, आंत एवं गॉल ब्लेडर आदि के कैंसर की एडवांस सुविधा
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. भाविक शाह
Dr. NB (Gastro), MRCP-SCE, UK (Gastro), MNAMS
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com